

16:10:2025

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

## हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 16 अंक » 281 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2082

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम 26.00 °c

मिनिमम 16.00 °c

सूर्यास्त (आज) » 17 .22 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .46 बजे

### चाणक्य नीति

दाने तपसि शौर्ये वा विज्ञाने विनये नये।

विस्मयो न हि कर्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा॥

भावार्थ : दान, तपस्या, वीरता, विज्ञान, विनम्रता और नीतिवान होने में मनुष्य को सबसे बड़ा होने का अभिमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि पृथ्वी अनेक अमूल्य रत्नों से भरी हुई है।

**राष्ट्रीय खबर संक्षिप्त हलचल**

## बंधकों से मैच नहीं हुई डेड बॉडी, फिर भड़केगी जंग?



**नई दिल्ली:** मिडिल ईस्ट में लंबे समय से चल रही जंग आखिरकार अमेरिका के हस्तक्षेप की वजह से थम गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पीस प्लान के चलते इजरायल और हमास के बीच दो सालों से जारी जंग खत्म हुई है। लेकिन इस बीच हमास ने एक ऐसा खेल कर दिया, जिससे इजरायल अब फिर भड़क सकता है। दरअसल, हमास ने इजरायली बंधकों के जो शव वापस किए हैं, उनमें से एक शव किसी से मैच नहीं कर रहा है। यानी कि हमास ने इजरायली बंधकों के नाम पर किसी और का शव लौटा दिया।इजरायली मिलिट्री ने बुधवार को कहा, "फिलिस्तीनी कैदियों के बदले हमास द्वारा सौंपी गई बॉडी में से एक पहले के होस्टेज की नहीं थी। मंगलवार को लौटाई गई चार बॉडी पर रातभर फोरेंसिक टेस्ट के बाद, आर्मी ने कहा कि मेडिकल अधिकारियों ने यह नतीजा निकाला कि एक बॉडी किसी भी होस्टेज से मैच नहीं करती है।" इसके बाद इजरायली मिलिट्री ने चेतावनी दी कि हमास को मरे हुए होस्टेज को वापस करने के लिए सभी जरूरी कोशिशें करनी होंगी। हमास ने नहीं पूरी की शर्तें तो फिर भड़केगा युद्ध ?

### पाकिस्तान ने फिर अफगानिस्तान में की एयर स्ट्राइक, बॉर्डर पर बढ़ी जंग, अब तक 21 की मौत



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव अब खुले संघर्ष में बदल गया है। बुधवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के स्पिन बोल्डक शहर में हवाई हमले किए। हमले चमन बॉर्डर क्रॉसिंग (Chaman Border Crossin) के पास हुए, जहां तीन अफगान-तालिबान चौकियां निशाना बनीं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, लोगों ने ड्रोन और लड़ाकू विमानों से बम गिरते हुए देखा। अफगान सीमा पुलिस ने बताया कि विस्फोटों के बाद इलाके में काला धुआं छा गया और कई घरों की खिड़कियां टूट गईं। बुधवार को स्पिन बोल्डक में हुए हमले के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें इलाके से उठता घना धुआं दिखाई दे रहा है। इससे दोनों देशों के बॉर्डर पर संघर्ष बढ़ गया। दोनों पक्षों के कुल हताहतों की संख्या 21 है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक छह पाकिस्तानी पैरामिलिट्री सैनिक मारे गए वहीं 15 अफगान सिविलियन मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यह ताजा हमला ऐसे वक्त हुआ है जब दोनों देशों की सीमा पर 11 अक्टूबर से लगातार झड़पें हो रही हैं। अफगान बलों ने उस दिन कई पाकिस्तानी पोस्ट पर हमला किया था। न्यूज एजेंसी एपी ने दावा किया था कि अनुसार, अफगान अधिकारियों ने दावा किया कि उन्होंने 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, जबकि पाकिस्तान ने कहा कि उसने 23 सैनिक खोए और 200 से ज्यादा तालिबानी सैनिक और आतंकी मार गिराए।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**चुनौती** › भाजपा के स्वयंभू चाणक्य की सारी नीति हो रही है फेल

# नीतीश ने चिराग को दिया झटका, एनडीए में दरार

- अमित शाह के फैसले को नकार दिया
- नीतीश कुमार अब फैसले खुद लेने लगे
- दूसरे सहयोगी भी टिकट बंटवारे नाराज

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है। सीट बंटवारे को लेकर हुई खींचतान ने यह दर्शा दिया है कि गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। खासकर, जनता दल यूनाइटेड के मुखिया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के कोटे की पांच विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारकर गठबंधन के संतुलन को गंभीर चुनौती दी है।

गठबंधन में तय हुए फामूर्ले के अनुसार, भाजपा और जेडीयू को 101-101 सीटें मिली हैं, जबकि चिराग पासवान की पार्टी को 29 सीटें आवंटित की गई थीं, जो छोटे सहयोगी दलों जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम को मिली 6-6 सीटों से काफी अधिक हैं। भाजपा द्वारा चिराग पासवान को अधिक सीटें दिए जाने को उनके दलितों के बीच वोट खींचने की क्षमता और 2024 के लोकसभा चुनावों में 100 फीसद स्ट्राइक रेट पर बड़ा दांव माना जा रहा था।

हालांकि, चिराग को मिली इस तरजीह ने नीतीश कुमार को असहज कर दिया। रिपोर्ट्र्स के अनुसार, चिराग पासवान की पार्टी ने जिन सीटों पर दावा किया था, उनमें से कई को जेडीयू अपने मजबूत गढ़ मानती है। नीतीश कुमार ने जवाबी हमला बोलते हुए चिराग के हिस्से की पाँच सीटों-मोरवा, गायघाट, राजगीर, सोनबरसा और एकमा-पर अपने उम्मीदवारों को सिंबल दे दिए। राजगीर और सोनबरसा के मौजूदा विधायकों (कौशल किशोर और रत्नेश सदा) को जेडीयू ने फिर से टिकट दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि नीतीश कुमार अपने परंपरागत क्षेत्रों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

इस घटनाक्रम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की गठबंधन प्रबंधन रणनीति पर भी सवाल खड़े किए हैं, जिन्हें आम तौर पर भाजपा के सबसे बड़े चुनाव रणनीतिकार के तौर पर देखा जाता है। विश्लेषकों का मानना है कि शाह ने चिराग को बड़ी संख्या में सीटें देकर गठबंधन के भीतर एक संतुलन साधने की कोशिश की थी, ताकि नीतीश कुमार पर दबाव बना रहे। मगर, नीतीश के इस जवाबी कदम ने यह दिखा दिया है कि बिहार में उन्हें दरकिनार करना आसान नहीं है। भाजपा की तरफ से सब ठीक है का दावा करने के बावजूद, जेडीयू की इस कार्रवाई से गठबंधन के भीतर खुल्लम खुल्ला लड़ाई शुरू हो गई है।

सिर्फ जेडीयू ही नहीं, सीट बंटवारे से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी असंतुष्ट हैं। उन्हें केवल छह सीटें मिलने से निराशा हुई है। खबर है कि

» पेज 11 भी देखें

चीन की निकटता से अब म्यांमार के भी सुर बदल गये

## भारतीय नौसेना को कोको द्वीप पर जाने से रोका



- यह भारतीय निगरानी का इलाका है
- चीन को नजरदारी का फायदा मिलेगा
- म्यांमार खुद इसे स्वीकार नहीं कर रहा

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** भारत के पड़ोसी देश, जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल, आर्थिक और रणनीतिक कारणों से तेजी से चीन के प्रभाव में आ रहे हैं, जिससे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत की चिंताएँ बढ़ गई हैं। हालाँकि, भारत के पास अभी भी चीन पर मलक्का जलडमरूमध्य के रूप में एक भौगोलिक बढ़त है, जो बीजिंग की बढ़ती नौसेना के लिए एक रणनीतिक बाधा है। भारत दक्षिण एशिया में बंदरगाहों और सैन्य ठिकानों के जरिए पैर जमाने की चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति से विशेष रूप से चिंतित है। इन चिंताओं के बीच, सबसे बड़ा भू-रणनीतिक मुद्दा म्यांमार के कोको द्वीप समूह में चीन द्वारा कथित तौर पर एक निगरानी चौकी स्थापित करना है। यह द्वीप भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से महज 100 किलोमीटर दूर स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय नौसेना और वायु सेना के कई अग्रिम अड्डे हैं, जो भारत की रक्षा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय रणनीतिक योजनाकारों की मुख्य चिंता यह है कि चीन इस सुविधा का उपयोग भारतीय नौसेना की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों की रेंज

» पेज 11 भी देखें

ट्रंप की निरस्त्रीकरण चेतावनी का कोई असर होता नहीं दिखा

## हमास ने आठ लोगों को मौत की सजा दी



- बिना किसी सबूत के ही सार्वजनिक हत्या की
- युद्धविराम के बाद सड़कों पर लौटे आतंकवादी
- आईडीएफ थी तो गायब थे हमास के लड़ाके

**राष्ट्रीय खबर**

**गाजा:** फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पट्टी पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की हमास की पुरजोर कोशिशों के बीच, हमास ने कथित तौर पर आठ लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की बर्बर सजा दी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समूह को निरस्त्रीकरण करने की कसम खाई है। हमास के इस बर्बर प्रतिशोध का एक ग्राफिक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें आठ बुरी तरह पीटे गए और आँखों पर पट्टी बाँधे लोगों को सड़क पर घुटनों के बल बिठाकर हमास से जुड़े बंदूकधारियों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया है। शवों के पास खड़ी भीड़ ने अल्लाहु अकबर के नारे लगाए।

हमास ने बिना किसी सबूत के इन आठ लोगों को इजराइल के सहयोगी और अपराधी करार दिया। यह घटना अमेरिकी मध्यस्थता से इजराइल के साथ हुए युद्धविराम समझौते के बाद हुई, जब हमास ने गाजा पट्टी पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए अन्य सशस्त्र फिलिस्तीनी कबीलों के साथ संघर्ष किया। आईडीएफ की वापसी के बाद, हमास ने गाजा में अपना नियंत्रण फिर से स्थापित करने की कोशिश की है, खासकर उन कुलों और परिवार-आधारित सशस्त्र समूहों को निशाना

» पेज 11 भी देखें

पार्टी के व्यापक हित में फैसले लेने की बात कही

## खुद कहीं से चुनाव नहीं लड़ेंगे प्रशांत किशोर

- तेजस्वी के खिलाफ लड़ने की चर्चा तेज थी
- अब तक 117 प्रत्याशियों का एलान किया गया
- अन्य दलों ने इसे चुनाव से पहले हार स्वीकार कहा

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना:** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव (6 और 11 नवंबर) नहीं लड़ने का फैसला किया है। इससे उन अटकलों पर विराम लग गया है कि वह राघोपुर सीट से राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। जन सुराज पार्टी ने मंगलवार को राघोपुर सीट से चंचल सिंह को और करगहर से भोजपुरी अभिनेता रितेश पांडे को उम्मीदवार बनाया, जबकि पहले किशोर के इन दोनों में से किसी एक सीट से लड़ने की उम्मीद थी।

प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि यह फैसला पार्टी के व्यापक हित में लिया गया है। उन्होंने कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। मैं चुनावी रणनीति और पार्टी के जनाधार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करूँगा। उनका मानना है कि चुनाव लड़ने से उनका ध्यान संगठन के जरूरी कामों से हट जाता। जन सुराज पार्टी ने अब तक आगामी चुनाव के लिए 117 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

अपनी पार्टी की चुनावी संभावनाओं के बारे में बोलते हुए किशोर ने बेहद आत्मविश्वास से कहा कि खरढ या तो जबरदस्त जीत हासिल करेगी या करारी हार। उन्होंने भविष्यवाणी की कि पार्टी को या तो 10 से कम या 150 से ज्यादा सीटें मिलेंगी, इन दोनों के बीच कोई मध्य संभावना नहीं है। एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने यह भी कहा था कि 150 से कम सीटें जीतना उनकी पार्टी के लिए हार माना जाएगा।

किशोर के इस फैसले पर विपक्षी दलों ने तीखी

» पेज 11 भी देखें

अवैध निर्माण घोटाला में फंसे हैं आईएएस अनिल पवार

## ईडी ने उनकी पत्नी की संपत्ति की भी जांच की



- परिवार के दूसरे लोगों के नाम शामिल
- तीन सौ करोड़ का अवैध निर्माण का कारोबार
- पैसे के लेनदेन में एक सीए का भी नाम आया

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई के वसई-विरार क्षेत्र में अवैध इमारतों के निर्माण से जुड़े एक बड़े घोटाले के संबंध में 71 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इस जब्ती में 44 करोड़ की संपत्ति सीधे तौर पर आईएएस अधिकारी अनिल पवार से जुड़ी है। ईडी ने यह कार्रवाई उन आरोपियों और बिल्डरों के खिलाफ की है जिन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा गिराए जाने के आदेश के बावजूद 41 अवैध इमारतों का निर्माण किया था। यह घोटाला 300 करोड़ से अधिक का माना जा रहा है। ईडी ने इस मामले में अनिल पवार और नगर नियोजन के पूर्व उप निदेशक वाई.एस. रेड्डी को गिरफ्तार किया है, और दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। चार्जशीट में कहा गया है कि रेड्डी और पवार के बीच हुए व्हाट्सएप चैट्स से यह साबित होता है कि रेड्डी ने पवार के परिवार के लिए महँगी साड़ियाँ, सोने के गहने और अन्य कीमती सामान खरीदे थे, जिसकी पुष्टि पवार ने भी जाँच के दौरान की है।

ईडी ने खुलासा किया है कि अनिल पवार और उनके परिवार ने अवैध रूप से कमाए गए धन को वैध बनाने के लिए एक विस्तृत नेटवर्क का इस्तेमाल किया। पवार की पत्नी भारती अनिल पवार जानबूझकर विभिन्न कंपनियों और फर्मों में भागीदार, निदेशक और


» पेज 11 भी देखें

**अध्ययन** › बिल्कुल असली के जैसा ही काम करता है यह कृत्रिम उत्पाद

# वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में बनाये कृत्रिम न्यूरॉन्स

- जैविक बिजली से संचालित होता है
- असली और नकली में पहले अंतर था
- बिजली के अंतर को अब दूर किया गया है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट के इंजीनियरों ने एक कृत्रिम न्यूरॉन विकसित किया है जिसकी विद्युत गतिविधि प्राकृतिक मस्तिष्क कोशिकाओं के समान है। यह नवाचार टीम के पिछले शोध पर आधारित है, जिसमें बिजली पैदा करने वाले बैक्टीरिया से बने प्रोटीन नैनोवायरों का उपयोग किया गया था। यह नया दृष्टिकोण उन कंप्यूटरों के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है जो जीवित प्रणालियों की दक्षता के साथ चलते हैं और यहां तक कि जैविक ऊतकों से सीधे जुड़ भी सकते हैं।

यूमैस एमहर्स्ट में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के स्नातक छात्र और

» पेज 11 भी देखें

**फू और याओ के नए न्यूरॉन के अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला है**

फू और याओ के नए न्यूरॉन के अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला है, जिसमें जैव-प्रेरित और कहीं अधिक कुशल सिद्धांतों के आधार पर कंप्यूटरों को फिर से डिजाइन करना, से लेकर ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं जो सीधे हमारे शरीर से बात कर सकते हैं। याओ कहते हैं, हमारे पास वर्तमान में सभी प्रकार के पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक सेंसिंग सिस्टम हैं, लेकिन वे तुलनात्मक रूप से भारी और अक्षम हैं। हर बार जब वे हमारे शरीर से कोई संकेत महसूस करते हैं, तो उन्हें विद्युत रूप से उसे बढ़ाना पड़ता है ताकि एक कंप्यूटर उसका विश्लेषण कर सके। प्रवर्धन का यह मध्यवर्ती चरण बिजली की खपत और सर्किट की जटिलता दोनों को बढ़ाता है, लेकिन हमारे कम-वोल्टेज न्यूरॉन्स से बने सेंसर बिना किसी प्रवर्धन के काम कर सकते हैं। टीम के नए कम-शक्ति वाले न्यूरॉन में गुप्त घटक एक प्रोटीन नैनोवायर है जिसे उल्लेखनीय बैक्टीरिया जियोबैक्टर सल्फ्यूरड्यूसेंस से संश्लेषित किया गया है, जिसमें बिजली पैदा करने की भी अलौकिक शक्ति है। याओ ने विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर इस बैक्टीरिया के प्रोटीन नैनोवायरों का उपयोग करके अत्यधिक कुशल उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला डिजाइन की है: एक बायोफिल्म, जो पसीने से संचालित होती है और व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति प्रदान कर सकती है; एक इलेक्ट्रॉनिक नाक जो बीमारी को सूंघ सकती है; और एक उपकरण, जिसे लगभग किसी भी चीज से बनाया जा सकता है, जो पतली हवा से भी बिजली पैदा कर सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग का अफसर प्रमाणपत्र के लिए घूस मांग रहा था

## सीबीआई ने अफसर को पकड़ा और 2.62 करोड़ जब्त किया

- दस लाख की रिश्वत मांगने का आरोप था
- एक निजी व्यक्ति भी गिरफ्तार किया गया
- तलाशी में बेहिसाब संपत्ति का खुलासा

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी बड़ी कार्रवाई के तहत, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के गुवाहाटी स्थित कार्यकारी निदेशक और क्षेत्रीय अधिकारी मैसनम रितेन कुमार सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अधिकारी पर कथित तौर पर 10 लाख की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने का आरोप है। इस मामले में एक निजी व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है।

सीबीआई

» पेज 11 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजधानी
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

# टिकट बंटवारे के बाद भाजपा में बढ़ी भितरघात की आशंका

## चुनाव : रोचक दौर में जा पहुंचा भागलपुर विधानसभा का रण, बागियों से भरेगा मैदान

- भाजपा ने रोहित पांडे को बनाया प्रत्याशी, अर्जित शाश्वत चौबे लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव
- कई और बागी भी मैदान में उतर सकते हैं

**दीपक नौरंगी**



**भागलपुर :** पूरे बिहार का विधानसभा चुनाव अपने चरम पर है, लेकिन भागलपुर विधानसभा सीट पर राजनीतिक घटनाक्रम ने इसे सबसे अधिक चर्चित और रोमांचक बना दिया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मौजूदा उम्मीदवार रोहित पांडे के नाम की घोषणा करते ही, स्थानीय पार्टी इकाई में बड़े पैमाने पर बगावत और भितरघात की संभावनाएँ तेज हो गई हैं। भागलपुर शहरी विधानसभा सीट हमेशा से अपने जटिल राजनीतिक समीकरणों, कांटे के मुकाबलों और दिलचस्प प्रतिस्पर्धा के कारण राज्य की सुर्खियों में रही है। हालिया विवाद की मुख्य वजह है भाजपा के कद्दावर और कई बार के विधायक तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के पुत्र अर्जित शाश्वत चौबे को पार्टी टिकट न मिलना। टिकट कटने के बाद अर्जित ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है, जिसने स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य में बड़ी हलचल पैदा कर दी है। पिछले विधानसभा चुनाव (2020) में यह सीट बेहद करीबी मुकाबले का गवाह बनी थी। कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा ने भाजपा के रोहित पांडे को महज नौ सौ वोटों के मामूली अंतर से पराजित किया था। हार-जीत का यह छोटा अंतर इस सीट के मतदाताओं की संवेदनशीलता और संतुलित वोटिंग पैटर्न को स्पष्ट करता है, और अब यह समीकरण नए राजनीतिक रणनीतियों को प्रभावित करने वाला है। स्थानीय सूत्रों और पार्टी के अंदरूनी गलियारों के अनुसार, भाजपा ने इस बार फिर से रोहित पांडे को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि अश्विनी चौबे के पुत्र अर्जित शाश्वत चौबे को दरकिनार कर दिया गया। इस निर्णय को पार्टी की नई चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, लेकिन चौबे गुट इसे उनकी निष्ठा और परिवार के योगदान के विरुद्ध लिया गया फैसला मान रहा है। अर्जित शाश्वत चौबे ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर ली है और वे 17 अक्टूबर, 2025 को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले हैं। उनके इस निर्णय से भाजपा के अंदर असंतोष और गुटबाजी की आशंकाएँ बढ़ गई हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अर्जित के निर्दलीय खड़े होने से भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में सीधे सेंध लगेगी। इसके अलावा, भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता प्रीति शेखर और प्रशांत विक्रम सहित कई अन्य बागी तेवर वाले नेता भी निर्दलीय के रूप में मैदान में उतर सकते हैं। यदि पारंपरिक भाजपा वोट विभाजित होते हैं, तो इसका सीधा लाभ कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा या किसी तीसरे मोर्चे को मिल सकता है। 2020 में हार-जीत का अंतर पहले ही बहुत कम था, ऐसे में वोटों का यह विभाजन कांग्रेस को मजबूत वापसी का मौका दे सकता है। स्थानीय राजनीति में जातीय समीकरण, व्यक्तिगत संबंध, और क्षेत्रीय हितों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। अश्विनी चौबे जैसे वरिष्ठ नेता की व्यक्तिगत अपील अपने समर्थकों को एकजुट रख सकती है। यदि अर्जित शाश्वत चौबे एक मजबूत प्रचार अभियान के साथ चुनाव लड़ते हैं, तो भाजपा के लिए इस सीट को बचाना कठिन हो सकता है। हालांकि, यदि पार्टी अपने संगठन और कार्यकताओं को एकजुट रखने में सफल रहती है, तो विभाजित वोटों के बावजूद जीत की संभावना बनी रह सकती है।

## नामांकन करते ही हमलावर हुए तेजस्वी यादव

### कहा - जेडीयू नीतीश के नियंत्रण से बाहर है, मात्र तीन नेता चला रहे पार्टी

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को महागठबंधन के पूर्व में घटक दल रहे जनता दल यूनाइटेड पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी अब अपने अध्यक्ष नीतीश कुमार के नियंत्रण में नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जेडीयू का संचालन वे नेता कर रहे हैं जिन्हें बीजेपी ने खरीद लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ललन सिंह, संजय झा और विजय चौधरी जेडीयू को चला रहे हैं। इन नेताओं ने नीतीश कुमार को बर्बाद कर दिया है। तेजस्वी यादव ने यह बयान राघोपुर सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद दिया। इससे पहले, जेडीयू ने बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपने 57 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। यह जानकारी पार्टी की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई थी। विज्ञप्ति के अनुसार, 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों के पहले चरण के लिए उम्मीदवारों की सूची को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मंजूरी दी है। इस लिस्ट में जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को मनेर से, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को नालंदा से और सुनील कुमार को भोर (एससी) से उम्मीदवार बनाया गया है। इनके अलावा कई अन्य उम्मीदवारों के नाम भी सूची में शामिल हैं। तेजस्वी यादव आरजेडी को लगातार निशाना बना रहे हैं। माना जाता है कि तेजस्वी यादव के इस बयान का मकसद जेडीयू के भीतर असंतोष पैदा करना और नीतीश कुमार की छवि को कमजोर करना है।

## राजनीति : जेडीयू की पहली लिस्ट में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं!

- जेडीयू ने जारी की 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** जनता दल यूनाईटेड ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जारी की गई अपनी पहली लिस्ट में किसी भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। इस फैसले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, खास तौर पर विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अभी और सूची जारी होनी हैं। बाद में मुस्लिम उम्मीदवार भी मैदान में उतारे जा सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार में मुस्लिम समुदाय के प्रति आए बदलाव की चर्चा जोरों पर है। जेडीयू की बुधवार को जारी हुई 57 उम्मीदवारों की पहली सूची में किसी भी मुस्लिम चेहरे का न होना चर्चा का विषय बन गया है। पिछले सन 2020 के विधानसभा चुनावों में जेडीयू के 115 में से 11 मुस्लिम उम्मीदवार थे। हालांकि उनमें से कोई भी जीत हासिल नहीं कर सका था। इसी तरह, 2024 के लोकसभा चुनावों में भी किशनगंज से मुस्लिम उम्मीदवार मुजाहिद आलम को कांग्रेस के सामने हार का सामना करना पड़ा था। पहले समाजवादी पार्टी से चुनाव जीत चुके और बाद में जेडीयू में शामिल हुए जमा खान को नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री भी बनाया गया था। इस बार उन्हें भी पहली लिस्ट में जगह नहीं मिली है। राजनीतिक विश्लेषक इस ₹बहिष्कार₹ को हाल के दिनों में एनडीए नेताओं द्वारा दिए गए कुछ बयानों से जोड़कर देख रहे हैं। सन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुजफ्फरपुर में एक रैली में कहा था कि अल्पसंख्यक समुदाय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वोट नहीं दिया, फिर भी वे उनके लिए काम करते रहे। इन्हीं दिनों में सीतामढ़ी के सांसद देवश चंद्र ठाकुर ने कहा था कि वे (नीतीश) अब यादवों और मुसलमानों के लिए काम नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने उनका समर्थन नहीं किया। इन बयानों ने नीतीश कुमार और मुस्लिम मतदाताओं के बीच कथित तौर पर बिगड़े समीकरणों को लेकर अटकलों को हवा दी थी। वक्फ बोर्ड की एक बैठक में नीतीश की गैरमौजूदगी से भी उनमें आए बदलाव का अहसास हुआ था।

## नगर निगम विवाद पर चुनाव आयोग भी सक्रिय, मेयर पर लगाये आरोप की जांच का निर्देश दिया

- नगर निगम विवाद पर चुनाव आयोग भी सक्रिय, मेयर पर लगाये आरोप की जांच का निर्देश दिया

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** बिहार निर्वाचन आयोग ने बेतिया नगर निगम विवाद को संज्ञान में लिया है। चुनाव आयोग ने जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण को पत्र प्रेषित कर उप मेयर गायत्री देवी के मेयर गरिमादेवी सिकारिया पर लगाये आरोप की जांच का निर्देश दिया है। आयोग ने अपने पत्र में कहा है कि मामला के सभी वर्णित सभी तथ्यों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन शीघ्र प्रेषित करें।

चुनाव आयोग ने जिला पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि रिपोर्ट वस्तुनिष्ठ तथ्यों पर आधारित हो।

गौरतलब है कि उप मेयर गायत्री देवी ने विगत दिनों मेयर पर नगर निगम के कार्यों में अनियमितता और स्वेच्छाचारिता (मनमानी) का आरोप लगाया। उप मेयर ने निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत की। मामला संज्ञान में आने के बाद आयोग ने आरोप को गंभीरतापूर्वक लिया और जांच की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण को सौंपी है।

स्थानीय स्तर पर उपर्युक्त प्रकरण को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में गतिविधियां तेज हो गई है। कई पार्षदों ने मामला की निष्पक्ष जांच की मांग किया है।

## पटना एयरपोर्ट पर हंगामा: कांग्रेस कार्यकताओं ने पप्पू यादव समर्थक को पीटा

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** पटना एयरपोर्ट उस समय राजनीतिक तनाव का केंद्र बन गया जब सांसद पप्पू यादव के समर्थक और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जोरदार झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार, पप्पू यादव के समर्थक मनीष नामक युवक को कांग्रेस कार्यकताओं ने पीट दिया। मनीष, दिल्ली से लौटे बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, राज्य प्रभारी कृष्ण अल्लावरु और कांग्रेस नेता शकील अहमद को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे थे। वहीं पहले से मौजूद कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता बिक्रम विधानसभा क्षेत्र से आए हुए थे और उन्होंने पार्टी नेताओं पर टिकट बेचने के गंभीर आरोप लगाए। एयरपोर्ट परिसर में ‟शकील अहमद चोर है" जैसे नारे गूंजने लगे। हंगामे के दौरान कुछ कार्यकताओं ने मनीष पर हमला कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर शकील अहमद को भी भीड़ ने घेर लिया, लेकिन वे किसी तरह अपनी गाड़ी तक पहुंचे और वहां से निकल गए।

## भाजपा की दूसरी सूची जारी: मैथिली ठाकुर और आनंद मिश्रा को मिला टिकट

- लोकगायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से, पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को बक्सर से मौका

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार शाम अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें 12 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए। लोकगायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। उन्होंने हाल ही में 14 अक्टूबर को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। अलीनगर सीट से पिछली बार वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) के उम्मीदवार मिश्री लाल यादव विजयी हुए थे। वहीं, बक्सर सीट से भाजपा ने पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है। आनंद मिश्रा ने 19 अगस्त को भाजपा जॉइन की थी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने का फैसला किया था। इस बार पार्टी ने उन्हें विधानसभा चुनाव में मौका देकर बड़ा दांव खेला है।

**राजनीतिक संकेत**

एक ओर कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर नाराजगी और आंतरिक कलह खुलकर सामने आ रही है, वहीं भाजपा नए चेहरों और चर्चित हस्तियों को उतारकर सियासी संतुलन साधने की कोशिश में है।

## मधेपुरा में जदयू ने बदला समीकरण, पहली बार गैर-यादव प्रत्याशी कविता साहा पर दांव

- रोम पोप का और मधेपुरा गोप का नारे के बीच जदयू ने अतिपिछड़ा वर्ग पर लगाया भरोसा, यादव वर्चस्व तोड़ने की कोशिश
- वहीं महागठबंधन में अब भी सीट बंटवारे और प्रत्याशी चयन को लेकर उहापोह बनी हुई है

**राष्ट्रीय खबर**

**मधेपुरा :** राजनीतिक रूप से समृद्ध मधेपुरा विधानसभा सीट पर इस बार चुनावी समीकरण बदला हुआ नजर आ रहा है। अब तक इस सीट से जीतने वाले सभी नौ विधायक यादव समुदाय से रहे हैं – भूपेंद्र नारायण मंडल से लेकर प्रो. चंद्रशेखर तक। लेकिन इस बार जदयू ने परंपरा तोड़ते हुए अतिपिछड़ा वर्ग से आने वाली मधेपुरा नगर परिषद की अध्यक्ष कविता साहा को प्रत्याशी बनाकर नया राजनीतिक प्रयोग किया है। यह पहला मौका है जब किसी प्रमुख दल ने गैर-यादव प्रत्याशी पर भरोसा जताया है। जदयू का यह फैसला राजद के माय समीकरण को चुनौती देने वाला माना जा रहा है। नीतीश कुमार ने सामाजिक संतुलन साधते हुए पचपनिया (अतिपिछड़ा) समाज को साधने की रणनीति अपनाई है। अब देखना यह है कि यह नया प्रयोग सफल होता है या फिर ‟रोम पोप का और मधेपुरा गोप काʺ वाला पुराना नारा एक बार फिर बुलंद होता है। **चारों सीटों पर जदयू के प्रत्याशी तय, महागठबंधन में असमंजस:** जिले की चारों सीटों – मधेपुरा, बिहारीगंज, आलमनगर और सिंहेश्वर (सुरक्षित) – पर जदयू ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। मधेपुरा से कविता साहा, बिहारीगंज से निरंजन मेहता, आलमनगर से नरेंद्र नारायण यादव और सिंहेश्वर से डॉ. रमेश ऋषिदेव मैदान में हैं। वहीं महागठबंधन में अब भी सीट बंटवारे और प्रत्याशी चयन को लेकर उहापोह बनी हुई है। फिलहाल सिर्फ सिंहेश्वर से राजद विधायक चंद्रहास चौपाल को पुनः टिकट मिला है, जबकि बाकी तीन सीटों पर निर्णय लंबित है।

**मधेपुरा का जातीय गणित:**

मधेपुरा सीट पर जातीय समीकरण अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां करीब 27% यादव, 12% मुस्लिम, 11% वैश्य, 12% मुसहर, 8% अन्य महादलित, 6% राजपूत, 6% कुर्मी, 5% मल्लाह, 5% ब्राह्मण, 5% अन्य पिछड़ा और लगभग 1% भूमिहार-कायस्थ मतदाता हैं। इन आंकड़ों के आधार पर यह सीट हमेशा यादव-मुस्लिम (माय) गठजोड़ का गढ़ रही है। जदयू का यह नया सामाजिक प्रयोग इस परंपरागत समीकरण को कितना बदल पाता है, यह परिणाम बताएगा।



3 PAGE NO 16 OCT 2025_rdak-2.qxd 10/15/2025 8:15 PM Page 1



web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

# नहीं बचेगा महागठबंधन! भयंकर मतभेद के बाद क्या जुदा हो जाएंगी राजद -कांग्रेस की राहें ?

## कांग्रेस ने राजद को पटना से लेकर दिल्ली तक दौड़ाया, लेकिन नतीजा सिफर

**राष्ट्रीय खबर/कार्यालय**



**पटना** : फर्स्ट फेज चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। लेकिन अभी महागठबंधन के घटक दलों की विधिवत सूची जारी नहीं हुई है। बिना सीट बंटवारा ही राजद ने 71 उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी बिना सीट शेयरिंग के ही 60 उम्मीदवारों की लिस्ट फाइनल कर दी है। भाकपा माले ने 18 उम्मीदवारों के सिंबल दिये हैं। सीपीआई ने 6 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। मुकेश सहनी को 18 सीटें मिली हैं। लेकिन वे खुश नहीं बताये जा रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा को कितनी सीटें मिलेंगी, यह अभी साफ नहीं हुआ है। महागठबंधन के सभी दल अपने-अपने मन से फैसला ले रहे हैं। बस कहने के लिए ही महागठबंधन है, वर्ना कोई मेल ही नहीं। कुल मिलाकर महागठबंधन मायाजाल में फंस गया। मुकेश सहनी की पार्टी को 18 सीट देने की बात सामने आ रही है। लेफ्ट अगर पहले की तरह 27 सीटों पर लड़ेगा तो सीटों की कुल संख्या 45 हुई। कांग्रेस 65 सीटों पर लड़ने की बात कह रही है। तो बाकी बची 133 सीटें। इन 133 सीटों में से उसे झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी हिस्सा देना है। जेएमएम को हिस्सा इस लिए देना इसलिए जरूरी है क्यों कि राजद, हेमंत सोरेन की सरकार में साझीदार है। राजद कोटे से झारखंड में मंत्री भी हैं। झारखंड सरकार में रहना है तो बिहार में भी हेमंत सोरेन को हिस्सेदारी देनी पड़ेगी। अगर तीन-चार सीटें भी देनी पड़ी तो क्या राजद 128 या 129 पर लड़ेगा ? अगर सहनी 18 पर नहीं माने तो यह संख्या और भी कम हो सकती है।

दरअसल, सीट बंटवारे के लिए कांग्रेस ने इस बार राजद को खूब घुमाया और थकाया। पटना से लेकर दिल्ली तक दौड़ाया। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जो गतिरोध पटना में था वहीं दिल्ली में कायम रहा। कांग्रेस 8 सीटों की कुबार्नी लिए राजी है। वह कम से कम 65 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन राजद इसके लिए तैयार नहीं है। वह कांग्रेस को 55 से 58 सीटों तक देने के लिए राजी हैं। कांग्रेस को यह मंजूर नहीं।

> कांग्रेस पहली बार राजद को डिक्टेट कर रही है कि वह कितने सीटों पर लड़े। कांग्रेस की राय है कि राजद 138 सीटों पर लड़े। कांग्रेस ने खुद के लिए 65 सीट रखी हैं। दोनों की 203 सीटें हुई। अब बची 40 सीटों में वह मुकेश सहनी, वाम दल और झारखंड मुक्ति मोर्चा को समायोजित करना चाहती है। जब मुकेश सहनी को 18 सीट दिये जाने की बात सामने आ रही है तब तो यह पूरा अंकगणित ही गलत हो जाएगा। मतलब महागठबंधन में घटक दलों के बीच सीटों की संख्या को लेकर भयंकर मतभेद है। नाराज तेजस्वी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से यहां तक कह दिया कि गठबंधन इस तरह नहीं चलता है। तो क्या दोनों की राहें जुदा हो जाएंगी?

## बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े पीएनबी के सीएसपी से 2.8 लाख लूटे

**औरंगाबाद** : जिले में हथियारबंद अपराधियों ने बुधवार को दिनदहाड़े पंजाब नेशनल बैंक(पीएनबी) के ग्राहक सेवा केंद्र(सीएसपी सेंटर) से 2.8 लाख लूट लिए। साथ ही लूटेरे सीएसपी का लैपटॉप भी लेकर फरार हो गए। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के पचार बाजार की है। पीड़ित सीएसपी संचालक राजू कुमार रंजन ढोसिला खुर्द गांव निवासी अंबिका प्रसाद का पुत्र है। पीड़ित ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने सीएसपी सेंटर पर आए। इसके कुछ ही देर बाद रफीगंज की ओर से दो बाइक पर सवार चार अपराधी आए और पिस्टल सटा दिया। इसके बाद मेरे बैग में रखे दो लाख 80 हजार एवं एक लैपटॉप लूट कर कासमा की ओर भाग निकले। वहीं लूट की घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज के सर्किल इंस्पेक्टर, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई एसपी गुप्ता, एएसआई रामा अवधेश सिंह, बबनजीत कुमार, सिपाही सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। घटनास्थल से पुलिस ने एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अपराधियों का पता लगाने में जुटी है। इसके लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## वाहन जांच के दौरान स्कार्पियो सवार महिला के पास से 12.5 लाख रुपए बरामद



### जांच में जुटी पुलिस, महिला से की जा रही सघन पूछताछ

**राष्ट्रीय खबर**

**गोपालगंज** : जिले के थावे थाना क्षेत्र के डायट केंद्र के पास विस चुनाव को लेकर वाहन जांच किया जा रहा था। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो से साढ़े बारह लाख रुपए कैश बरामद किया गया। पुलिस ने कैश जब्त करते हुए एक महिला को डिटेन किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को गोपालगंज मीरगंज एनएच 531 पर थावे डायट के पास प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट,पुलिस पदाधिकारी और सीआरपीएफ जवानों के द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था। तभी गोपालगंज से आ रही एक स्कार्पियो को रोक कर स्कॉर्पियो और उसमें बैठी महिला की विधिवत तलाशी ली गई। जिसके बाद महिला के पास मौजुद पर्स की तलाशी लेने पर 12 लाख 49 हजार पांच सौ रुपए बरामद किया गया। थानाध्यक्ष वरूण कुमार झा ने बताया की स्कार्पियो से बरामद 12 लाख 49 हजार पांच सौ रूपए की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

### हाथी-घोड़े, ढोल-नगाड़ों तथा वाहनों की कतार के साथ थीं हजारों की भीड़

### प्रचंड बहुमत से भोरे विधानसभा की सीट पर एनडीए की होगी ऐतिहासिक जीत - सुनील कुमार

**राष्ट्रीय खबर**




**गोपालगंज** : बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री और जनता दल यूनाइटेड जेडीयू के नेता सुनील कुमार ने भोरे विधानसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन भरने के लिए मंत्री सुनील कुमार हाथी, घोड़े, और ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे थे। मंत्री के समर्थन में 1000 से अधिक वाहनों पर सवार कार्यकर्ता और 10,000 से ऊपर की संख्या में आम लोग शामिल थे। कार्यकताओं और समर्थकों का यह सैलाब इतना विशाल था, कि हथुआ विधानसभा के राजघाट से लेकर हथुआ अनुमंडल तक का पूरा मार्ग थम गया, जिससे कार्यकर्ता के अलावा राहगीर भी काफी देर तक फंसे रहे। वही नामांकन दाखिल करने के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे दोबारा इस सीट से जनता की सेवा करने का मौका दिया। वहीं उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं उन सभी कार्यकताओं को भी धन्यवाद देता हूं जो आज यहां इस कार्यक्रम में आए हुए हैं। यह उल्लास और जनता का अपार समर्थन यह बताता है कि एनडीए प्रचंड बहुमत से भोरे विधानसभा की सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।

## गोपालगंज में पुलिस की बर्बरता के विरुद्ध आक्रोशित लोगों ने बंद किया बाजार

### मामले की जांच कर अविलंब कार्रवाई की जाएगी : एसडीपीओ

**राष्ट्रीय खबर**



**गोपालगंज** : जिला के माधोपुर में कथित पुलिसिया बर्बरता के विरोध में स्थानीय व्यवसायियों ने बाजार बंद रखा, जिससे असुविधा तथा तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एक व्यवसाई के साथ अनावश्यक सख्ती और मारपीट की है, जिसके खिलाफ उन्होंने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। तथा, माधोपुर थाना के थानाध्यक्ष के खिलाफ सड़क पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद कर किया। इस दौरान व्यवसायियों ने थानाध्यक्ष पर कई आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, सूचना पर पहुंचे सदर 2 एसडीपीओ राजेश कुमार ने तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

**दुकानदार को किया बंद**

आक्रोशित लोगों ने बताया कि मोबाइल दुकानदार मिंटू कुमार को थानाध्यक्ष द्वारा परेशान किया जा रहा था। उसे बिना वजह हाजत में बंद कर दिया गया। इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों को दी गई, तब उसे हाजत से छोड़ा गया। स्थानीय लोगों ने घटना की कड़ी निंदा की। वहीं बाजार बंद होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को दैनिक जरूरतों की चीजें खरीदने में परेशानी हुई।

## पवन-ज्योति विवाद में खेसारी ने खोजा भारत-पाकिस्तान एंगल!



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना** : चुनावी हलचल के बीच राजनीतिक चेहरों के साथ फिल्मी सितारों की राय और बयानबाजी भी सुर्खियों में है। खासकर भोजपुरी सिनेमा से जुड़े सितारे इन दिनों चर्चा के केंद्र में हैं। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने बिहार की राजनीति को लेकर अहम बयान दिए। उन्होंने न केवल विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की सराहना की, बल्कि प्रशांत किशोर की सोच को भी सराहा। वहीं, पवन सिंह के निजी विवाद पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी और समाधान की सलाह दी। उन्होंने साफ कहा कि अब वक्त आ गया है जब बिहार को एक बार बदलकर देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'जब तक बदलाव नहीं आएगा, तब तक राज्य का विकास भी संभव नहीं है। इस बार जनता की सोच में बदलाव आया है और जो नेता लोगों के विश्वास में खरा उतरेगा, वही चुनाव जीत सकता है।' उन्होंने तेजस्वी यादव के कामकाज की तारीफ करते हुए कहा कि तेजस्वी ने युवाओं के लिए नई संभावनाएं और मौके खोले हैं, जो पहले नहीं दिखते थे। खेसारी का मानना है कि एक मौका हर किसी को मिलना चाहिए और अगर किसी ने अच्छा काम किया है तो उसे फिर से आगे बढ़ने का मौका भी मिलना चाहिए।

## खगड़िया से जयंती पटेल ने भरा नामांकन

**खगड़िया** : जनसुराज पार्टी की उम्मीदवार जयंती पटेल ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र (संख्या 149) से अपना नामांकन पत्र भरा। उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया सादगी और अनुशासन के साथ पूरी की। इस मौके पर उनके साथ परिवार के सदस्य, पार्टी के कार्यकर्ता और क्षेत्र के कुछ सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। उन्होंने, कहा कि उनके लिए राजनीति दिखावे का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और ज़िम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वह सादगी और पारदर्शिता में विश्वास रखती हैं और जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## गायघाट से कोमल और मीनापुर से अजय होंगे मैदान में

**मुजफ्फरपुर** : बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जेडीयू ने मुजफ्फरपुर की उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। गायघाट से लोजपा आर की नेता और पूर्व प्रत्याशी कोमल सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि मीनापुर से जेडीयू के नेता अजय कुशवाहा को टिकट मिला है। कोमल सिंह लोजपा आर सांसद वीणा देवी की पुत्री हैं और बीते दो साल से क्षेत्र में सक्रिय हैं। अजय कुशवाहा को मीनापुर से पार्टी ने फिर से मौका दिया है। इन दोनों सीटों पर एनडीए की दावेदारी और मजबूत हो गई है।

## इसराइल मंसूरी ने भरा नामांकन

**मुजफ्फरपुर** : कांटी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री और राजद प्रत्याशी इसराइल मंसूरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि यह नामांकन बिहार में बदलाव का संदेश है। उन्होंने जीत के प्रति खुद को आश्वस्त बताया और कहा कि बिहार में महागठबंधन की ही जीत होगी।

## भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, 12 उम्मीदवारों का हुआ ऐलान



### अलीनगर से मैथिली ठाकुर मैदान में

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना** : भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव 2025 के लिए 12 नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। अलीनगर से मैथिली ठाकुर चुनाव मैदान में होंगी। वहीं हायाघाट राम चंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर रंजन कुमार

गोपालगंज सुभाष सिंह, बनियापुर केदार नाथ सिंह, छपरा छोटी कुमारी, सोनपुर विनय कुमार सिंह, रोसड़ा (अजा) बीरेंद्र कुमारबाढ़ डॉ० सियाराम सिंह, अगिआंव (अजा) महेश पासवान शाहपुर राकेश ओझा, बक्सर आनंद मिश्रा आईपीएस चुनावी मैदान में होंगे।

## लोजपा-आर ने जारी की 14 प्रत्याशियों की सूची



### हुलास पांडे, राजू तिवारी और को मिला टिकट

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना** : लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास की केंद्रीय चुनाव समिति ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कुल 14 उम्मीदवारों के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। जिनमें गोविन्दगंज राजू तिवारी,

सिमरी बख्तियारपुर संजय कुमार सिंह, दरौली (अनु.जाति) विष्णु देव पासवान, गरखा (अनु.जाति) सीमांत मृणाल, साहेबपुर कमाल सुरेन्द्र कुमार, बखरी (अनु. जाति) संजय कुमार, परबत्ता बाबुलाल शौर्य, नाथनगर मिथुन कुमार, पालीगंज सुनील कुमार, ब्रह्मपुर हुलास पांडे, डेहरी राजीव रंजन सिंह, बलरामपुर संगीता देवी, मखदुमपुर रानी कुमारी, ओबरा प्रकाश चन्द्र के नाम शामिल हैं।

## डिजिटल माध्यम की लत घातक, आत्म अनुशासन से मिलेगी मुक्ति

**राष्ट्रीय खबर**




**गया जी** : दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के राजर्षि जनक केंद्रीय पुस्तकालय में राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) द्वारा प्रायोजित ग्रामीण छात्रों के विकास में सार्वजनिक पुस्तकालय की भूमिकाः चुनौतियाँ और अवसर विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हो गया। दूसरे दिन कार्यशाला मे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विष्णु श्रीवास्तव ने सार्वजनिक पुस्तकालयों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सुदृढ़ बनानाः एक विधायी परिप्रेक्ष्य विषय पर कहा, सार्वजनिक पुस्तकालयों में परिवर्तन के सशक्त माध्यम बनने की क्षमता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए, जिनकी अक्सर महत्वपूर्ण शिक्षण सामग्री तक पहुँच नहीं होती। मजबूत कानून ग्रामीण सार्वजनिक पुस्तकालयों को एक स्थिर वित्त पोषण मॉडल प्रदान करके, एक स्पष्ट प्रशासनिक ढाँचा स्थापित करके और आधुनिक सेवाओं को अनिवार्य बनाकर गतिशील सामुदायिक केंद्रों में बदलने में मदद कर सकते हैं। कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह द्वारा अपनी स्थापित विशेषज्ञता के आधार पर एक विशेष प्रस्तुतियों 21वीं सदी में सूचना कौशलः व्यावहारिक दृष्टिकोण पर केंद्रित होगी। सीयूएसबी के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मयंक युवराज ने ग्रामीण छात्रों के लिए डिजिटल डिटॉक्स पर सारगर्भित तरीके से समझाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से डिजिटल तकनीकी क्षेत्र में तेजी से विकास व अविष्कार हुए हैं जिसकी जरिए हम दुनिया तक अपनी पहुंच बना सकते हैं। लोगों में डिजिटल माध्यम इस तरह हावी हुआ है कि यह आदत हमारे मन मस्तिष्क व्यवहार में शामिल हो चुका है। जिसे 'डिजिटल एडिक्शन', 'मोबाइल एडिक्शन', 'इंटरनेट एडिक्शन', 'स्क्रीन एडिक्शन' और 'वीडियो गेम एडिक्शन' आदि के नाम से जानते हैं।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज से जुड़ी महिलाओं ने मनाई 'खुशियों की दीपावली'

### ज्ञान के आलोकित करने का पर्व है दीपावलीः डॉ निभा

**राष्ट्रीय खबर**



**गया जी** : शहर के एक निजी होटल में इनव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के बैनर तले भव्य दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब से जुड़ी महिलाएं एक साथ एकत्रित होकर खुशियों की दीपावली मनाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्तिशिखा काव्या, डॉ. तेजस्वी नंदन और डॉ. सादिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्षा डॉ. निभा जयन के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी सदस्यों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए दीपावली के पावन पर्व पर एकता और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। ज्ञान के प्रकाश से ही व्यक्ति के अंदर अंधकार दूर होता है। कर्कश ध्वनि वाले पटाखे ना फोड़े जिससे कि लोगों को परेशानी ना हो।

बच्चों के नृत्य और खेलों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। क्लब के सदस्यों ने भी नृत्य और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में और भी उत्साह जुड़ गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दीया क्राफ्ट प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में दिशानी काव्या ने प्रथम स्थान, विवान ने द्वितीय स्थान, तथा तिया और मिली ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में क्लब की उपाध्यक्ष मधु प्रिया ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।पूरे आयोजन ने क्लब सदस्यों के बीच सौहार्द, रचनात्मकता और त्योहारी उल्लास का सुंदर संदेश दिया।

## तीन दिवसीय फोटो एक्सपो में मॉडल्स ने रैंप पर किया मेगा फोटोबुक्स का प्रदर्शन




**पटना** : पूजा प्रिंटेक एवं बिहार फोटो वीडियो एक्सपो द्वारा ज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय फोटो एक्सपो में प्रोफेशनल मॉडल्स ने रैंप पर मेगा फोटोबुक्स का प्रदर्शन किया। पूजा फोटो बुक द्वारा निर्मित मेगा फोटोबुक्स की विभिन्न एलबम्स और कैलेंडर्स को मॉडल्स ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूजा प्रिंटेक के निदेशक लोक प्रकाश सिंह ने कहा कि बिहार में पहली बार एच डी इंडिगो डिजिटल 15 के एच डी, 9 कलर डिजिटल प्रेस द्वारा निर्मित मेगा फोटोबुक्स का प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि पूजा फोटो बुक इस एक्सपो में अपने नवीनतम और अंतराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक प्रिंटिंग मशीनों का प्रदर्शन कर रही है जो बिहार में एक क्रांतिकारी पहल है। वहीं अपने संबोधन में प्रसिद्द फोटोग्राफर एवं शिक्षाविद दीपक वाघेला ने कहा कि पटना, बिहार में ऐसी अत्याधुनिक मशीन के आने से यहाँ के लोगों को निश्चित तौर पर फायदा मिलेगा। उन्हें अब इसके लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अब कम समय और कम कीमत में लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। एच डी प्रिंटिंग मशीन लगने से बिहार के फोटोग्राफर्स को क्वालिटी प्रिंट मिलेगी। एच पी इंडिया के कुलराज सिंह ने कहा कि एच डी इंडिगो डिजिटल 15 के एच डी, 9 कलर डिजिटल प्रेस बिहार में क्रांति लाएगा। बिहार फोटो वीडियो एक्सपो के संयोजक राकेश तिवारी ने कहा कि इस मशीन कि प्रिंटिंग क्वालिटी बेहतरीन है और इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस मशीन के लगने से बिहार में रोजगार का भी सृजन होगा। अनु प्रिया ने पूजा फोटो बुक को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूजा प्रिंटेक बिहार में एक नई मिसाल कायम करेगी।

## महावीरी झंडोत्सव के तीसरे दिन भूतही रैन पर महिलाओं के लिए लगा विशेष मेला

राष्ट्रीय खबर



**सीतामढ़ी :** क्या आपको मालूम है सोनबरसा प्रखंड के भुतही में महावीरी झंडोत्सव कितने दिनों का होता है।आइये,देखिये और जानिए,चलते हैं मेला घूमने । सोनबरसा प्रखण्ड के भुतही स्थित रैन पर महावीरी झंडोत्सव की समाप्ति के बाद तीसरे दिन बुधवार को झंडा पूजा समिति ने ग्रामीणों की मद्त से महिलाओं के लिए खास मेले का आयोजन किया है। मेले में भारी संख्या में महिलाएं खरीदारी करने में ब्यस्त दिखी,जबकि बच्चे व पुरुष भी खरीदारी करने में ब्यस्त दिखे।झंडा मेला में महिलाओं व लड़कियों द्वारा फुलकाहा व भुतही के खिलाड़ियों द्वारा मंडप में स्थापित की गई बजरंगबली की प्रतिमा व महावीरी झंडा पर प्रसाद चढ़ा कर मन्नत व आशीर्वाद मांगा जा रहा है । मेले में श्रद्धालु बड़े छोटे झूला का आनंद उठाते हैं,साथ ही अन्य रंग बिरंगे बैलून,सजी हुई श्रृंगार की दुकानों पर जम कर खरीदारी की जाती है। खासकर बच्चे इस मेले का लुफ्त लेने में सबसे आगे हैं। मेला में सैकड़ों श्रृंगार प्रशाधन व जेनरल स्टोर की दुकाने,कॉस्टमेटिक जेवर की दुकान व खिलौने ,वैलुन की दुकान सजाई गई है,जहां जम कर खरीदारी हो रही है। मेला में बड़ी तादात में मिस्ठान भोजन व विभिन्न तरफ के नमकीन नास्ते की होटलों में भारी भीड़ के कारण लोगो को अपने स्वादिस्ट भोजन प्राप्त करने के लिए काफी इंतजार करते हुए भी देखा गया महिला श्रद्धालु को । काजल,सुमित्रा देवी,संजना,रागिनी,स्मृति,संगीता सहित कई महिलाएं,युवतियां अपने अपने परिजनों के साथ साथ मेले में पहुंचे थे । जिन्होंने बताया कि महिलाओ के लिए लगाए मेले में आने पर खुद को गौरवान्वित होने जैसा मह्सुश होता है। और ऐसे मेले में परिवार के साथ खुसी बांटने में मजा आ रहा है। बिदित हो कि पौराणिक समय से ही दो दिवसीय महावीर झंडा समापन के बाद तीसरे दिन एक दिवसीय मेला लगा कर महिलाओ के सम्मान में झंडा पूजा समिति व ग्रामीण खुद विधि व्यवस्था की कमान सम्भालते है । झंडा समिति के लोग मेले में बिधि व्यवस्था स्थापित करने में ब्यस्त दिखे।

# रोहतास डीएम ने दीपावली और छठ पर्व को लेकर की शांति समिति की बैठक, दिए निर्देश

▶▶ घाटों की सफाई, बिजली-पानी, सुरक्षा, यातायात और आपदा प्रबंधन पर अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

राष्ट्रीय खबर




**सासाराम (रोहतास) :** आगामी दीपावली, लक्ष्मी पूजा और छठ महापर्व 2025 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पदाधिकारी रोहतास की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, थानाध्यक्ष, विभिन्न पूजा समिति सदस्य और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीएम ने पिछले त्योहारों के दौरान जिले में बनी शांति और आपसी सौहार्द की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्वों पर प्रशासन की प्राथमिकता जनसुरक्षा, स्वच्छता और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

**डीएम ने दिए निर्देश:**
डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी छठ घाटों की सूची तैयार की जाए और भीड़ के अनुमान के अनुसार सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल और वस्त्र बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील घाटों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और गोताखोरों की तैनाती की जाएगी।

**पटाखों और बिजली पर विशेष सतर्कता:**
डीएम ने दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री व भंडारण पर विशेष निगरानी रखने, अवैध दुकानों पर कार्रवाई करने और लटके हुए बिजली तारों की मरम्मती के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को घाटों और मार्गों पर पर्याप्त व सुरक्षित रोशनी सुनिश्चित करने को कहा।

**छठ घाटों पर आपदा प्रबंधन और चिकित्सा दलः**
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को प्रत्येक प्रमुख घाट पर चिकित्सा दल और एम्बुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रबंधन विभाग को सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का प्रचार-प्रसार करने और सभी घाटों पर आवश्यक उपकरण जैसे लाइफ जैकेट, नाव और प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

**सामाजिक समरसता और आचार संहिता पर बल:**
डीएम ने सभी शांति समिति सदस्यों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखें, श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करें और किसी भी राजनीतिक प्रचार सामग्री को पूजा स्थलों या घाटों पर लगाने से बचें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आचार संहिता का हर स्तर पर पालन सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी स्थानीय पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्योहारों के दौरान नियंत्रण कक्ष स्थापित करें और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आवश्यक घोषणाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्व के दिनों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वन-वे व्यवस्था लागू हो और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल तैयार रहें। डीएम ने अधिकारियों से यह भी कहा कि पर्वों के दौरान साफ-सफाई और बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक जख्मी

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के मुख्य दिनारा-नटवार पथ में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि उसपे बैठा एक अन्य व्यक्ति बुरी बुरी तरह घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा हैं कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कोल्हा टोला के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति जख्मी हो गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मृतक सरोज सिंह उम्र 35 वर्ष,पिता केदार सिंह जो ग्राम मठिया (पड़रिया) थाना दिनारा क्षेत्र के थे। साथी ही उस पर बैठा एक अन्य व्यक्ति ओम प्रकाश सिंह,पिता स्व. रामनाथ सिंह,ग्राम मठिया निवासी को जख्मी अवस्था में जिला सासाराम सदर अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया गया है। इस संदर्भ बताया जा रहा कि दोनों व्यक्ति दिनारा अपने घर के लिए जा रहें थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार ट्रैक्टर द्वारा बड़ी घटना घट गई।

## राष्ट्रीय पोषण माह पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**काराकाट (रोहतास) :** बुधवार को खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम रोहतास में आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई तथा संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माय भारत रोहतास के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सह ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के संस्थापक शिवम कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पोषण की कमी केवल स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के विकास पर भी असर डालती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने भोजन में सब्जी,फल,अनाज और दालों को संतुलित मात्रा में शामिल करें। कार्यक्रम के अंत में युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोड़ारी एवं ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से बच्चों और महिलाओं के बीच पोषणयुक्त सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर क्लब के सदस्य आकाश कुमार,अभिषेक कुमार, राहुल कुमार,आंगनबाड़ी केंद्र गोड़ारी की सेविका प्रभावती देवी व सहायिका निर्मला देवी तथा ग्रामीण महिलाएं शिवकुमारी देवी,सुमित्रा देवी,दुर्गा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ने बाइक चालक को मारी टक्कर, मौत

बिक्रमगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज-नटवार मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के कोल्हा टोला समीप तेज रफ्तार से जा रही ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । सूत्रों के अनुसार एक ही बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा सवार व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। मृतक सरोज सिंह उम्र 35 वर्ष पिता केदार सिंह ग्राम मठिया (पड़रिया) थाना दिनारा बताया जाता है,जबकि इसके साथी ओम प्रकाश सिंह पिता स्वर्गीय रामनाथ सिंह ग्राम मठिया (पड़रिया) थाना दिनारा जख्मी अवस्था में सासाराम सदर अस्पताल में इलाजरत है । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर परिजनों समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है ।

## तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जरलाही मठिया निवासी पवन सिंह,सोमनाथ उर्फ सुनील सिंह एवं सुजीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था।

## भाजपा की बेतिया से होंगी रेणु देवी प्रत्याशी

बेतियाः बिहार की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बेतिया में रेणु दीदी के नाम से प्रख्यात रेणु देवी को भाजपा ने फिर प्रत्याशी बनाया है। भाजपा प्रत्याशी रेणु देवी ने कहा कि पार्टी के लिए काम किया है और पार्टी मेरे ऊपर विश्वास करती है।

# विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर मॉक पोल प्रशिक्षण संपन्न

▶▶ अनुपस्थित कर्मियों को 17 अक्टूबर तक मिला अंतिम अवसर

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू.च :** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को सफल और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग द्वारा प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सी.एस.डी.ए. भी पब्लिक स्कूल, बनकट, मोतिहारी के परिसर में पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों के लिए मॉक पोल प्रशिक्षण के रूप में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों से 100-100 मॉक पोल कराए गए तथा बीवीपैट से पर्ची का मिलान कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी बारीकियों की जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनरों ने कर्मियों को आगामी चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार होने का मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया से संबंधित कर्मियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम की निगरानी प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता शैलेन्द्र भारती, नोडल पदाधिकारी राम जन्म पासवान (जिला पंचायती राज पदाधिकारी) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह नोडल अधिकारी राजन कुमार गिरी ने की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के आदेशानुसार अनुपस्थित मतदान कर्मियों के लिए प्रथम स्तरीय प्रशिक्षण का अंतिम अवसर 17 अक्टूबर 2025 को दिया गया है। बिना कारण अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। द्वितीय स्तरीय प्रशिक्षण सत्र 30 अक्टूबर से शुरू होगा। मौके पर वरीय मास्टर ट्रेनर नागेंद्र प्रसाद, रमेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एवं रूमित रौशन सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## जीएनएम ट्रैंनिंग कॉलेज व पीएमआई बेतिया में 105 का नामांकन

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित जीएनएम ट्रेनिंग कॉलेज (जीएनएमटीसी) बेतिया में सत्र 2025 -2028 के लिए कुल 40 का नामांकन पूरा कर लिया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार चयनित छात्र-छात्राओं को आगामी सत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रशिक्षण की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त कॉलेज में 07 और 08 अक्टूबर 2025 को नामांकन प्रक्रिया संचालित की गई। सूत्रों ने बताया कि पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट (पीएमआई) सदर अस्पताल बेतिया में 09 और 10 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें कुल 65 का नामांकन किया गया। वहाँ भी नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से पूरी की गई। दोनों संस्थानों में नर्सिंग शिक्षा की उत्तम व्यवस्था और प्रशिक्षकों की उपलब्धता के कारण, इस वर्ष छात्रों की रुचि में वृद्धि दर्ज दृष्टिगोचर हुई। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि प्रशिक्षण शीघ्र ही आरंभ होगा, जिसमें नर्सिंग पेशा से जुड़ी सभी व्यावहारिक और सैद्धांतिक शिक्षा दी जाएगी। गवर्नमेंट जीएनएम ट्रेनिंग कॉलेज और पारा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल कुंतल भूषण ने बताया कि इन संस्थानों में प्रवेश से जिला में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मियों की नई पीढ़ी तैयार होगी।

## चुनाव को लेकर बगहा एसपी ने लौकरिया में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मधुबनी :** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बगहा पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने लौकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थापित चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की जांच प्रक्रिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी सरोज ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब तस्करी या असामाजिक तत्वों की घुसपैठ को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चेक पोस्ट पर पुलिस बल को अतिरिक्त सतर्कता के साथ वाहन जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## विधानसभा निर्वाचन तहत मीडिया सह एमसीएमस कोषांग पूर्ण रूप से संचालित

**सासाराम (रोहतास) :** आगामी बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 के मद्देनजर रोहतास जिले में गठित मीडिया सह एमसीएमसी.कोषांग पूर्ण रूप से संचालित हो गया है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सूचित बनाए रखने हेतु गठित इस कोषांग द्वारा फेक न्यूज एवं पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शिका के आलोक में, यह कोषांग प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं पेड सामग्री की सतत निगरानी कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा कोषांग का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। यह कोषांग सप्ताह के 24 घंटे जिला जनसंपर्क कार्यालय, रोहतास में सक्रिय रूप से कार्यरत है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनी रहे।

## अमरपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▶▶ शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर संचालित किया जा रहा अभियान

राष्ट्रीय खबर




अमरपुर (बांका) : विधानसभा चुनाव02025 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अमरपुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिक राज ने किया। जागरूकता रैली मध्य विद्यालय कठेल से प्रारंभ होकर इंग्लिश मोड़, राधानगर होते हुए पुनः मध्य विद्यालय कठेल पर समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और स्कूली बच्चे शामिल हुईं और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पहले मतदान फिर जलपान, मेरा वोट मेरा अधिकार तथा सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से जैसे नारे गूंजते रहे। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने जन-जागरूकता का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे निर्वाचन के दिन उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करें।अभियान के तहत मजबूत लोकतंत्र चौपाल और चुनावी पाठशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों की विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतदान को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

# सोच-समझकर तथा तटस्थ होकर महिलाएं करें मतदान : रागिनी तिवारी

▶▶ पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ चुने एक सशक्त सरकार

▶▶ समाज के निर्माण में महिलाओं का दृष्टिकोण अद्वितीय और दूरदर्शी

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू.च. :** लोकतंत्र के महापर्व में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। हाल के चुनावों में महिला वोटरों की भागीदारी में हुई रिकॉर्ड वृद्धि ने यह साबित कर दिया है कि राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रियता कितनी महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में, समाजसेवी रागिनी तिवारी ने महिलाओं से लोकतंत्र की महापर्व में हिस्सा लेते हुए स्वविवेक से बढ़-चढ़ मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली ज़िम्मेदारी है। महिलाओं को किसी भी बाहरी दबाव, भावनात्मक अपील या पूर्वाग्रह से प्रभावित हुए बिना, पूरी जानकारी और समझ के साथ अपने उम्मीदवार का चयन करना चाहिए। एक सक्षम और ईमानदार प्रतिनिधि ही महिलाओं से जुड़े मुद्दों, जैसे सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण, पर प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। श्रीमती तिवारी ने कहा कि, समाज के निर्माण में महिलाओं का दृष्टिकोण अद्वितीय और दूरदर्शी होता है। एक महिला मतदाता अपने परिवार और समुदाय के भविष्य को ध्यान में रखकर वोट करती है। इसलिए यह जरूरी है कि वे उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, नीतियों और भविष्य की योजनाओं का मूल्यांकन करें। जागरूक, जानकार और तटस्थ मतदान ही एक मजबूत और प्रगतिशील सरकार की नींव रखता है। वहीं उन्होंने कहा कि आपका एक वोट न केवल आपकी आवाज है, बल्कि देश की दिशा तय करने की शक्ति भी है। इसीलिए, अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ करें।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर छात्र छात्राओं को हाथ धोने का बताया गया तरीका



**मधुबनी :** मधुबनी प्रखंड के राजकीयकृत हरदेव प्रसाद उच्च विद्यालय में बुधवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को हाथ धोने के तरीके के संबंध में जानकारी दी गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चेतना सत्र में प्रत्येक दिन छात्राओं को साफ सफाई शारीरिक स्वच्छता से संबंधित बातें बताई जाती है । इसमें नाखून, बाल, दांत, कान इत्यादि बाहरी इंद्रियों के द्वारा फैलने वाली बीमारियों के बारे में भी चचाएं होती हैं। हाथ धूलने के तरीका की जो विशेष नियम है, इस बारे में बच्चों को बताया गया । कैसे हाथ की धुलाई की जाती है और हम हाथ धूल के कैसे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता हैं । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक गण मौजूद थे। सभी ने शपथ लिया कि हम बिना हाथ धूले भोजन नहीं करेंगे, बाहर से जाएंगे तो अवश्य ही हाथ साफ करेंगे।

# काराकाट के संभावित प्रत्याशी महाबली सिंह के टिकट का विरोध कर जदयू ने फोटो से सिर काटा

▶▶ कार्यकताओं ने कहा टिकट मिलने के बाद महाबली को भुगतना होगा बुरा परिणाम

राष्ट्रीय खबर



**काराकाट (रोहतास) :** काराकाट मुख्यालय पर जदयू के नेताओं ने बुधवार को पूर्व सांसद सह काराकाट के संभावित प्रत्याशी महाबली सिंह को टिकट देने को लेकर पुरजोर विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने संभावित उम्मीदवार महाबली सिंह का जेडीयू कार्यालय में लगा बैनर फोटो-फाड़ कर हटाया। जिला से लेकर प्रखंड तक के जदयू कार्यकर्ताओं ने ही एक-स्वर में किया विरोध, कहा बाहरी स्वीकार नहीं। जदयू के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शीर्ष के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास कार्यकर्ता और जनता की आवाज तक पहुंचने वाला कोई नहीं है। लोकसभा तो कभी विधानसभा आगे चलकर कहेंगे कि नगर परिषद का चुनाव लड़ेंगे, तो ऐसे थोड़ी होता है। कार्यकर्ताओं ने कहा यदि जेडीयू से किसी कुशवाहा कोही देना ही था तो किसी लोकल कुशवाहा को प्रत्याशी को चुनना था। जिसे लेकर जदयू कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पूर्व सांसद कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनते है। कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास व मेहनत के बदौलत दो बार सांसद बनाया गया लेकिन कार्यकर्ताओं की बात का अनसुना करते रहे। जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष रामचंद्र राम सहित कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि काराकाट प्रखंड में तीन से चार साल जदयू का कार्यालय खोले हो गया लेकिन एक बार भी कार्यालय में नहीं आये। कार्यालय के बगल से होकर गुजरते है लेकिन जदयू कार्यालय में आना मुनासिब नहीं समझते। जदयू कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया जब काराकाट विधान सभा क्षेत्र में टिकट मिलने की संभावना है इस बात को सुने। जदयू अध्यक्ष व जिला उपाध्याक्ष वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जो पार्टी मजबूती कर लिए पार्टी-कार्यालय में एक बार भी नहीं आया उसे जदयू पार्टी से टिकट नहीं मिलना चाहिए जिसका विरोध होगा। जब काराकाट विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय नेता रात दिन एक कर पार्टी मजबूती के लिए कार्य किया उसे ही पार्टी टिकट देकर प्रत्याशी बनाये अन्यथा विरोध होगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इस पर ध्यान-दें अन्यथा बाहरी प्रत्याशी का विरोध होगा। बैठक में जदयू कार्यकर्ताओं ने बाहरी भगाओ लोकल लाओ का नारा बुलंद किया। मौके पर जदयू कार्यकर्ता रामा शंकर सिंह, जय शंकर पटेल, वीरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर बिना सोचे समझे पार्टी टिकट देती है तो प्रत्याशी को भारी खामियाजा भुगतने को तैयार रहना होगा।

# एसएसबी जवान अभिषेक की संदिग्ध मौत, सिलीगुड़ी बस स्टैंड से मिला शव

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी :** जिलांतर्गत कोटवा प्रखंड के बड़हरवा कला, गैरा निवासी एसएसबी जवान अभिषेक राज की सिलिगुड़ी में संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी है। वे कोटवा स्थित असर्फी कुँवर रामरतन राय कॉलेज के प्रधान लिपिक हरिशंकर झा के एकलौते पुत्र थे। स्वजनों के मुताबिक अभिषेक का साथी जवानों से झगड़ा हुआ था। उसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालाँकि, इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

**ऑटो चालकों ने देखा शवः**
तड़के लगभग पांच बजे कुछ लोगों ने एसएनटी बस स्टैंड परिसर में एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। उसके हाथ और पैर में पट्टियाँ बंधी हुई थीं। तुरंत इसकी सूचना प्रधान नगर थाना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद जवान को मृत घोषित किया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज दिया है। आधिकारिक रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।अभिषेक की पोस्टिंग सिक्किम के पोक्यांग क्षेत्र में थी। वे एसएसबी 69 बटालियन के जवान थे। हाल ही में उनकी शादी हुई थी। परिजनों के मुताबिक, अभिषेक राज का सहकर्मी जवानों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार इस हादसे के बाद सदमे में है। वहीं उनके गांव में भी मातम का माहौल है।

## फरार चल रहा कुर्की वारंटी गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) भानस थाना की पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया कुर्की,मामले में फरार चल रहे कुर्की वारंटी गिरफ्तार । थानाध्यक्ष विजय बैठा ने बताया कि मजिस्ट्रेट ओंकार वैभव की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के कनियारी निवासी विकास कुमार गुप्ता के घर की कुर्की जब्ती की गई ।उन्होंने कहा कि उसी के आलोक में मौके वारदात पुलिस ने 14-15 वर्षो से फरार चल रहे कुर्की वारंटी विकास कुमार गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सासाराम न्यायालय से कुर्की वारंट निर्गत था ।

## भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त निगरानी और सघन सुरक्षा रणनीति तय

# भारत-नेपाल सीमा पर सघन चौकसी का निर्णय, दोनों देशों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न

▶▶स्वच्छ और शांतिपूर्ण बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने पर सहमति

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू.च :** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को इन्टीग्रेटेड चेकपोस्ट रक्सौल के सभागार में इंडो-नेपाल बॉर्डर कोऑर्डिनेशन कमिटी की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेपाल के सीमावर्ती जिलों के प्रतिनिधि,चंपारण रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, साथ ही बगहा के एसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने की। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों देशों के बीच पारस्परिक सहयोग और समन्वय आवश्यक है, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि न हो। बैठक में मुख्य रूप से भारत-नेपाल सीमा को मजबूत बनाने,सीमा पार शराबबंदी कानून के अनुपालन,सीमा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने,अपराधियों, ड्रग्स तस्करों और अवैध सामग्रियों की आवाजाही पर रोक लगाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ाने और हर सूचना का त्वरित आदान-प्रदान करने पर सहमति जताई। सीमा पर संयुक्त गश्त बढ़ाने, घुसपैठ, जाली मुद्रा और अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए एसएसबी, भारतीय पुलिस और नेपाल पुलिस के बीच समन्वय मजबूत करने का निर्णय लिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नेपाल की ओर से सीडीओ परसा व बारा, पश्चिमी चंपारण के डीएम-एसपी और बगहा के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुए। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जहां सभी अधिकारियों ने सीमापार शांति, सुरक्षा और सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

## नंदनगढ़ चौक के पास 65 लीटर देसी शराब के साथ दो व्यक्ति को दबोचा



लौरिया : लौरिया थाना पुलिस को बुधवार को गुप्त सूचना पर की गई दिवा गश्ती के क्रम में नंदनगढ़ चौक के पास से एक बाइक पर सवार दो शराब तस्कर से को 65 लीटर देसी शराब के साथ बरामद करते हुए दोनों तस्कर को दबोच लिया है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने के अनुसार गिरफ्तार तस्कर तेज गति से आने के क्रम में, पुलिस टीम की जाँच के क्रम में दबोचे गए। बाइक जाँच के क्रम में दो बोरा में 65 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। उपर्युक्त गिरफ्तार तस्कर लौरिया नगर पंचायत क्षेत्र के पकड़ी नुनिवा टोला निवासी स्व. मोतीलाल चौधरी के पुत्र मंटु चौधरी (32वर्ष) तथा स्व. वकील चौधरी के पुत्र मुकेश चौधरी (28वर्ष) बताये गए हैं। थानाध्यक्ष लौरिया के अनुसार जब्त शराब और बाइक पुलिस ने जप्त कर लिया है। उधर दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर बेतिया न्यायालय को सौंप दिया गया है।

## एफएसटी/एसएसटी का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित समाहरणालय सभागार में व्यय प्रेक्षक अनील कुमार (विधान सभा क्षेत्र-01 से 05), विनय कुमार कंथेटी (विधान सभा क्षेत्र-06 से 09) ने एफएसटी/एसएसटी को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के समय जिला निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, उप निवार्ची पदाधिकारी, व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग एवं इएसएमएस कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। एफएसटी को उसके कर्तव्य एवं दायित्व की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला सूचना पदाधिकारी ने सीवीआईजीआइएल/इएसएमएस की विस्तृत जानकारी दी गयी। एसएसटी को उसके कर्तव्य एवं दायित्व की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें कुल 28 चेक पोस्ट स्थापित है। जिस पर एसएसटी की विभिन्न टीमों द्वारा जाँच किया जा रहा है। व्यय प्रेक्षक द्वारा जाँच का तरीका एवं कैश अमाउंट लेकर चलने की सीमा की विस्तृत जानकारी दी गयी।

## व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में निर्वाचन टीम का विशेष ट्रेनिंग सम्पन्न



▶▶एइओ, एटी, वीएसटी, वीवीटी, कॉल सेन्टर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के सभागार में व्यय प्रेक्षक अनील कुमार (विधान सभा क्षेत्र-01 से 05), विनय कुमार कंथेटी (विधान सभा क्षेत्र-06 से 09) ने एइओ, एटी, वीएसटी, वीवीटी, कॉल सेन्टर को प्रशिक्षण प्रदान किया। उपर्युक्त प्रशिक्षण में सभी टीमों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। लेखा दल को छाया प्रेषण पंजी में संधारण की जानकारी दी गई। प्रत्यार्शी के रजिस्टर की जाँच की विस्तृत जानकारी दी गई। वीएसटी को विभिन्न सभा, जुलूस के वीडियोग्राफी की विस्तृत जानकारी दी गई। वीवीटी को वीएसटी के द्वारा रिकॉर्ड की गई सभी रैली की सीडी को देखकर रिर्पोटिंग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समय सहायक व्यय प्रेक्षक भी उपस्थित रहे। कॉल सेन्टर 24७7 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के क्रम में जिला के उप निवार्ची पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग उपस्थित रहे।

# सुगौली को अनुमंडल बनाने की मांग हुई तेज, जनशक्ति जनता दल

▶▶प्रत्याशी श्याम किशोर चौधरी बोले-जनता के सहयोग से करेंगे भ्रष्टाचार मुक्त विकास

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.चः** सुगौली विधानसभा क्षेत्र में जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी श्याम किशोर चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के वनस्पति माई स्थान पर बुधवार को पटना से टिकट लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे जहां माता का आशीर्वाद लिया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सुगौली की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वर्षों से लोगों की यह मांग रही है कि सुगौली को अनुमंडल का दर्जा दिया जाए, ताकि प्रशासनिक कार्यों में तेजी आए और जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देकर विधानसभा तक पहुंचाती है, तो सबसे पहला कार्य सुगौली को अनुमंडल बनाने की दिशा में ठोस पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बाढ़ है, जो हर साल तबाही मचाती है। अगर उन्हें मौका मिला तो बाढ़ नियंत्रण की स्थायी व्यवस्था की जाएगी और तटबंधों की मरम्मत से लेकर जल निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा। श्री चौधरी ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनशक्ति जनता दल की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा और हर योजना का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के बीच वर्षों से जुड़े हैं, लोगों के दुख-दर्द को करीब से देखा है और अब समय आ गया है कि सुगौली की तस्वीर बदली जाए। उन्होंने तेजप्रताप यादव को एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में जनशक्ति जनता दल लगातार जनता के मुद्दों पर काम कर रही है। वे पार्टी संगठन को मजबूत कर रहे हैं और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। श्री चौधरी ने लोगों से अपील की कि वे उन्हें और उनकी पार्टी को अपना आशीर्वाद दें, ताकि सुगौली को विकास के नए रास्ते पर अग्रसर किया जा सके। उन्होंने कहा, मैं वादा नहीं, संकल्प लेकर मैदान में उतरा हूं – सुगौली को अनुमंडल बनाकर भ्रष्टाचार मुक्त, बाढ़मुक्त और विकासशील क्षेत्र बनाऊंगा। जनता का साथ मिला तो क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल दूंगा।

## पश्चिम चम्पारण में ईवीएम, वीवी-पैट वितरण (विखंडीकरण) कार्यारम्भ

**बेतिया :** बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के दृष्टिगत पश्चिम चम्पारण जिला में ईवीएम/वीवी-पैट मशीनों के विधानसभा सभावार वितरण का कार्य बुधवार दिनांक 14 अक्टूबर 2025 से ईवीएम/वीवी-पैट वेयरहाउस में प्रारम्भ कर दिया गया है। ईवीएम/वीवी-पैट कोषांग के नोडल पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार के अनुसार उपर्युक्त प्रक्रिया का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र में उसका सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करना है। प्रत्येक मशीन की तकनीकी परीक्षण उपरांत उसकी कार्यक्षमता और सुरक्षा प्रणाली की समीक्षा भी की जा रही है। नोडल पदाधिकारी के अनुसार इस वर्ष मशीनों के (विखंडीकरण) वितरण कार्य में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या से बची जा सके। विधानसभा सभावार कार्य की निगरानी वरिष्ठ निवार्ची पदाधिकारी कर रहे हैं और मशीनों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा रहा है।

## जिला स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न, 70 लाइसेंसी हथियार 22 अक्टूबर तक होंगे जमा

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला दण्डाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक बेतिया (सदस्य) डॉ. शौर्य सुमन एवं पुलिस अधीक्षक बगहा (सदस्य) सुशांत कुमार सरोज उपस्थित रहे। उपर्युक्त बैठक में उन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के सम्बंध में विचार-विमर्श किया गया, जिनके विरुद्ध कई आपराधिक मामला लंबित है, अथवा जिनके विरुद्ध चुनाव की दृष्टि से या लोकशांति भंग होने की संभावना के आधार पर कोई कानूनी / निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि लोकशांति की दृष्टि से जिला में 70 अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को चुनाव कार्य की समाप्ति तक सम्बंधित थाना में दिनांक 22 अक्टूबर 2025 तक सुरक्षार्थ जमा कराया जायें।

## ठकराहा में बीडीओ व बीईओ ने विद्यालय के बच्चों के साथ निकाली मतदाता जागरूकता रैली

▶▶पहले मतदान, फिर जलपान के नारों से गूंजा ठकराहा बाजार

राष्ट्रीय खबर




एप्र, ठकराहा : आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार को ठकराहा प्रखंड मुख्यालय में भव्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रघुनंदन राघव एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) राकेश कुमार ने किया। रैली में जीएमयू +2 उच्च विद्यालय ठकराहा के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य निखिल कुमार, शिक्षकों, अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे हाथों में बैनर और तख्तियां लिए ह्लमतदान करें, लोकतंत्र को सशक्त करेंह्व, ह्लपहले मतदान, फिर जलपानह्व, ह्लआपका एक वोट, देश का भविष्य तय करेगाह्व जैसे जोशीले नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर रहे थे। रैली जीएमयू विद्यालय से प्रारंभ होकर प्रखंड परिसर, ठकराहा बाजार, सोनाभवानी, मलाही टोला और आसपास के गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने राहगीरों और दुकानदारों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। बीडीओ रघुनंदन राघव ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का वोट कीमती है और एक-एक वोट मिलकर सरकार बनाता है। उन्होंने कहा कि मतदान को उत्सव की तरह मनाना चाहिए ताकि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। वहीं बीईओ राकेश कुमार ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाएं। रैली के दौरान पूरे ठकराहा बाजार और प्रखंड परिसर में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और उत्साह का माहौल देखा गया।

# दीपों के पर्व पर बुझती परंपरा: मिट्टी के दीयों से दूर होती रौनक

▶▶ मंहगाई और चाइनीज लाइटों ने कुम्हारों की रोजी पर डाला असर, परंपरा पर संकट के बादल

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.चः** दीपों का त्योहार दीपावली जहां पूरे देश में खुशियों और रौशनी का प्रतीक बनकर आता है, वहीं इस बार सुगौली के कुम्हार समाज के चेहरों पर रौनक की जगह मायूसी साफ झलक रही है। परंपरागत रूप से मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और अन्य सजावटी सामान बनाकर जीविका चलाने वाले कुम्हार इन दिनों मंहगाई और घटती बिक्री से बुरी तरह जूझ रहे हैं। स्थानीय कुम्हार विपिन कुमार, शंभू पंडित और रामाशीष पंडित बताते हैं कि पहले दीपावली से कई हफ्ते पहले तक उनके घरों में चाक की थाप और मिट्टी की सोंधी खुशबू से वातावरण गूंज उठता था। गांव-शहर के लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए लाइन लगाते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। आधुनिकता की चकाचौंध और इलेक्ट्रॉनिक व चाइनीज लाइटों की सस्ती उपलब्धता ने मिट्टी के दीयों की मांग लगभग खत्म कर दी है। उन्होंने बताया कि आज एक ट्रैक्टर मिट्टी लाने में करीब ढाई हजार रुपये का खर्च आ जाता है, वहीं रंग, डिजाइन और जलाने योग्य तेल की लागत अलग से। इतना खर्च करने के बाद भी बिक्री न के बराबर होती है। मेहनत और लागत के बाद अगर मुनाफा नहीं, तो यह परंपरा कैसे जिंदा रहेगी? आर्थिक तंगी के बावजूद ये कारीगर अपने पूर्वजों की इस कला को जीवित रखने की कोशिश कर रहे हैं। उनका मानना है कि मिट्टी के दीये न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा भी हैं। कुम्हारों ने लोगों से अपील की है कि इस दीपावली एक बार फिर देशी मिट्टी के दीयों से अपने घरों को सजाएं। इससे जहां स्थानीय कारीगरों को संबल मिलेगा, वहीं मिट्टी की सोंधी खुशबू और भारतीय परंपरा भी जीवित रहेगी। दीपावली की जगमग रोशनी में अगर मिट्टी के दीयों की लौ दोबारा जल उठे, तो यह न केवल परंपरा की पुनर्स्थापना होगी बल्कि उन मेहनतकश हाथों का सम्मान भी, जो मिट्टी से रौशनी गढ़ते हैं।

## जिला परिवहन एवं स्वास्थ्य विभाग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सासाराम (रोहतास) :** बुधवार रोहतास जिला अंतर्गत बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग, रोहतास के द्वारा वाहन के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वाहनों पर बैनर, स्टीकर लगाया गया। जिले भर में प्रचार प्रसार के लिए यह मतदाता जागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा, ताकि शत प्रतिशत मतदाता मतदान करें। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने आरबी एसके के वाहन के माध्यम से जिले के सभी प्रखण्डों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। वाहन में जिंगल बजाते हुए लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। जो लोगों को जागरूक करने में बहुत कारगर साबित होगा। साथ ही उम्मीद है कि लोकतंत्र के इस त्योहार में रोहतास वासी 11 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान करेंगे।

# उत्पाद विभाग एवं धनहा थाना पुलिस ने शराब से भरी ट्रक की खेप को पकड़ा

▶▶यूपी से लाई जा रही थी शराब की बड़ी खेप, ट्रक चालक हुआ फरार

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी(बगहा)निप्रः** विधानसभा चुनाव को देखते हुए उत्पाद विभाग एवं धनहा पुलिस टीम के संयुक्त अभियान के तहत बुधवार को भारी मात्रा में शराब की खेप को बरामद किया। बगहा उत्पाद विभाग एवं धनहा थाना की पुलिस टीम ने बुधवार की सुबह यूपी के तरफ से ट्रक में छुपाकर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप को धनहा चौक के समीप से जप्त किया। वही ट्रक चालक पुलिस टीम को देख फरार हो गया। उत्पाद विभाग की टीम को पहले से ही गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी के तरफ से शराब से भरी ट्रक धनहा गौतम बुद्ध सेतु पुल के रास्ते जाने वाला है। शराब की खेत को पकड़ने की फिराक में बगहा उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, धनहा पुलिस अंचल के पुलिस निरीक्षक रमाकांत तिवारी एवं धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ बिहार यूपी की सीमा बांसी पहुंचे। लेकिन जब काफी देर तक शराब की खेत यूपी बिहार की सीमा को पार नहीं किया तो पुलिस टीम ने शराब से लदी ट्रक को खोजते हुए धनहा के तरफ चल दिए। इसी दौरान धनहा चौक के समीप एक अज्ञात ट्रक खड़ा था।।जिसे देख पुलिस टीम को शक हुआ। जांच किया गया तो ट्रक पर भारी मात्रा में शराब लदी हुई थी। वही शराब को फर्नीचर से ढक दिया गया था। लेकिन ट्रक चालक पुलिस को देख पहले ही ट्रक छोड़ फरार हो गया था। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, धनहा अंचल के पुलिस निरीक्षक रमाकांत तिवारी एवं थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि भारी मात्रा में शराब की खेत को पकड़ा गया है। अभी जप्त शराब की गिनती नहीं की गई है। वहीं, ट्रक चालक एवं शराब तस्करों की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शराब एवं शराब तस्करों के विरुद्ध बिहार यूपी की सभी सीमाओं पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि जब से बगहा उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार को इस क्षेत्र की जिम्मेवारी मिली है, तब से उत्पाद विभाग की टीम लगातार शराब की बड़ी बड़ी खेप को पकड़ रही है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में अब तक लगभग 8 हजार लीटर से अधिक शराब की खेप को जप्त किया गया है।

## बेतिया में चुनावी अनुमतियों हेतु जिलास्तर पर एकल खिड़की प्रणाली की शुरूआत

अवधेश/राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के दृष्टिगत पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत सभी प्रत्यशियों अथवा उनके प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार-प्रसार में विभिन्न अनुमतियों की प्राप्ति में सुविधा के लिए विभिन्न स्तर पर एकल खिड़की कोषांग की व्यवस्था की गयी है। इस क्रम में बुधवार दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जिलास्तरीय एकल खिड़की की व्यवस्था जो लाहिया स्वच्छ बिहार अभियान कार्यालय में संचालित है का उद्घाटन जिला निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने किया। एकल खिड़की व्यवस्था (कोषांग) में सभी राजनैतिक उम्मीदवारों को उनके चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वाहन/रैली/ चुनाव कार्यालय/ हेलीकॉप्टर की अनुमति उपर्युक्त कोषांग के माध्यम से विभिन्न स्तर पर दी जायेगी। इस उद्घाटन के क्रम में जिला उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, राजीव रंजन सिन्हा अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी,अरुण प्रकाश निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, सौरभ आलोक जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नगमा तबस्सुम वरीय उप समाहर्ता, राकेश कुमार जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग और नीतीश कुमार दोनों दांव पर

आखिरकार, भारतीय चुनाव आयोग द्वारा बहुप्रतीक्षित बिहार विधानसभा चुनाव के विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा होते ही राज्य की राजनीतिक सरगर्मियाँ अपने चरम पर पहुँच गई हैं। इस बार का चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण है। पिछले दो दशकों में यह पहली बार है जब इतनी कम अवधि के भीतर, मात्र दो चरणों में मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतदान की तिथियाँ 6 नवंबर और 11 नवंबर निर्धारित की गई हैं, जबकि मतों की गिनती और नतीजों की घोषणा 14 नवंबर को होगी। चुनावी रणभूमि में सबसे बड़ा मुद्दा इस बार मतदाता सूची से जुड़ा है, जहाँ चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर उत्पन्न विवाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राह में बड़ी राजनीतिक चुनौती खड़ी कर रहा है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 को सात चरणों में कराने के कड़वे अनुभवों से स्पष्ट रूप से सबक लिया है। विपक्षी दलों की लगातार माँग को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने राज्य विधानसभा चुनावों को मात्र दो चरणों में समेटने का निर्णय लिया है। यह कदम




चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और कम समय लेने वाला बनाने की दिशा में उठाया गया है। हालाँकि, जिस तरह से आनन-फानन में और पर्याप्त तैयारियों के अभाव में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को अंजाम दिया गया, उस पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पारदर्शिता की कमी के चलते यह मामला बार-बार सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप का केंद्र बना रहा, जिसने चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। वर्तमान में, आयोग को उन असंख्य नागरिकों की शिकायतों का भी सामना करना पड़ रहा है, जिनके नाम मतदाता सूची से अचानक गायब हो गए हैं। यह चुनाव बिहार की राजनीति के ध्रुव नीतीश कुमार के लिए एक बड़ी परीक्षा है, जो पिछले दो दशकों से राज्य की सत्ता के केंद्र में बने हुए हैं। उन्हें इस बार संभावित सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। हालाँकि, एनडीए गठबंधन का नेतृत्व आशान्वित है कि हाल के दिनों में किए गए विकास कार्यों और लागू की गई लोक-लुभावनी योजनाओं की बदौलत वे मतदाताओं को लुभाने में सफल होंगे। दूसरी ओर, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित महागठबंधन ने अपने मतभेदों को दरकिनार करते हुए जिस एकजुटता का प्रदर्शन किया है, वह सुशासन बाबू के लिए निश्चित रूप से मुश्किलें खड़ी कर सकती है। इन चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की प्रतिष्ठा का भी सीधा मूल्यांकन होगा, क्योंकि यह परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए की ताकत को भी प्रभावित करेगा। वहीं, नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी दाँव पर है, क्योंकि यह परिणाम तय करेगा कि क्या वे रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे। इस बार विपक्ष ने भ्रष्टाचार और बिगड़ी कानून-व्यवस्था के सवाल को एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया है। विडंबना यह है कि जिस मुद्दे (जंगल राज) पर नीतीश कुमार लंबे समय तक राजद की पिछली सरकारों को घेरते रहे हैं, वही अस्त्र अब महागठबंधन की ओर से उन्हीं पर चलाया जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में एक नए खिलाड़ी के रूप में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उनकी पार्टी पलायन और भ्रष्टाचार जैसे जमीनी मुद्दों को अपना मुख्य चुनावी लक्ष्य बता रही है, जिससे पारंपरिक गठबंधनों के वोट बैंक में सेंध लग सकती है। विपक्ष लगातार यह तर्क दे रहा है कि एसआईआर विवाद ने मतदाताओं के बीच गहरा असमंजस पैदा कर दिया है। उनकी दलील है कि चुनाव में केवल कुछ ही हफ्ते शेष हैं, जबकि विशेष गहन पुनरीक्षण का पूरा मामला अभी भी न्यायिक जाँच के दायरे में है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख मतदाताओं का पूरा विवरण उपलब्ध कराने को कहा है, जिन्हें अंतिम मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया है। 24 जून को एसआईआर अभियान शुरू होने के बाद से बिहार में मतदाताओं की संख्या में भारी फेरबदल देखा गया है। अभियान शुरू होने परः 7.9 करोड़ मतदाता थे। 1 अगस्त को जारी मसौदा सूची मेंः यह संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई। मृत्यु, प्रवास, और दोहराव जैसे विभिन्न कारणों के चलते 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। अंतिम मतदाता सूची मेंः अब मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ हो गई है। मसौदा सूची में 21.53 लाख नए नाम जोड़े गए हैं, जबकि कुल 3.66 लाख नाम हटाए गए हैं। अब यह आने वाला वक्त ही बताएगा कि महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए की गई कल्याणकारी घोषणाओं का कितना लाभ सुशासन बाबू को मिलता है, या फिर बिहार का जनमानस महागठबंधन को सत्ता सौंपकर राज्य की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू करता है।

# गाजा में एक नई सुबहः युद्ध से शांति की ओर कदम

गाजा, जो दशकों से संघर्ष और विनाश की मार झेलता आ रहा है, आज एक बार फिर उम्मीद की दहलीज पर खड़ा है। युद्ध विराम लागू होने के बाद वहां के लोगों के चेहरों पर पहली बार भय के बजाय राहत की झलक दिखी है। यह छोटा-सा भूभाग, जो लंबे समय से बारूद की गंध और मलबे के बीच सांस ले रहा था, अब धीरे-धीरे जीवन के रंगों की ओर लौटने की कोशिश कर रहा है। यह वापसी केवल शांति की नहीं, बल्कि उस मानवीय अस्तित्व की है जो हिंसा की आग में झुलस गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हुए 20-सूत्रीय शांति प्रस्ताव ने एक नया इतिहास रचा। हमास और इजराइल के बीच वर्षों के रक्तरंजित संघर्ष के बाद आखिरकार एक अस्थायी संघर्षविराम पर सहमति बनी। इस समझौते के तहत हमास ने सभी जीवित इजरायली बंधकों को अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की मदद से रिहा किया, जबकि इजरायल ने लगभग दो हजार फिलिस्तीनी कैदियों को आजादी दी। इसी के साथ बमबारी रुक गई, और राहत सामग्री से भरे ट्रक गाजा में प्रवेश करने लगे। वह क्षण लोगों के लिए किसी पुनर्जन्म जैसा था–पहली बार आसमान से गिरती आग की जगह वहां राहत के बादल उमड़े।



**महेन्द्र तिवारी**
बरिष्ठ-पत्रकार

युद्ध विराम के बाद गाजा की गलियों में जो बदलाव दिख रहा है, वह केवल भौतिक नहीं, भावनात्मक भी है। जहां कल तक हर घर में मातम था, आज वहां बच्चे फिर से खेल के मैदानों की ओर लौट रहे हैं। अस्पतालों में घायलों का इलाज चल रहा है, स्कूलों में किताबों की सरसराहट सुनाई दे रही है, और बाजारों में खरीद-फरोख्त की हलचल ने जीवन की वापसी का संकेत दिया है। परंतु इन हलचलों के पीछे अभी भी वह डर, वह अविश्वास और वह गहरी पीड़ा मौजूद है जो वर्षों के संघर्ष ने लोगों के मन में छोड़ दी है।

समझौते की शर्तों के अनुसार अब गाजा का प्रशासन एक अंतरिम फिलिस्तीनी तकनीकी समिति को सौंपा जाना है, जो आगे चलकर फिलिस्तीनी अथॉरिटी को सत्ता हस्तांतरित करेगी। यह कदम नाजुक और जटिल है, क्योंकि इजरायल ने फिलिस्तीनी अथॉरिटी की सीधी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर हमास को किसी भी राजनीतिक या प्रशासनिक भूमिका से बाहर रखा गया है, हालांकि संगठन अपने अस्तित्व और हथियार छोड़ने को लेकर अभी भी असमंजस में है। इस स्थिति ने गाजा के शासन तंत्र को एक कठिन मोड़ पर ला खड़ा किया है, जहां शांति और शक्ति संतुलन दोनों को बनाए रखना एक चुनौती है।

सबसे बड़ी चुनौती है गाजा का पूर्ण निरस्त्रीकरण। ट्रंप की योजना के अनुसार क्षेत्र को सैन्य प्रभाव से मुक्त कर नागरिक शासन की स्थापना करनी है। मगर हमास का तर्क है कि जब तक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य का औपचारिक गठन नहीं होता, वह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। इजरायली सेना अभी भी गाजा के लगभग आधे से अधिक हिस्से पर सुरक्षा घेरे में मौजूद है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह संघर्षविराम स्थायी शांति में बदल पाएगा, या यह केवल एक अस्थायी विराम है, जिसके पीछे फिर कोई नई आग सुलग रही है।

फिर भी, जो सबसे सकारात्मक पहलू उभरकर सामने आया है, वह है मानवीय राहत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने एकजुट होकर गाजा को फिर से खड़ा करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। संयुक्त राष्ट्र, मिस्र, कतर और तुर्किए जैसे देशों ने आर्थिक सहायता और राहत सामग्री भेजनी शुरू कर दी है। अस्पतालों में नई दवाएं पहुंच रही हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति धीरे-धीरे बहाल हो रही है, और अस्थायी शिविरों में रहने वाले हजारों शरणार्थी अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं।

फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई ने कई परिवारों को पुनर्मिलन की भावनात्मक राहत दी है। हालांकि, अभी भी कई परिवार अपने लापता प्रियजनों के बारे में अनिश्चित हैं। मृतकों के शवों की खोज और पहचान को लेकर विवाद जारी है, जिससे इस राहत प्रक्रिया में भावनात्मक तनाव बना हुआ है। लेकिन फिर भी, इन सबके बीच एक विश्वास की डोर बंधी है–कि अब गाजा के लोग शायद एक नए सवेरा की ओर बढ़ रहे हैं। गाजा के भविष्य को लेकर दो मुख्य मुद्दे अभी भी चर्चा में हैं–पहला, इजरायली सेना की पूर्ण वापसी और दूसरा, दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा। अंतरराष्ट्रीय बोर्ड, जिसकी अध्यक्षता ट्रंप कर रहे हैं, अब पुनर्निर्माण और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गया है।

फिलिस्तीनियों को आवागमन, रोजगार और शिक्षा की स्वतंत्रता देने की दिशा में भी कुछ शुरूआती कदम उठाए गए हैं। इन पहलियों के बीच गाजा में एक नया भरोसा जन्म ले रहा है, हालांकि यह भरोसा बहुत नाजुक है।

शांति की यह प्रक्रिया आसान नहीं है। युद्ध ने वहां की सामाजिक संरचना, अर्थव्यवस्था और मनोविज्ञान–तीनों को गहराई से झकझोर दिया है। हजारों बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खोया, या जिन्होंने बमों के बीच बचपन बिताया, उनके लिए यह बदलाव केवल भौतिक नहीं, मानसिक उपचार की शुरूआत है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां अब मनोवैज्ञानिक परामर्श और शिक्षा बहाली के कार्यक्रम चला रही हैं, ताकि नई पीढ़ी युद्ध की छाया से बाहर आ सके। हमास का हथियारबंद ढांचा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ, इजरायली सेना की सीमित मौजूदगी अभी भी फिलिस्तीनीस्वायत्तता पर सवाल उठाती है, और फिलिस्तीनी अथॉरिटी की प्रशासनिक क्षमता भी परखी जा रही है। ऐसे में शांति और स्थिरता की राह केवल समझौतों या मध्यस्थताओं से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और न्याय की पुनर्स्थापना से तय होगी। वे जानते हैं कि रोटी, शिक्षा और सम्मान–इन तीनों के बिना कोई भी शांति टिक नहीं सकती। यही कारण है कि आज गाजा में स्कूलों के खुलने, बाजारों के सजने और घरों में दीये जलने की खबरें किसी राजनीतिक घटना से अधिक मानवीय विजय का प्रतीक बन गई हैं।

इस युद्ध विराम ने वहां के आम जनजीवन को न केवल राहत दी है, बल्कि यह साबित किया है कि सबसे अंधेरी रात के बाद भी सवेरा संभव है। अब यह सवेरा कितनी देर तक ठहरता है, यह आने वाले समय की कसौटी पर निर्भर करेगा। फिलहाल इतना जरूर कहा जा सकता है कि गाजा की यह नयी शुरूआत केवल युद्ध की समाप्ति नहीं, बल्कि न्याय, मानवता और स्थायित्व की ओर पहला कदम है। और शायद यही वह राह है, जिस पर चलते हुए आने वाली पीढ़ियां एक दिन कह सकेंगी–गाजा ने अंततः जीवन को जीत लिया।

# ध्रुव की अटल भक्ति और नारद मुनि

प्रेरक-प्रसंग



**गतांक से आगे .. .. ..**

लेकिन ध्रुव ने नम्रतापूर्वक उत्तर दिया, 'गुरुदेव, मेरे जीवन का उद्देश्य केवल भगवान नारायण की कृपा प्राप्त करना है। मैं कोई भी कठिनाई सहने को तैयार हूं। कृपया मुझे मार्गदर्शन दीजिए।'

नारद मुनि ध्रुव की अटल निष्ठा से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, ह्लयदि तुम्हारा संकल्प इतना दृढ़ है, तो मैं तुम्हें वह मंत्र सिखाऊंगा, जिससे भगवान नारायण प्रसन्न होंगे।ह्व नारद मुनि ने ध्रुव को ह्लॐ नमो भगवते वासुदेवायह्व मंत्र का जाप करने और कठोर तपस्या करने की शिक्षा दी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें किस प्रकार ध्यान करना है और अपनी साधना को सफल बनाना है।

नारद मुनि के मार्गदर्शन में ध्रुव ने जंगल का रुख किया और एकांत में भगवान नारायण का ध्यान करना शुरू किया।


बालक ध्रुव ने कठिन तपस्या प्रारंभ की। उन्होंने अपनी भूख-प्यास की चिंता किए बिना, निरंतर भगवान का स्मरण किया। ध्रुव की तपस्या इतनी कठिन थी कि प्रकृति भी प्रभावित हुई। उनकी भक्ति से देवता और ऋषि-मुनि चकित थे। भगवान नारायण उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए और उनके सामने प्रकट हुए।

भगवान नारायण ने ध्रुव से कहा, ह्लहे बालक, मैं तुम्हारी अटल भक्ति और संकल्प से प्रसन्न हूं। जो सम्मान और प्रेम तुम्हें चाहिए था, वह तुम्हें अवश्य मिलेगा। तुम ध्रुव तारा के रूप में अमर रहोगे और तुम्हारा नाम सदा स्मरण किया जाएगा। इस संसार में तुम्हारा स्थान सर्वोच्च होगा।ह्व भगवान के दर्शन और वरदान से ध्रुव अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने भगवान का धन्यवाद किया और उनके प्रति अपनी भक्ति प्रकट की। इसके बाद, ध्रुव अपने पिता के पास लौटे।

घर लौटने पर राजा उत्तानपाद को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने ध्रुव को गले लगाया और उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। ध्रुव ने अपने जीवन को धर्म और प्रजा की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। .. ..समाप्त।

## नज़रिया

# क्या यही है 'संघ' के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की सच्चाई?



**निर्मल रानी**
वरिष्ठ स्तंभकार


गत 2 अक्टूबर यानी विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गये। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी के 'घोषित उद्देश्य' से की गयी थी। संगठन की स्थापना के समय यही बताया गया था कि संघ एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य देशवासियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। शताब्दी वर्ष के इस अवसर पर देश भर में अनेक आयोजन हुये जिसमें संघ का गुणगान किया गया। संघ समर्थक सत्ताधारियों द्वारा संघ का कसीदा पढ़ने वाले अनेक लेख लिखे गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोकि स्वयं भी संघ प्रचारक रह चुके हैं, ने राष्ट्र निर्माण में आर एस एस के योगदान की सराहना की। मोदी ने संघ के शताब्दी समारोह में कहा कि -'संघ ने पिछली एक सदी में अनगिनत जीवनों को दिशा दी और मजबूत बनाया। जिस तरह सभ्यताएं महान नदियों के किनारे विकसित होती हैं, उसी तरह संघ की धारा के साथ सैकड़ों जीवन खिले और आगे बढ़े हैं। ₹स का उद्देश्य हमेशा एक ही रहा राष्ट्र निर्माण।₹ इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संघ के नाम पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट भी जारी किए गये। संघ के लोग इसे विश्व का सबसे बड़ा समाजसेवी संगठन बताते हैं। आज देशभर में लाखों स्वयंसेवकों के माध्यम से संघ अपने 'घोषित व अघोषित' कार्यों में सक्रिय है।

> **'संघ ने पिछली एक सदी में अनगिनत जीवनों को दिशा दी और मजबूत बनाया। जिस तरह सभ्यताएं महान नदियों के किनारे विकसित होती हैं, उसी तरह संघ की धारा के साथ सैकड़ों जीवन खिले और आगे बढ़े हैं।**

परन्तु यह भी सच है कि स्थापना के समय से ही संघ विवादों में घिरा रहा है। इतना बड़ा संगठन होने के बावजूद संघ पर संस्था के रजिस्टर्ड संस्था न होने के साथ साथ इस पर साम्प्रदायिकता फैलाने व धर्म जाति के आधार पर नफरत फैलाने का भी आरोप लगता रहा है। देश का एक बड़ा वर्ग महात्मा गाँधी की हत्या में संघ की साम्प्रदायिक विचारधारा को भी जिम्मेदार मानता है। इस बात के भी ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं कि बापू की हत्या के बाद संघ कार्यालय में जश्न मनाया गया था और मिठाइयां बांटी गयीं थीं। देश के विभाजन से लेकर आज तक देश में हुये अनेकानेक साम्प्रदायिक दंगों में संघ के कार्यकर्ता आरोपित रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि संघ के अनेक कार्यकताओं पर चरित्रहीन होने,बलात्कार व बाल व्यभिचारी होने तक के आरोप लगते रहे हैं। और इसे भी अजीब संयोग समझा जाना चाहिये कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जब संघ,सत्ता व भाजपा संघ के शताब्दी वर्ष के जश्न में डूबे हुये हैं इसी दौरान संघ द्वारा संचालित शाखाओं में जहां बच्चे ₹संस्कार₹ के नाम पर भेजे जाते हैं,केरल के एक युवक द्वारा संघ व इसके अनेक सदस्यों द्वारा उसके साथ बार-बार किये गये यौन शोषण के बाद आत्महत्या कर लेने जैसे कदम ने संघ के वास्तविक चाल चरित्र और चेहरे को उजागर कर दिया है। केरल के कोट्टायम जिले के एलिकुलम निवासी 26 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवक, अनंदु आजी ने 9 अक्टूबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के थंपानूर स्थित एक होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली। अनंदु आजी की आत्महत्या के बाद उनके द्वारा मलयालम भाषा में लिखा गया 7 से 15 पेज लंबा सुसाइड नोट सार्वजनिक हुआ। इस नोट में अनंदु ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के सदस्यों द्वारा बचपन से उसके साथ लगातार किये जा रहे यौन शोषण और बलात्कार का ज़िक्र है।

## जानकारी

# जवाई बांध



जवाई जाने के लिए बाय रोड भी जा सकते हैं। उदयपुर या जयपुर एयरपोर्ट से यहां प्राइवेट साधन के जरिए जा सकते हैं। नजदीकी एयरपोर्ट उदयपुर है जो करीब 150 किमी दूर है। इसके अलावा, सिर्फ 4 किमी की दूरी पर मोरी बेरा रेलवे स्टेन है। जो जयपुर, दिल्ली, मुंबई से जुड़ा हुआ है। सर्दियों के मौसम में यहां पर जाना अच्छा माना जाता है। 69 साल में 10वीं बार छलका पश्चिमी राजस्थान का मरुसागर, 3 जिलों में खुशियों की लहर

पश्चिमी राजस्थान का मरुसागर जवाई बांध 69 साल में 10वीं बार शनिवार दोपहर 2 बजे छलक गया। बांध में तेज वेग से आए पानी से पहले तीन, एक घंटे बाद 1 और दो घंटे बाद 4 और गेट छह-छह फीट खोलकर सुमेरपुर-शिवगंज की तरफ नदी में पानी छोड़ा गया। बांध के आठ गेटों से निकल रहा पानी नदी में हिलोरे मारता कुछ समय बाद ही सुमेरपुर-शिवगंज की रपट के ऊपर तेज वेग से बहने लगा तो जालोर जिले तक खुशियां छा गई। बता दें कि जवाई बांध से मुख्य रूप से पाली, जालौर और सिरोही जिलों को फायदा होता है।

# Samsung का 5 जी स्मार्टफोन हुआ 8000 से भी ज्यादा सस्ता




नई दिल्लीः Amazon Great Indian Festival Diwali Special सेल में स्मार्टफोन पर सबसे तगड़ा डिस्काउंट मिल रहा है। अगर आपका बजट 8,000 रुपये से भी कम है और नया 5G स्मार्टफोन खरीदने का मन है तो इस सेल में आपकी ये इच्छा भी पूरी हो सकती है। जी हां ई-कॉमर्स साइट सैमसंग के इस साल लॉन्च हुए सबसे सस्ते 5G स्मार्टफोन Samsung Galaxy M06 5G पर धांसू छूट प्रदान कर रही है। कीमत में कटौती के अलावा ग्राहक क्रेडिट कार्ड से अतिरिक्त कैशबैक भी पा सकते हैं। यहां हम आपको Samsung Galaxy M06 5G पर मिलने वाली डील से लेकर ऑफर और कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Samsung Galaxy M06 5G Offers & Price**

Samsung Galaxy M06 5G के 4GB RAM और 128GB इनबिल्ट स्टोरेज वेरिएंट अमेजन पर 7,999 रुपये में लिस्ट है। बैंक ऑफर की बात करें तो Amazon Pay ICICI Bank क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने पर 5% कैशबैक मिल सकता है, जिसके बाद प्रभावी कीमत कम हो जाएगी। वहीं एक्सचेंज ऑफर में पुराना या मौजूदा फोन देने पर 7550 रुपये तक कीमत कम हो सकती है। हालांकि, एक्सचेंज ऑफर का अधिकतम लाभ एक्सचेंज में दिए स्मार्टफोन की मौजूदा स्थिति और मॉडल पर पूरी तरह निर्भर करता है। यह स्मार्टफोन इस साल फरवरी में 9,499 रुपये लॉन्च किया गया था, जिस हिसाब से 1500 रुपये सस्ता मिल रहा है।




Samsung Galaxy M06 5G में 6.7 इंच की HD+ LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 720X1600 पिक्सल, 90Hz रिफ्रेश रेट और पीक ब्राइटनेस 800 निट्स तक है। Galaxy M06 5G में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर दिया गया है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 15 पर बेस्ड वल्ली UI 6.0 पर काम करता है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Galaxy M06 5G के रियर में 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा दिया गया है।

## टॉप ट्वीट

"दिल्ली सरकार के विशेष आग्रह पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आभार। उन्होंने कहा कि यह निर्णय दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।"

**रेखा गुप्ता**
दिल्ली की मुख्यमंत्री





"बस पापा बनना. इसका बहुत इंतजार है। मैं तो इस बहुत बड़ा आशीर्वाद मान रहा हूं। हमारा बच्चा अब इस दुनिया में आने ही वाला है। उसके आते ही मैं घर से बाहर नहीं निकलने वाला।"

**विक्की कौशल**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### रिश्तों की आग में झुलसते पाक अफगान

हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर हुई हिंसक झड़पों ने दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों को फिर उजागर कर दिया है। वर्ष 2021 में तालिबान शासन आने के बाद से यह संघर्ष थमा नहीं है। विडंबना यह है कि जो पाकिस्तान कभी तालिबान का समर्थक रहा अब उसी के विरोध में खड़ा दिखाई देता है। पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान से समर्थन मिलने का आरोप लगाता है जबकि काबुल सरकार पाकिस्तान पर सीमापार हवाई हमलों का दोष मढ़ती है। इस बीच अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा ने नई शंकाएं पैदा कर दी हैं कि कहीं काबुल का भारत की ओर झुकाव पाकिस्तान को असहज तो नहीं कर रहा। दोनों देशों के तनाव की जड़ ब्रिटिश काल में खींची गई ह्यडूरंड रेखाह्न है जिसे पाकिस्तान तो मान्यता देता है पर अफगानिस्तान आज तक स्वीकार नहीं करता। इतिहास गवाह है कि 1949 से अब तक सीमा विवाद, आतंकवाद और अविश्वास की दीवार ने रिश्तों को सुधारने नहीं दिया। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों देश सुलह की ओर बढ़ेंगे या यह संघर्ष नई शत्रुता को जन्म देगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन्स प्रा.लि., रातू, काठीटांड, नियर टिंडर बागीचा,रातू, रांची से मुद्रित और ए-24, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

राष्ट्रीय खबर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

## अज्ञात कंटेनर ने ट्रैक्टर को मारी जोरदार टक्कर

राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही रामगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कंटेनर ने बुधवार सुबह लगभग 9 बजे 15 माइल के पास एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर की ट्रॉली अलग हो गई और इंजन पूरी तरह से दो हिस्सों में बंटकर क्षत-विक्षत हो गया।

हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। फिलहाल, कंटेनर का नंबर पता नहीं चल सका है। इस दुर्घटना में बड़ी राहत यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दोनों वाहन चालक टक्कर के बाद सुरक्षित रहे और मौके से भाग निकले।

सफलता

### बरही पुलिस की बड़ी सफलता

## लूट की योजना बनाते चार अपराधी हथियार सहित गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस को अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। बरही थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के पास पुलिस ने लूट की योजना बना रहे चार अपराधियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में कई लूट एवं चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहे हैं, जिसकी उन्होंने स्वीकारोक्ति भी की है।

पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। दिनांक 14 अक्टूबर की रात करीब 10 : 10 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि दो मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक हथियारों से लैस होकर बरही की ओर लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर देवचंदा मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने पीछा कर चारों को पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अपराधियों के नाम क्रमशः** संतोष मुंडा, दीनानाथ बेदिया उर्फ दिनेश बेदिया, राहुल ठाकुर और तुलेश्वर प्रजापति हैं - सभी हजारीबाग जिले के निवासी हैं। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस (दो 7.65 एमएम और दो 8 एमएम), तीन मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनोद कुमार, पु.अ.नि. दीपक कुमार, पु.अ.नि. रूपलाल यादव, हवलदार मनोज मंडल, मिथलेश सिंह तथा सशस्त्र गार्डों की सक्रिय भूमिका रही।

तकनीकी शाखा, हजारीबाग का भी विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में अन्य घटनाओं के सुराग भी मिले हैं, जिनकी जांच जारी है।

## हजारीबाग सेंट्रल जेल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल - मां देव प्रिया को मिला जेल सुपरिटेंडेंट का प्रभार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सेंट्रल जेल में जमीन घोटाले के आरोपित विनय सिंह को विशेष सुविधा एवं सहायता पहुंचाने के गंभीर आरोपों के बाद जेल प्रशासन में बड़ा बदलाव किया गया है। इस मामले में जेलर समेत 12 कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद जेल प्रशासन की व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के उद्देश्य से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया को जेल सुपरिटेंडेंट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह बीते कुछ दिनों से वरीय अधिकारियों के संपर्क में नहीं हैं। उनके अनुपलब्ध रहने और जेल में उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा कई बार उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु कोई सफलता नहीं मिली। ऐसे में शासन-प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से मां देव प्रिया को यह जिम्मेदारी सौंपी है ताकि जेल संचालन प्रभावित न हो और व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

गौरतलब है कि जमीन घोटाले में आरोपित विनय सिंह के जेल में रहते हुए मोबाइल फोन, बाहरी संपर्क एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होने की शिकायतें सामने आई थीं। इसकी जांच के बाद कई जेल कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिस पर विभाग ने कठोर रुख अपनाते हुए निलंबन एवं अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की।

अब मां देव प्रिया के प्रभार संभालने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जेल प्रशासन में अनुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जांच प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय खबर कॉर्नर

## हजारीबागः विनोबा भावे विश्वविद्यालय में डिग्री स्टेटस अब ऑनलाइन, छात्रों को मिलेगी बड़ी सुविधा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए डिग्री प्रिंट के स्टेटस की जानकारी अब विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू कर दी है। इससे पहले विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन देने के बाद भी डिग्री की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं कर पा रहे थे और दूरदराज के छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर का चक्कर लगाने की परेशानी झेलनी पड़ती थी। छात्रों की इस समस्या से अवगत कराए जाने पर कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने इसे प्राथमिकता के साथ सुलझाने का आश्वासन दिया था।

दुर्गापूजा अवकाश के पूर्व दिए गए इस आश्वासन को पूर्ण करते हुए आज यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब विद्यार्थी कहीं से भी केवल एक क्लिक के माध्यम से अपनी डिग्री के स्टेटस की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

कुलपति प्रो. शर्मा ने कहा कि इस नई व्यवस्था से छात्रों को अनावश्यक भाग दौड़ और समय की बर्बादी से मुक्ति मिलेगी। छात्रों ने विश्वविद्यालय में इस सुविधा के लागू होने पर कुलपति का धन्यवाद करते हुए भविष्य में डिग्री प्रदान करने की प्रक्रिया को और भी सरल बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। कुलपति ने इस पर भरोसा जताया कि परीक्षा से उपाधि देने की पूरी प्रक्रिया को इतना सहज और सुविधाजनक बनाया जाएगा कि किसी भी विद्यार्थी को विश्वविद्यालय परिसर में अनावश्यक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इस पहल से न केवल छात्रों की समस्याओं में कमी आएगी, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन की पारदर्शिता और आधुनिक तकनीकी अपनाने की क्षमता भी प्रदर्शित होगी। विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ी राहत और सुविधा साबित होगी, जिससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में समय और ऊर्जा की बचत होगी।

इस तरह विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने डिजिटल युग के अनुरूप छात्रों के लिए अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

शॉर्ट न्यूज

### पगार ओपी में नवजात शिशु का शव बरामद, ग्रामीणों में चिंता और सनसनी

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** केरेडारी मंगलवार को पगार ओपी पुलिस ने पांडु पंचायत के नकटी चट्टी टोला से एक नवजात शिशु का शव बरामद किया। पगार ओपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल ने बताया कि पुलिस को स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि टोला में एक नवजात बच्चा पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को जब्त कर हजारीबाग सदर अस्पताल के शवगृह भेज दिया।

प्रभारी ने बताया कि मृतक शिशु की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया गया है कि यह शिशु नवजात था। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि बच्चा लगभग 9 महीने का प्रतीत होता है।

## कुडू थानेदार के सराहनीय प्रयास से परमेश्वर का शव पहुंचा गांव

● लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंजरो के परमेश्वर को केरल में चाकू मारकर कर दिया गया था हत्या



कुडू/लोहरदगा

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत जिंगी पंचायत के जोंजरो गांव के एक युवक की विगत दिनों केरल में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। युवक का शव केरल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ था। इस संबंध में बीते सोमवार को केरल पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इस बीच मृतक के परिजन युवक का शव लाने के लिए काफी परेशान थे। जानकारी के मुताबिक कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो निवासी परमेश्वर टोप्पो रोजगार की तलाश में गांव के अन्य साथियों के साथ केरल गया हुआ था और वह केरल के कालीकट जिला के बलसिरी थाना क्षेत्र के ऐगेरूल में काम करता था। जहां पर बीते रविवार की रात केरल में काम करने वाले कुछ साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने परमेश्वर टोप्पो की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी आरोपित मौका-ए-वारदात से फरार हो गए। साथ में रहने वाले ग्रामीणों की इसकी जानकारी हुई, इसके बाद बलसिरी स्वास्थ्य केंद्र में परमेश्वर को इलाज के लिए ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच बलसिरी थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर बताया कि परमेश्वर टोप्पो की हत्या हो गई है.

## हजारीबाग में घर में घुसकर चोरी, सोने-चांदी के जेवर और नगद लाखों की चोरी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग जिले के मोहल्ला कानी बाजार न्यू कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार सिन्हा ने सदर थाना हजारीबाग में आवेदन देकर शिकायत की है कि उनके घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगद की चोरी की है।

आदित्य कुमार सिन्हा ने बताया कि वे आज सुबह 8:30 बजे प्रा० वि० सारुगारू कलां, थाना कटकमसांडी के लिए अपने घर से गए थे। वहीं वे लगभग 3:30 बजे अपराहन घर लौटे तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे और गोदरेज का ताला टूट चुका था। घर की जांच में पता चला कि चोरी के दौरान सोने का हार (27 ग्राम), सोने के झुमके (2 पीस, 8 ग्राम), सोने के कंगन (2 पीस, 26 ग्राम), सोने का चैन (10 ग्राम), सोने की अंगूठी (2 पीस, 8 ग्राम), मंगलसूत्र (5 ग्राम), मांगटीका (6 ग्राम), नथिया (5 ग्राम), कान के टॉप्स (2 पीस, 6 ग्राम) तथा चांदी के पायल (4 जोड़ा, 400 ग्राम), हाँथ का पंजा (30 ग्राम), किया (4 पीस, 20 ग्राम), कटोरा (20 ग्राम), मछली (4 ग्राम), पान सुपाड़ी (55 पीस, 10 ग्राम) और कमरधनी (200 ग्राम) चोरी हो गया।

साथ ही चोरी में 78,000 रुपये नगद और महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी भी चोर ले गए। आदित्य ने बताया कि जेवर उनकी पत्नी अपर्णा सिन्हा को 2009 में शादी के अवसर पर मिले थे, और कुछ उन्होंने स्वयं खरीदे थे। चोरी की घटना के समय उनकी पत्नी और बच्चे नानी के घर शिवपुरी हजारीबाग गए हुए थे।

आदित्य कुमार ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि इस मामले में तत्काल जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्राथमिक जांच में पुलिस ने घर के ताले और गोदरेज के टूटे हुए हिस्सों को फोटो में दर्ज किया है और संदिग्धों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आईयूसीएए पुणे की प्रो. कनक साहा का आमंत्रित व्याख्यान



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में आज इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (कवउअअ), पुणे की प्रोफेसर (डॉ.) कनक साहा द्वारा आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में सुबह 11:30 बजे प्रारंभ हुआ। इसमें एम.एससी. गणित एवं भौतिकी के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो0 साहा ने ह्लएक्सोप्लैनेट्स से लेकर उच्च रेडशिफ्ट आकाशगंगाओं तक ब्रह्मांड की खोजह्व विषय पर व्याख्यान देते हुए अपने शोध कार्यों और रुचियों का परिचय दिया। उन्होंने आकाशगंगाओं की गतिकी और विकास पर किए जाने वाले अध्ययन, एन-बॉडी सिमुलेशन और सेमी-एनालिटिक तकनीकों का प्रयोग, डिस्क गैलेक्सी में बार्स और बल्ज निर्माण, स्पाइरल संरचनाओं, डार्क मैटर हैलो और सुपरमैसिव ब्लैक होल की भूमिका पर प्रकाश डाला।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सीसीएल कर्मी सह आरसीएमयु नेता का इलाज के क्रम में निधन

राष्ट्रीय खबर

**बेरमोः** कथारा स्टाफ कॉलोनी निवासी सीसीएलकर्मी सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन नेता तुलसी निशाद का दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया सीसीएलकर्मी तुलसी निशाद कैंसर रोग बीमारी से पीड़ित थे। उसे इलाज के लिए दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जहां इलाज के दौरान सीसीएलकर्मी की मंगलवार को मृत्यु हो गई।उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से एयर एंबुलेंस से रांची लिया गया।सी सी एल कर्मी आपने पीछे पत्नी एक पुत्र और दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये है सीसीएलकर्मी की मौत पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूरी यूनियन के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह,उपाध्यक्ष राजेश शर्मा,आशीष चक्रवर्ती,राष्ट्रीय कोयला मौजूद यूनियन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह,रवि सिंह,राकेश कुमार,बरियार महतो,अमरेश कृष्ण मुरारी,संजय मिश्रा,मो जुल्फिकार, होरिल महतो ने शोक जताया।

## दारू थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति और यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन

● विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिए गए जीवनोपयोगी दिशा-निर्देश




राष्ट्रीय खबर

**दारू :** दारु थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, दिग्वार में बुधवार को एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशा उन्मूलन और यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु चलाया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अभियान का संचालन दारू थाना प्रभारी ईकबाल हुसैन के निदेर्शानुसार सब इंस्पेक्टर मदन मुंडा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण में सुबह 10 बजे हुई, जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों की सही जानकारी देकर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना था।

सब इंस्पेक्टर मदन मुंडा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग छोटी उम्र में ही नशे की गिरफ्त में आ रहा है, जो उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट) के तहत लागू कानूनों की जानकारी भी दी, जिससे छात्र समझ सकें कि नशा करना और उसका व्यापार कानूनन अपराध है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है और परिवारों को भी इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। दारू थाना प्रभारी ईकबाल हुसैन ने बताया कि दारू प्रखंड से नशे को जड़ से खत्म करना हमारी प्राथमिकता है।

## एमबीबीएस छात्र पर जबरन विवाह का दबाव, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी - पीड़ित ने मांगी पुलिस सुरक्षा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र विकास कुमार ने अपने गांव की एक युवती और उसके परिजनों पर जबरन विवाह का दबाव बनाने, ब्लैकमेल करने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने थाना प्रभारी बड़कागांव एवं आरक्षी अधीक्षक, हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की मांग की है। विकास कुमार, ग्राम + पोस्ट हरली, थाना बड़कागांव निवासी तिलनाथ महतो के पुत्र हैं। उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम हरली की अंजलि कुमारी, उसके पिता बालेश्वर महतो तथा परिजन साजिश के तहत उन पर शादी का दबाव बना रहे हैं। जब उन्होंने इनकार किया, तो आरोपितों ने धमकी दी कि अगर शादी नहीं करोगे तो तुम्हारी पढ़ाई और नौकरी दोनों खत्म कर देंगे, साथ ही जान से भी मार देंगे।

पीड़ित छात्र ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार गांव में पंचायत स्तर पर समझौते का प्रयास किया गया, परंतु अंजलि कुमारी और उसके पिता ने पंचायत की बात मानने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उक्त पक्ष ने हजारीबाग महिला थाना में भी झूठा मामला दर्ज कराकर उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश की है। विकास कुमार ने कहा कि निरंतर सामाजिक दबाव और धमकियों के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है.

## बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने किया डॉ. प्रवीण होम्योपैथिक क्लिनिक का उद्घाटन

● ग्रामीण क्षेत्र में सस्ती और प्रभावी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की पहल



राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही धनबाद रोड स्थित डॉ0 प्रवीण होम्योपैथिक क्लिनिक का उद्घाटन मंगलवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती और प्रभावी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति बिना किसी साइड इफेक्ट के कई जटिल बीमारियों का सुरक्षित और स्थायी उपचार प्रदान करती है।

क्लिनिक के संचालक डॉ0 प्रवीण कुमार ने बताया कि यहां साइटिका, पाइल्स, डायबिटीज, गठिया, चर्म रोग, महिलाओं एवं शिशुओं से संबंधित बीमारियों का इलाज अत्यंत कम शुल्क में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही पश्चिम मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, मुखिया शमशेर आलम सहित कई मौजूद थे।

मांगें

### ग्रामीण चिकित्सकों ने की विशेष प्रशिक्षण की मांग- कहा

## सरकार ग्रामीण चिकित्सकों को क्षेत्र में चिकित्सा सेवा का अवसर दे



राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक प्रखंड के लक्ष्मी नारायण मंदिर, बड़ा अखाड़ा परिसर में 15 अक्टूबर को नवीन ग्रामीण स्वास्थ्य संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीण चिकित्सक पिछले 25 से 30 वर्षों से दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। कोविड काल के दौरान भी इन चिकित्सकों ने निःस्वार्थ भाव से चिकित्सा सेवा देकर अनेक लोगों की जान बचाई।

चिकित्सकों ने कहा कि वे लंबे समय से ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। अधिकांश ग्रामीण चिकित्सक अब उम्रदराज हो चुके हैं और उनका पूरा परिवार इसी पेशे पर निर्भर है। इस उम्र में वे कोई अन्य कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सरकार से मांग की गई कि उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा जारी रखने की अनुमति दी जाए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन अपनी मांगों को लेकर शीघ्र ही झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग से मुलाकात करेगा। बैठक में हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक शामिल हुए।

इस अवसर पर डॉ. कौशल कुमार मेहता (सचिव, नवीन ग्रामीण स्वास्थ्य संगठन), अरविंद कुमार, डॉ. दिनेश, योगेंद्र प्रसाद, सरोज पंडित, टोटन बागची, कृष्णा ठाकुर, उमेश मेहता, नवीन शर्मा, कपिल विश्वास, रामोतार ठाकुर और जगत प्रसाद सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे। ग्रामीण चिकित्सकों ने एक स्वर में कहा कि सरकार उनकी वर्षों की सेवा का सम्मान करे और उन्हें उचित मान्यता प्रदान करे।

## गिरिडीह सांसद रविंद्र कुमार पांडे नाला विधानसभा सम्मेलन में हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**बेरमोः** झारखंड भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आज ताल मैरिज हॉल, कुटुमडीह, नाला विधानसभा क्षेत्र में एक भव्य विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में गिरिडीह के 16वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडे बतौर सम्मेलन प्रभारी के रूप में सम्मिलित हुए और कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

अपने संबोधन में 16 वीं लोकसभा सांसद श्री रविंद्र कुमार पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है, जहाँ देश का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लआत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्व का उद्देश्य न केवल देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि जनता में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति विश्वास और गर्व की भावना को भी जागृत करना है जिससे कि लोगों को अधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध हो सके।

## उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं का त्वरित निपटान सुनिश्चित

अशोक कुमार शर्मा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण एवं आमजन अपने आवेदन और शिकायतों के साथ उपस्थित हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित और संवेदनशील निपटारे के निर्देश दिए।

आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, एनटीपीसी मुआवजा, म्यूटेशन, छेड़खानी, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं।



मुख्य मामले एवं दिए गए निर्देशः

केरेडारी राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सलगाः प्रधानाध्यापक सुखदेव यादव ने सहायक शिक्षक प्रेमनाथ कुमार महतो द्वारा अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत उपायुक्त को दी। उपायुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा अधीक्षक को मामले की जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

15वें वित्त आयोग की राशि गबनः ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुखिया द्वारा राशि के दुरुपयोग की शिकायत की।

## शहर >> अपडेट

### शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई को मातृ शोक, कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अररुआ खुर्द निवासी प्रतिष्ठित व्यवसाई बबलू गुप्ता और जेपी गुप्ता की 72 वर्षीय मां मृदुला देवी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिनका दाह संस्कार थाना रोड बटाने नदी घाट पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुखाग्नि दिवंगत मृदुला देवी के छोटे पुत्र सोनू गुप्ता ने दी। उनके निधन से शहर के कई व्यवसायियों, दुकानदारों , प्रबुद्ध लोगों , सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोक जताने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल गुप्ता सहित कई शामिल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पारिवारिक विवाद के कारण 60 वर्षीय बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी सुखलाल साव उम्र 60 वर्ष पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक तनाव में आकर मंगलवार को जहरीला पदार्थ का शेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसके कारण उनकी हालत गंभीर हो गई।

इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।जहां इलाज के बाद भी उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान अस्पताल पहुंच कर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लिया।

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद फुटबॉल कबड्डी दौड चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ 16 को

**गुमला।** सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट गुमला के तत्वावधान में दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को रायडीह के शहीद बख्तर साय स्टेडियम रायडीह में, प्रखंड स्तरीय खेलकूद फुटबॉल कबड्डी दौड हाई जम्प चयन प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है।,,, दिनांक 17अक्टूबर को एस एस हाई स्कूल घाघरा खेल मैदान में तथा दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा सिसई में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल कबड्डी दौड़ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाहन के 09:30 बजे की जाएगी।यह जानकारी मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत खेलकूद एवं युवा मंत्रालय द्वारा खेलकूद चयन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार

### सप्लाई पाईप हुआ क्षतिग्रस्त, नालियों का गंदा पानी पाईप मे घुसने की आशंका

# जारंगडीह के कॉलोनियों में नालियों के रास्ते होती है पेयजल का सप्लाई

● मामला सीसीएल सिविल विभाग से जुड़ा

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के 16 नंबर आवासीय कॉलोनी वासियों के लिये सीसीएल द्वारा जलापूर्ति नाली के रास्ते किया गया। यह आज से नही वर्षों वर्ष से चल रहा है मगर पाइप लाइन काफी पुराना व सड़ जाने के कारण जगह जगह से पाइप फट गया और वहां से काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है जिसे लोगो द्वारा किया तरह बांधा गया है ताकि सुचारू रूप से उनके घरे तक पानी पहुच जाये। मगर नाली के ठीक बगल से पाइप लाइन गुजरने और पाइप के क्षतिग्रस्त होने के कारण नाली का पानी पाइप के अंदर पहुचना कोई अचम्भा की बात नही। यानी नाली का पानी पाइप मे सप्लाई के जलापूर्ति के साथ लोगो के घरों तक आसानी से पहुच रहा है जिसे देखने वाला कोई नहीं। यह पुरा मामला सीसीएल के सिविल



विभाग के अधिन आता है। इस पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुदेश भूईया की माने तो इस मामले को लेकर उनके द्वारा कई बार सिविल विभाग के अधिकारीयों को शिकायत की गई मगर कोई पहल नहीं होता देख स्थानीय लोगों के सहयोग से जैसे तैसे क्षतिग्रस्त पाइप को बांधने का प्रयास किया गया मगर यह नाकाफी साबित हो रहा है। उनका कहना है कि जब पाइप ही क्षतिग्रस्त हो गया और सप्लाई के समय उससे पानी बाहर निकल सकता है तो किया उस क्षतिग्रस्त पाइप मे नाली का पानी नही घुस सकता। उन्होंने सीसीएल अधिकारियों की लापरवाही की तिखी शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि अधिकारियों की लापरवाही न नजर अंदाजी के कारण हमारे पंचायत के लोग गंदा व दुषित पानी पिने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले के कारण लोगो मे सीसीएल सिविल विभाग के अधिकारीयों के प्रति काफी आक्रोश है। अब सवाल उठता है कि सिविल विभाग ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर क्यों आंखे बंद कर लेती है। लोगों सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक से निवेदन किया है कि इस क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की जल्द से जल्द मरम्मती करवाये और लोगो नारकीय जीवन से बाहर निकाले। लोगो का कहना है कि सीसीएल कम से कम शुद्ध पेयजल तो क्षेत्र वासियों को मुहैया करवाये। अब देखना बाकि होगा कि जीएम साहब इस मामले पर कब संज्ञान लेते है और लोगो को शुद्ध जलापूर्ति उपलब्ध करवाते हैं।

# सीसीएल सीकेएस ढोरी ने स्वं दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि पर मनाया सामाजिक समरसता दिवस



### स्वं दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन के नेता के रूप में विख्यात रहे: रविंद्र

राष्ट्रीय खबर

**फुसरो.** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी के कार्यकताओं द्वारा ढोरी खास स्थित कार्यालय में स्वं दत्तोपंत ठेंगड़ी के पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम का अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल रविदास एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया. यहां लोगों ने स्वं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर संगठन के गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा व भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला के संगठन मंत्री संत सिंह उपस्थित रहे. सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ सदस्य श्री मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश का नम्बर एक संगठन है आज पुरे देश मे समरसता दिवस मनाया जा रहा है. विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्वं दत्तोपंत ठेंगड़ी का त्याग तपस्या बलिदान के नारा का ताकत है कि भारतीय मजदूर संघ आज देश के नंबर वन संगठन के रूप में स्थापित है. साथ ही ढोरी क्षेत्र द्वारा समरसता दिवस पर ढोरी क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों को जीन्स टीशर्ट दिया गया।

## राष्ट्रीय खबर कॉर्नर

# जिले में सिकल सेल पुष्टि जांच हेतु होगा शिविरों का आयोजन

**गुमला:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया है। जिले के 2 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लगभग आठ लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इस अभियान के दौरान कुल 456 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें से 150 व्यक्तियों का कन्फर्मेटरी टेस्ट पूरा हो चुका है और उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है। शेष पॉजिटिव लोगों का कन्फर्मेटरी टेस्ट जल्द पूरा किया जाएगा।इस कार्य के अंतर्गत सदर अस्पताल, गुमला में कन्फर्मेटरी टेस्ट शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 17 अक्टूबर को सदर प्रखंड, भरनो और विशुनपुर के नागरिकों की जांच की जाएगी, जबकि 18 अक्टूबर को बसिया, घाघरा और शहरी क्षेत्र के नागरिकों का परीक्षण किया जाएगा। 30 अक्टूबर को चैनपुर, कामडारा और डुमरी के नागरिकों का टेस्ट होगा और 31 अक्टूबर को रायडीह, पालकोट और सिसई प्रखंडों के नागरिकों का परीक्षण किया जाएगा।

उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुमला को निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रखंडों में स्क्रीनिंग में पॉजिटिव पाए गए मरीजों को शिविर स्थल पर भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मरीजों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने साथ आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो और सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्ड अवश्य लाएं।

# पिकअप वाहन और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर में तीन महिलाएं घायल

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव स्थित अमानत नदी पुल के पास मंगलवार की सुबह पिकअप वाहन और ऑटो के बीच आमने-सामने की टक्कर में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के खाटीन गांव निवासी नर्मदेश्वर मिश्रा की पुत्री निहारिका कुमारी उम्र 25 वर्ष और छतरपुर के सिलदाग गांव निवासी स्वर्गीय गोबिंद सिंह की पत्नी सचिनता कुंवर उम्र 55 वर्ष और एक अन्य महिला के रूप में की गई है। इस घटना के बारे में घायल निहारिका कुमारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह छतरपुर से ऑटो पर सवार होकर जीएलए कॉलेज किसी काम से जा रही थी। इसी बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव के पास पिकअप वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी जिसमें तीनो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल महिलाओ को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने सुचिनता कुंवर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल दो अन्य महिलाओं का इलाज करवा रहे हैं।वही घटना के बाद पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर थाना ले गई है।

# आत्मसमर्पण करने वाले नौ उग्रवादियों के पुनर्वास पैकेज की अनुशंसा की



राष्ट्रीय खबर

**लातेहार :** मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा की समीक्षा की गई. बैठक में मुख्य रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए तथा परिवारों के सदस्य को आर्थिक सहायता प्रदान करने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा किया गया.संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया. बैठक में समिति के द्वारा प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नौ आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों को पुनर्वास पेकेज प्रदान करने का अनुशंसा किया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, मंडल कारा अधीक्षक आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा पलामू में बच्चों के चिकित्सा और स्वास्थ्य की करेगी पड़ताल

● राष्ट्रीय कोर कमेटी बच्चों के स्वास्थ्य व चिकित्सा की कराएगी पड़ताल

● पलामू जिले में तीन सदस्यीय कमेटी का किया गया गठन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** राष्ट्रीय कोर ग्रुप ने निर्णय लिया है कि झारखंड प्रदेश कमेटी स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत राज्य में बच्चों की स्वास्थ्य और चिकित्सा से संबंधित रिपोर्ट सौंपेगी। कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ई चंद्रकांत त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव निखिल त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललित चाहर दोनों अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय पांडेय शामिल थे। झारखंड प्रदेश कमेटी ने अपना एक्शन प्लान तैयार कर किया है। प्रथम फेज में राज्य के पलामू जिले को लिया गया हैं यहां पर बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित मामले को लिया गया है। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा झारखंड प्रदेश कोर टीम एमएमसीएच और पलामू जिले में बच्चों की स्वास्थ्य से संबंधित एक रिपोर्ट तैयार करेगी। पलामू में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति स्वास्थ्य विभाग कितना संवेदनशील है, इलाज और दावा वितरण की क्या स्थिति है? बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने में संबंधित चिकित्सक और कर्मचारियों सहयोग और असहयोग की पड़ताल करने आदि शामिल है। विशेष कर पलामू में ऐसे कई बच्चे जो असाध्य रोग से पीड़ित हैं और कई का इलाज चिकित्सकों के पास भी नहीं है, उन बच्चों के माता पिता को दिव्यांगता का प्रमाणपत्र प्राप्त करने में किन कारणों से लटकाया जा रहा।

# जमीन विवाद में पांकी के झामुमों प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा की मौत

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पांकी थाना क्षेत्र के डंडार गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पांकी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा की मौत हो गई।

इस घटना के बारे में मृतक की मां चिंतामणि देवी ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुन्ना सिंह अपने खेत पर खेत जोतने गए थे। इसी बीच खेत पर अरुण ठाकुर और डोमन ठाकुर से किसी बात को लेकर उनकी झगड़ा हो गई। झगड़ा होने के पश्चात अरुण ठाकुर ने मुन्ना सिन्हा के सिर पर टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों के द्वारा मुन्ना सिन्हा को इलाज के लिए मेदिनीराय




मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई सुशीला टीयू, नीरज सिंह और पुलिस जवान विकास कुमार और महेंद्र कुमार अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गए हैं। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# धनतेरस 18 अक्टूबर को, लोहे की वस्तु या प्रॉपर्टी खरीदने का नहीं बन रहा है योग

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** हिंदू धर्म में धनतेरस का अपना विशिष्ट महत्व है। धनतेरस रोशनी उमंग और खुशियों का पांच दिवसीय त्यौहार की शुरूआत का प्रतीक है। शास्त्रों के अनुसार आयुर्वेदिक उपचार पद्धति के देवता भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर अवतरित हुए थे। यही वजह है कि धनतेरस को धन्वंतरि जयंती के नाम से जाना जाता है एवं उनकी पूजा आराधना की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस के दिन धन-धान्य की देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से घर परिवार में सदैव धन वैभव सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। घर धन धन्य का भंडार सदैव बनी रहती है। माता लक्ष्मी के साथ धन के देवता कुबेर जी का पूजन का विधान है। पूजन में



आभूषण चांदी के सिक्के एवं वस्त्र अर्पण करना चाहिए।

धनतेरस की शुभ तिथि एवं मुहूर्त: वर्ष 2025 में धनतेरस शनिवार 28 अक्टूबर को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जा रहा है, जो दिन के दोपहर 12:18 बजे से शुरू होगी और 19 अक्टूबर को दोपहर 1:00 संपन्न होगी जिसका शुभ मुहूर्त है शाम 7:16 से 8:20 तक। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन लोग सोना चांदी बर्तन आभूषण नई संपति आदि की खरीदारी लोग खरीदते हैं।

नहीं बन रहे हैं शुभ नक्षत्र: पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्षी त्रवासी तिथि धन स्वास्थ्य और स्थिर समृद्धि से जुड़ी होती है लेकिन 2025 में न तो रोहिणी और ना ही पुष्य जैसे शुभ नक्षत्र का योग बन रहा है। बल्कि रेवती नक्षत्र रहेगा ऐसे में वाहन खरीदना , लोहे से बनी वस्तु या यात्रा करना अति शुभ नहीं माना जा सकता है। धनतेरस में यम दीप जलाने का महत्व: दीपावली से ठीक 2 दिन पहले धनतेरस पर दीप जलते और पूजा पाठ करने की पढ़ती है ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज को प्रसन्न करने और अकाल मृत्यु से बचने के लिए उनका पूजन किया जाता है और दक्षिण दिशा में दीपक जलाए जाते हैं।

# एफसीआई गोदाम का खिड़की तोड़ अनाज चोरी का मामला उजागर, चार दिन बाद भी नहीं हुआ मामला दर्ज

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** पीपरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम में खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी का प्रयास किए जाने का मामला उजागर हुआ है। यह घटना चार दिन पहले की बताई जा रही है बावजूद इसके अब तक संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) द्वारा इस संबंध में न तो पुलिस को सूचना दी गई है और न ही किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के अनुसार एफसीआई गोदाम की खिड़की तोड़कर दर्जनों बोरे चावल गायब करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि इस में एमओ सर्जुन राम की भूमिका संदिग्ध है। यही कारण है कि एमओ ने अभी तक न तो प्राथमिकी दर्ज कराई और न ही वरीय अधिकारियों को समय पर इसकी सूचना दी। इस बाबत जानकारी लेने के लिए एमओ सर्जुन राम से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की चोरी या खिड़की टूटने की बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि गोदाम पूरी तरह सुरक्षित है और गोदाम का न तो खिड़की टूटी है और न ही अनाज की चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि छतरपुर गोदाम से सीधे जन वितरण प्रणाली के दुकान तक अनाज भेजा जाता है।

# खाद्य दुकानों का ऑन-स्पॉट निरीक्षण, उल्लंघन पर किया जुर्माना



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा पाकुड़ शहर के विभिन्न दुकानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की ऑन-स्पॉट जांच की ।निरीक्षण के क्रम में सिद्धू कान्हू पार्क स्थित आकाश हाजरा का छोला तथा किशन डे का घुगनी का नमूना ऑन- स्पॉट जांच में संतोषजनक पाया गया। कोर्ट रोड स्थित संजय मंडल एवं कयूम अंसारी को कोटपा 2003 के नियमों का उल्लंघन करने पर ?300 का जुमार्ना लगाया गया। कोर्ट रोड स्थित सन्यासी सरदार एवं मिथुन शाहा के छोला में हानिकारक रंग पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट कराया गया तथा ?500 का जुमार्ना लगाते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। कोर्ट रोड स्थित सुनीता देवी एवं राजू गुप्ता के खाद्य पदार्थों की ऑन-स्पॉट जांच में हानिकारक तत्व नहीं पाए गए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी विक्रेताओं को स्वच्छता मानकों का पालन करने, खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंग या मिलावट का प्रयोग न करने तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

वहीं बाजरोके लोगों का मानना है कि जांच का दायरा बढ़ाना चाहिए और बड़े-बड़े दुकानदारों की सामानों की जांच होनी चाहिए। लोग बड़े-बड़े बाजार खोल कर बड़ी-बड़ी आमदनी कर रहे हैं।

## अंचल दिवस

### तीन महीने तक चले अभियान में 933 आवेदनों में से 746 का ऑन द स्पॉट निस्तारण

# जनता के द्वार प्रशासन: उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल पर विशेष अंचल दिवस के प्रथम चरण का सफल समापन

● दीपावली के बाद शुरू होगा दूसरा चरण, प्रत्येक शनिवार को पुन: आयोजित होंगे अंचल दिवस

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल पर गुमला जिले में आरंभ किया गया विशेष अंचल दिवस अभियान प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसुविधा की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल साबित हुआ है। तीन महीने तक चले इस अभियान का पहला चरण 11 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

इस दौरान जिले के सभी 12 प्रखंडों में आयोजित विशेष अंचल दिवस के माध्यम से कुल 933 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 746 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निस्तारण किया गया तथा 187 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। **जनता**



**तक पहुँचा प्रशासन, मिली राहत और बढ़ा विश्वास,जनता हुए अब जागरूक:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि जनशिकायत निवारण दिवस के दौरान अधिकतर नागरिक अंचल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु उनसे मिलने आते थे। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने अंचल दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि नागरिकों को अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े और प्रशासन स्वयं उनके क्षेत्र में पहुँचकर समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अंचल दिवस से एक ओर जहाँ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निपटारा संभव हुआ, वहीं दूसरी ओर ऐसे कई प्रकरणों का समाधान भी हो सका जिनमें एकाधिक अधिकारियों की संयुक्त निर्णय प्रक्रिया आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक अंचल दिवस में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सहित कई मौूद थे।

### राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जांच शिविर आयोजन

**पाकुड़:**आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जांच शिविर आयोजित - 192 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के शुभ अवसर पर जिला आयुष समिति, पाकुड़ की ओर से विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 192 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।यह जांच शिविर लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुटलू एवं गोंडा, महेशपुर प्रखंड के ग्वालपाड़ा तथा पाकुड़ प्रखंड के मंगलापाड़ा में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सक डॉ. मो. अफरोज आलम, डॉ. राजेश यादव, डॉ. प्रेम प्रकाश एवं डॉ. कुलेश कुमार ने बताया कि शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित बीमारियों आदि की जांच की गई।

# धनतेरस दीपावली और काली पूजा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ :** धनतेरस ,दीपावली व काली पूजा को लेकर जिले भर में उमंग एवं उत्साह का माहौल है। किंतु महंगाई ने साधारण और मध्यवर्गीय परिवार के लोगों को निराश जरूर किया है । जहां एक और लोग धनतेरस पर खरीदारी की सोच रहे हैं। दीपावली मनाने , और घर में लक्ष्मी गणेश की पूजा की तैयारी कर रहे हैं। वहीं पूजा समिति द्वारा काली पूजा, भैरव पूजा की तैयारी में जुटे हैं। राजा पाड़ा स्थित नित्य काली मंदिर एवं कली तल्ला स्थित शमशान काली पूजा अत्यंत पुरानी पूजा है । जो राज परिवार के नेतृत्व में किया जाता है। दोनों ही स्थान पर सैकड़ो की संख्या में पाठा बलि दी जाती है । इसके अलावा बालकेशरी काली मंदिर, मध्यपड़ा, पाकुड़ स्थित खेपा काली मंदिर, ग्वालपाड़ा आनंदमयी मंदिर में भी विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। यहां प्रतिमा नहीं बेठाई जाती है। वहीं पाकुड़ स्थित श्मशान काली की कोई पंडाल नहीं बनते वहां ताड़ के पत्तों एवं पुष्पों से पंडाल बनाए जाते हैं एवं अमावस्या रात पूजन प्रारंभ होती है एवं सुबह पाठा बोली के साथ पूजा संपन्न होता है। संध्या में मां ससान काली के प्रतिमा का कंधों में उठाकर विसर्जन किया जाता है। हाटपाड़ा स्थित भैरव पूजा की तैयारी अंतिम चरण में है। समितियां सजावट, लाइटिंग और पूजा व्यवस्था में जुटी हैं।

शहर >> अपडेट

### समाहरणालय मैदान में 16 एवं 17 अक्टूबर को लगेगा दीवाली हाट, दुकान लगाना निःशुल्क

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की पहल पर स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों एवं स्वदेशी उत्पादों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय दीवाली हाट का आयोजन समाहरणालय मैदान में 16 एवं 17 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा।

इस दीवाली हाट में स्थानीय कुम्हार, बांस शिल्पकार, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह एवं अन्य पारंपरिक कारीगरों को उनके उत्पादों जैसे बांस से बनी टोकरी, सूप, दीया, मोमबत्ती, माला, तोरण, झालर, दोना पत्तल, देव मूर्तियां, मिट्टी के खिलौने, पूजन सामग्री, स्थानीय मिठाईयां रहेगी।

शॉर्ट न्यूज

### निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर

**चतराः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।

इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ



राष्ट्रीय खबर

**चतराः** उपायुक्त कीर्तिश्री ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएँ सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास, मईया समान योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखा।

उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएँ सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

सफलता

**गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पीस 9 एमएम का देशी पिस्तौल,एक देशी पिस्तौल बरामद**

## बालूमाथ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हथियार समेत तीन अपराधी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

बालूमाथ : लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है । इस संबंध में मंगलवार को बालूमाथ थाना परिसर में प्रेसवार्ता आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि रांची से मैक्लुस्कीगंज के रास्ते होते हुए एक काला रंग का कार जिसमें टीएसपीसी के कुछ हथियारबंद उग्रवादी बालूमाथ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए आ रहे हैं । सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर एक छापेमारी टीम का गठन किया । जहां मुरपा पुलिस पिकेट के समीप वाहन जांच के दौरान एक काले रंग की नेक्सोन कार जेएच01जीई 1205 को पकड़ा गया ।जिसमें कार में तीन सवार लोगो के पास तलाशी के क्रम में भारी मात्रा में पिस्तौल और गोली बरामद किया गया । गिरफ्तार लोगो मे प्रताप गंझु उर्फ महादेव गंझु 29 वर्ष पिता सुंदरदेव गंझु ग्राम जानी थाना हेरहंज जिला लातेहार निवासी,संतोष गंझु 21वर्ष पिता पचाठी गंझु,अशोक गंझु उर्फ



जईठा 22 वर्ष पिता मोहन गंझु दोनो ग्राम तरवा थाना पिपरवार जिला चतरा निवासी शामिल है ।वही गिरफ्तार अपराधी में प्रताप गंझु उर्फ महादेव गंझु पर पूर्व में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलशेर खान के हत्या के आरोप में जेल जा चुका है ।जिसपर बालूमाथ थाना में पांच मामले एवं हेरहंज थाना में दो मामले दर्ज है ।वही गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पीस 9 एमएम का देशी पिस्तौल,एक देशी पिस्तौल,तीन एंड्रॉइड मोबाइल,नौ पीस कीपैड मोबाइल,20 पीस 7.62 एमएम,18 जिंदा गोली 9 एमएम,दो देशी पिस्तौल जिंदा गोली,नेक्सन कार,5 पीस राउटर एवं कोयला एवं अन्य व्यापारियों के मोबाइल नंबर और मांगी गई लेवी से संबंधित पॉकेट डायरी और नोटबुक,टीएसपीसी का पर्चा (31) बरामद हुआ ।वही इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी,सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार,अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा,होसेन डांग,मुरपा पिकेट प्रभारी,एसआई गौतम कुमार समेत बालूमाथ थाना एवं मुरपा पिकेट सशस्त्र बल के जवान शामिल थे । वही आगे बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता है । जो भी पदाधिकारी इसमें शामिल है । उन्हें रिवार्ड के लिए लिखा जाएगा ।

## पूर्व विधायक बबीता देवी ने विभिन्न विकास योजनाओ का शिलान्यास किया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनियाः** गोमिया विधानसभा के माननीय पूर्व विधायक बबीता देवी ने मंगलवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलबुल के कारीटोंगरी में वीर सिद्धु-कान्हु की आदमकद प्रतिमा एवं शेड निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इसके बाद उन्होने कोदवाटांड़ में आरिफ अंसारी के घर के सामने से अब्दुल सतार के घर की ओर 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य, ललपनिया के कोचाकुल्ही सरना स्थल परिसर में सरना भवन निर्माण कार्य,ललपनिया बस्ती स्थित कब्रिस्तान में शेड निर्माण कार्य,टिकाहारा पंचायत के ग्राम ऐदलकोचा, केरी में दिनेश बेसरा के कुआँ के सामने से दोबाटिया तक 300 फीट पी.सी.सी पथ और ललपनिया पंचायत के ग्राम अईयर में महावीर मांझी के घर से शमशान घाट की ओर 300 फीट पी.सी.सी पथ तथा नागेश्वर मांझी के घर से शमशान घाट की ओर 300 फीट पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य,टिकाहारा में शौचालय (बोरिंग, मोटर पंप एवं पाईप लाइन सहित) निर्माण कार्य,टिकाहारा पंचायत के ग्राम कसियाडीह स्थित सिदो-कान्हु फुटबॉल मैदान में हूल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो-कान्हु की प्रतिमा का अधिष्ठापन कार्य एवं बड़कीपुन्नू में विनोद यादव के घर से द्वारिका गोप के घर की ओर 500 फीट पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का विधिवत शुभ शिलान्यास किया। इस दौरान विभिन्न गांवो के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को ने उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

राष्ट्रीय खबर कॉर्नर

## राष्ट्रहित में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है: टिंकू महतो

● राष्ट्रीय सैल्यूट तिरंगा मे झारखंड प्रदेश युवा महामंत्री बनाए जाने से लोहरदगा जिला एवं पुरे छेत्र मे खुशी का महौल

राष्ट्रीय खबर

लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरा के जिलिंग गांव निवासी टिंकू महतो को बेहतर कार्य करने तथा आम जनों से सीधा संवाद करने की प्रक्रिया को देखते हुए देश हित एवं राष्ट्रीहित में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी दि गई है टिंकू महतो को राष्ट्रीय सैल्यूट तिरंगा मे झारखंड प्रदेश युवा महामंत्री बनाया गया है टिंकू महतो ने सेल्यूट तिंरगा के संरक्षक मनोज तिवारी उत्तर पूर्वी दिल्ली संसद राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ



राजेश झा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी करण पाठक लवली पाठक को आभार व्यक्त करते हुए कहा आशा एवं पूर्ण विश्वास दिलाता हूं राष्ट्रीय सैल्यूट तिरंगा के सभी अनुशासन को अवश्य पालन करेंगे और जो भी मुझे जिम्मेदारी दी गई है उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे

## सभी राशन कार्डधारकों का बनवाएं आयुष्मान कार्ड, निर्धारित मात्रा से नहीं हो खाद्यान्न की कटौती : डॉ ताराचंद



● उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की बैठक, दिए निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आज आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी राशनकार्डधारी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। पीवीटीजी समूह का भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए उक्त क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित कर सभी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। कोई भी परिवार आयुष्मान कार्ड के तहत मिलनेवाली सुविधाओं से वंचित ना रहे।

**लाभुकों को मिले निर्धारित मात्रा**

उपायुक्त ने कहा कि सभी लाभुकों को राशन कार्ड के अनुसार निर्धारित मात्रा में अनाज मिले। किसी भी लाभुक को अगर कम राशन तौलने या दिये जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति के लिए लैम्प्स में मानक के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में चना दाल का वितरण, कार्ड के अनुसार खाद्यान्न वितरण, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**चतराः** जल संसाधन विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा के तत्वावधान में आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 7वीं लघु सिंचाई गणना, 2वीं जल निकाय गणना एवं 1वीं स्प्रिंग्स गणना से संबंधित प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधियों एवं फील्ड कार्य के दिशा-निदेशों की जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान करना था।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर (सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम कार्यपालक अभियंता उमेश बड़ाईक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तकनीकी प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर कुनाल पांडे, सुधामा पासवान एवं अनुज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। समूचे कार्यक्रम का संचालन विपुल दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अकाउंटेंट सहाब दीपक कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता अमित रंजन, धर्मेंद्र कुमार, मो० समीर आलम, अभय एक्का सहित कार्यालय के अन्य सभी कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला में अंचल कार्यालयों से नामांकित प्रगणकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कीर्तिश्री जी ने प्रतिभागियों को अपने कार्य में सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए प्रशिक्षण टीम को बधाई दी।

## राजस्थान में संगठन को मजबूत करना मुख्य उद्देश्य : सांसद सुखदेव भगत



राष्ट्रीय खबर

लोहरदगा सांसद सह राजस्थान राज्य के एआईसीसी ऑब्जर्वर श्री सुखदेव भगत संगठन सृजन अभियान के तहत राजस्थान पहुंचे ।राजस्थान के राजसमंद जिला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से राजस्थान पहुंचे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी ने गुजरात, मध्य प्रदेश ,झारखंड राज्य के तर्ज पर राजस्थान में भी सभी जिलों में जिला अध्यक्ष के चयन करना है जिसमें जिला एवं सभी प्रखंडों के कार्यकताओं और नेताओं की रायसुमारी लेंगे ।आम कार्यकताओं की बात आलाकमान तक पहुंच सके इसके लिए पारदर्शी तरीका से पैनल तैयार किया जाएगा। पैनल में 6 जनों का नाम शामिल किए जाएंगे ।

## हरिनमरवा की टीम ने मरकच्चो को क्रिकेट मैच में 24 रन से हराया



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चोः** एमसीसी क्लब के बैनर तले मरकच्चो स्थित क्रिकेट मैदान में चल रहे नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को एमसीसी क्लब मरकच्चो बनाम आदर्श युवा क्लब हरिनमरवा राजधनवार के बीच खेला गया। जिसमें हरिनमरवा की टीम ने मरकच्चो को 24 रनो से हराकर खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आदर्श युवा क्लब हरिनमरवा की टीम ने निर्धारित दस ओवर में आठ विकेट पर 99 रन बनाया जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी मरकच्चो की टीम 75 रन ही बना सकी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी ने विजेता व उप विजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रो के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन बना राज्य का पहला ऑटोनॉमस बी.एड. कॉलेज

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोडरमा को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वायत्त दर्जा प्रदान किया गया । जिसकी अधिसूचना विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी कर दिया गया है। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज के लिए बल्कि पूरे झारखंड राज्य एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि यह झारखंड राज्य का पहला स्टैन्डअलोन बी.एड. महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का पहला स्वायत्त महाविद्यालय बना। स्वायत्त मिलने के पश्चात महाविद्यालय को विभिन्न प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे जिसमें




महाविद्यालय स्वयं का नए पाठ्यक्रम (उ४११ू४ह्ल४) तैयार कर सकेगा, जो आधुनिक समय की जरूरतों और रोजगारोन्मुख शिक्षा से जुड़ा होगा ।

साथ ही साथ तेजी से निर्णय लेने और कार्यान्वयन की स्वतंत्रता मिलने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी । इसके साथ ही अनुसंधान नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे तथा विद्यार्थियों को रोजगार-उन्मुख और व्यावहारिक शिक्षा का लाभ के साथ नए कोर्स, आधुनिक शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन प्रणाली से छात्रों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी । राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी और एक्सचेंज प्रोग्राम की संभावनाएँ बढ़ेंगी एवं परीक्षाओं और परिणामों की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध होगी।

महाविद्यालय प्रबंधन ने इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी के उचित मार्गदर्शन एवं सतत प्रयास का प्रतिफल बताया

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा का गरिमामय आगमन

राष्ट्रीय खबर

**कुडूः** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा का गरिमामय आगमन हुआ। उनके साथ रांची विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय, पलामू के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार एवं विभाग प्रमुख ब्रेन कुमार टुडू जी का भी आगमन हुआ।



इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी एवं प्रधानाचार्य मनोहर मोदी उपस्थित रहें। प्रदेश सचिव ने विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि की गुणवत्ता एवं विद्यालय परिसर का अवलोकन किए। कक्षा कक्ष अवलोकन के दौरान उन्होंने शिशु वाटिका के दीदी जी को गतिविधि के साथ पढ़ाकर दिखलाए एवं बच्चों को उत्साहित किए। कक्षा सप्तम में उन्होंने भैया बहनों को अंग्रेजी स्पोकेन के अभ्यास कराते हुए स्पोकेन के टिप्स भी दिए। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष से मिलकर विद्यालय मान्यता हेतु विद्यालय भूमि कम से कम दो एकड़ की व्यवस्था के लिए विचार विमर्श किए। वे पूर्वाह्न 3 बजे विद्यालय से प्रस्थान किए।

बैठक

## स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में उप विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2, जल जीवन मिशन तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झुमरीतिलैया, सहायक अभियंता, बीडीओ, कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक, सभी प्रखंड वॉश समन्वयक एवं अन्य उपस्थित थे।

बैठक में ओडीएफ प्लस पंचायतों की संख्या में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी पंचायतों में सामुदायिकएवं व्यक्तिगत शौचालयों की



कार्यशीलता, दैनिक सफाई, और अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति का सत्यापन किया जाए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत संकलन, पृथक्करण, कंपोस्टिंग, एवं गड्ढा निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया कि वीडब्लूएससी को एडवांस दी गई राशि का एमबी बुक करते हुए कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

### कोचिंग संस्थानों का डीईओ ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

कोडरमा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम के नेतृत्व में जिले के तिलैया डैम स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि डीईओ ने इस दौरान कोचिंग संस्थानों में पठन पाठन सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने बताया कि तिलैया डैम में संचालित चार कोचिंग सेंटर में रख रखाव, बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा शुल्क, अन्य व्यवस्था की जांच की गई। जांच रिपोर्ट डीसी को सौपा जाएगा।

## जयनगर में ब्लॉक लेवल बैंकर कमेटी की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**जयनगरः** प्रखंड सभागार में ब्लॉक लेवल बैंकर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने की। एलडीएम विमल झा की उपस्थिति में बैंकिंग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में ग्रामीण जनता को सरकार की वित्तीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने, बैंकिंग प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने और सभी ग्राहकों तक सेवाओं को समय पर पहुँचाने के उद्देश्य पर विशेष जोर दिया। इस दौरान यह निर्देश दिया गया कि सभी बैंक शाखाएँ लाभुकों को बेहतर सेवा प्रदान करें और योजनाओं की जानकारी पारदर्शी ढंग से



साझा करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। बैठक में जयनगर स्थित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ-साथ जेएसएलपीएस के बीपीएम नीतीश कुमार, आवास प्रखंड समन्वयक सुमित कुमार झा, पंचायती राज विभाग से विवेक कुमार, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सनोज कुमार, प्रखंड उद्योग समन्वयक मनोरंजन कुमार, एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जन शिकायत कोषांग की बैठक, समस्याओं पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** उपायुक्त कोडरमा द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है।

इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है। इसी क्रम में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आमजनों से जुड़ी समस्याओं पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से संबंधित आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अनुमंडल कार्यालय से संबंधित विधि-व्यवस्था के संधारण से जुड़े आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही, उपायुक्त ने थाना दिवस के माध्यम से जमीन विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन का निर्देश भी दिया। उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में जनता दरबार का नियमित आयोजन करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर समेत पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### भारतीय टीम से ड्रॉप हुए करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में की वापसी, देवदत्त पडिकल शतक से चूके



**नईदिल्ली** :भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हुए करुण नायर ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। नायर को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए मौका नहीं दिया गया। रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दिन करुण ने अर्धशतकीय पारी खेली। देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर और आर स्मरण के दमदार अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 295 रन बनाए।पडिक्कल (96 रन, 141 गेंद, 11 चौके) और नायर (73, 126 गेंद, नौ चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। इन दोनों ने उस समय पारी को संवारा जब बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (100 रन पर चार विकेट) ने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस और कप्तान मयंक अग्रवाल को पारी की शुरुआत में जल्दी पवेलियन भेजा। दिन का खेल खत्म होने पर स्मरण (नाबाद 66 रन, 120 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ अनुभवी श्रेयस गोपाल क्रीज पर डटे थे। जोस और अग्रवाल के केवल 26 रन तक पवेलियन लौटने के बाद कर्नाटक की टीम लड़खड़ा रही थी और पडिक्कल तथा विदर्भ के साथ दो सत्र खेलने के बाद वापस लौटे नायर ने पारी को संवारा। पडिक्कल ऑफ साइड पर सहज दिखे और उन्होंने उस क्षेत्र में 10 चौके जड़े और इस दौरान कुछ बेहतरीन कट और ड्राइव लगाए। दूसरी ओर नायर ने फाइन लेग और स्क्वायर लेग के बीच पांच चौके लगाए। जडेजा ने नायर को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा और फिर पडिक्कल को बोल्ड करके कर्नाटक का स्कोर चार विकेट पर 195 रन कर दिया। सौराष्ट्र कर्नाटक पर दबाव बनाने के लिए कुछ और मौके बनाने की उम्मीद कर रहा था लेकिन स्मरण और श्रेयस गोपाल (नाबाद 38 रन) ने छठे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी करके मेजबान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**जीत** अफगानिस्तान का बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप

# तीसरे वनडे में 200 रन से हराया

▶▶ बिलाल सामी ने 5 विकेट लिए

राष्ट्रीय खबर




**नईदिल्ली**:अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को तीसरे वनडे में 200 रन से हरा दिया। जीत के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। मैच में 5 विकेट लेने वाले बिलाल सामी प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं, इब्राहिम जादरान को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। अबू धाबी में मंगलवार को खेले गए तीसरे वनडे में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 293 रन बनाए। 294 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश 27.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई।जादरान ने 95 रन बनाए पहली बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान के लिए ओपनर इब्राहिम जादरान ने सबसे ज्यादा 95 रन की पारी खेली। उन्होंने 111 बॉल की पारी में 7 चौके और 2 छक्के जड़े। उनके अलावा मोहम्मद नबी ने 37 बॉल पर 62 और रहमानुल्ला गुरबाज ने 42 रन का योगदान दिया। तीन मैच में 213 रन जड़ने वाले जादरान को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। बांग्लादेश की ओर से सैफ हसन ने 3 विकेट हासिल किए। हसन महमूद और तनवीर इस्लाम ने 2-2 विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज को एक विकेट मिला।10 बैटर दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके जवाब में टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। टीम के 10 बैटर दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ओपनर सैफ हसन 43 रन के साथ टॉप स्कोरर रहे। अफगानिस्तान की ओर से बिलाल सामी ने 7.1 ओवर में 33 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। बिलाल प्लेयर ऑफ द मैच बने। राशिद खान ने 2 विकेट लिए।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### विमेंस वर्ल्ड कप- न्यूजीलैंड और श्रीलंका मैच बेनतीजा

**नईदिल्ली** :विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 15वां मैच बेनतीजा हो गया। मंगलवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बैटिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 258 रन बना लिए। इसके बाद बारिश होने लगी, न्यूजीलैंड की टीम बैटिंग नहीं कर सकी और मुकाबला बेनतीजा रहा। श्रीलंका की मजबूत शुरूआत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका को ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई। विष्मी गुणारत्ने और कप्तान चमारी अटापट्टू ने 101 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। अटापट्टू 53 और गुणारत्ने 42 रन बनाकर आउट हुईं। नंबर-3 पर उतरीं हसिनी परेरा ने फिर हर्षिता समरविक्रमा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली।निलाक्षी की फास्टेस्ट फिफ्टी हर्षिता 26 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद कविशा दिलहारी 4 और हसिनी 44 रन बनाकर आउट हो गईं।

# रोहित-कोहली भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली**:पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली बुधवार को भारतीय टीम के पहले बैच के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवना हुए। दोनों को दिल्ली एयरपोर्ट में देखा गया। उधर, पैट कमिंस ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियन फैंस के लिए यह रोहित और कोहली को घर में खेलते हुए देखने का शायद आखिरी मौका है। रोहित और कोहली 9 मार्च को खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी टेस्ट मैच भी ऑस्ट्रेलिया के इसी साल सिडनी में खेला था। भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 19 अक्टूबर से शुरू हो रही है।भारतीय टीम के पहले बैच में रोहित-कोहली के साथ नए कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा रवाना हुए हैं। शाम को हेड कोच गौतम गंभीर और बचा हुए सपोर्ट स्टाफ रवाना होगा।टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने एक दिन पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि रोहित-कोहली आगामी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हालांकि उन्होंने 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में इन दोनों के खेलने की संभावनाओं के बारे में कुछ नहीं कहा। गंभीर ने कहा था- 'वनडे वर्ल्ड कप अभी ढाई साल दूर है। वर्तमान में रहना बहुत जरूरी है। जाहिर है वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे वापसी कर रहे हैं। उनका अनुभव ऑस्ट्रेलिया में काफी उपयोगी साबित होगा।' इससे पहले 19 सितंबर को रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को नया भारतीय कप्तान बनाया गया था। रोहित और कोहली पहले ही टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट ले चुके हैं।

## रोहित शर्मा के पास ऑस्ट्रेलिया में धांसू इतिहास रचने का मौका



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली**:हिटमैन रोहित शर्मा के नाम इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वनडे मैचों में सबसे ज्यादा छक्के ठोकने का रिकॉर्ड दर्ज है। वह अब तक 46 वनडे मैचों में 88 सिक्स लगा चुके हैं। रोहित के पास आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर धांसू इतिहास रचने का गोल्डन चांस है। उन्हें सिर्फ 12 छक्कों की जरूरत है। रोहित वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 सिक्स जड़ने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन सकते हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है।लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल हैं। मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ 33 वनडे मैचों में 45 छक्का जमाए हैं। वह चोटिल होने के कारण आगामी वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया वनडे मैचों में केवल 35 छक्के लगाए। उन्होंने 1991 से 2012 तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 71 वनडे मुकाबले खेले।पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी फेहरिस्त में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 55 वनडे मैच खेलने के बाद 33 छक्के उड़ाए।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और आरोन फिंच संयुक्त रूप से पांचवें नंबर पर हैं। पोंटिंग ने भारत के सामने 59 मैचों में 32 सिक्स ठोके। वहीं, फिंच ने 32 मैचों में 32 चक्के लगाए।

# अंडर-21 हॉकी में भारत-पाकिस्तान ने हाथ मिलाया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली**:सुल्तान ऑफ जोहर कप हॉकी टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला ड्रॉ हो गया। अंडर-21 वर्ग का टूनार्मेंट मलेशिया के जोहर बाहरु में खेला जा रहा है। मंगलवार को भारत-पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 3-3 के स्कोर के साथ खत्म हुआ। आखिरी क्वार्टर में भारत ने 2 गोल दागकर मैच ड्रॉ कराया। खास बात यह रही कि मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने हैंडशेक भी किया। इसी साल हुए पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव की स्थिति है। जिस कारण मेंस क्रिकेट एशिया कप और विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के प्लेयर्स ने एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया था, लेकिन हॉकी में ऐसा कुछ नहीं हुआ।जोहर के तमन दया हॉकी स्टेडियम में मंगलवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया। पाकिस्तान ने पहले क्वार्टर से ही अटैकिंग हॉकी खेली और पांचवें मिनट में गोल दाग दिया। टीम को कप्तान शाहिद हनान ने पेनल्टी स्ट्रोक में गोल स्कोर कर बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमों को 1-1 पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, लेकिन दोनों ही टीमें स्कोर नहीं कर सकीं। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत के किंगसन सिंह थोकचोम को ग्रीन कार्ड भी मिला। जिस कारण उन्हें 2 मिनट के लिए फील्ड से बाहर होना पड़ा।दूसरे क्वार्टर में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं। पाकिस्तान को 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर जरूर मिला, लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी। 20वें मिनट में भारत के अनमोल इक्का को यलो कार्ड मिला, जिस कारण उन्हें 5 मिनट के लिए फील्ड से बाहर रहना पड़ा। हाफ टाइम के बाद पाकिस्तान 1-0 से आगे रहा।

**मलाल** करोड़ों संगीतप्रेमियों के दिलों में बसे हैं किशोर कुमार

# किशोर कुमार को मरणोत्तर 'भारत रत्न' सम्मान क्यों नहीं ....

सौमेन मुखर्जी



भारतीय सिने जगत के हरफनमौला कलाकार एवं प्रख्यात पार्श्व गायक किशोर कुमार जो अपनी विलक्षण एवं बहुमुखी प्रतिभा से न केवल भारतवर्ष बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में करोड़ों संगीतप्रेमियों एवं सिने प्रमियों के दिलों में अलग पहचान बनाये साथ ही पार्श्वगायन में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए उन्हें रिकॉर्ड आठ बार 'फिल्म फेयर' अवार्ड से नवाजा गया।

जिनका मधुर एवं दिलकश आवाज और अपनी अभिनय कौशल से आज भी लोगों के दिलों में बसने वाले प्राप्त महान कलाकार को न ही जीवित अवस्था और न ही उनके देहांत के बाद 30 सालबाद भी भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न नहीं दिया जाना हम सब संगीतप्रेमियों एवं किशोर कुमार के प्रशंसकों के लिए बेहद दुःखद और अफसोस की बात है कि भारत माता के इस अनमोल रतन को 'भारत रत्न' साथ ही भारत सरकार की अन्य राजकीय सम्मान नहीं दिया जाना बहुत बड़ी भूल और अत्यंत दुखद बात है।

किशोर कुमार की विशेषताएं

किशोर कुमार ऐसे कलाकार थे जिन्होंने संगीत की विधिवत तालीम किसी से नहीं ली, यह सब उनके बहुमूखी प्रतिभा का कमाल है कि वह जितने बेहतरीन गाना गाते थे उतनी ही अच्छा रूपहले पर्दे पर अभिनय कर सबका मनोरंजन करते थे। इसके अतिरिक्त वह बाद में अपने नाम से किशोर कुमार फिल्मस के बैनर तले कई बेहतरीन फिल्मों का निर्माण करने के साथ ही कई फिल्मों का निर्देशन और संगीत निर्देशक की भूमिका भी निभाए । बतौर अभिनेता फिल्मों के रूपहले पर्दे पर उनका जलवा दिखा साथ ही पार्श्वगायन में उनके सुरीली आवाज का जादू लगातार चार दशकों 1948 . 1987 तक चला जिसकी भूरि. भूरि प्रशंसा की गयी और उनके जादुई आवाज के बदौलत भारतीय सिने जगत के प्रख्यात सितारे देवानंद, राजेष खन्ना, अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर, मिथुन चक्रवर्ती समेत कई अन्य कलाकारों को फिल्मों में अलग पहचान मिली साथ ही फिल्म भी हिट साबित हुई। आज भी उनके द्वारा प्रस्तुत अमर गीत समाज में आयोजित सांस्कतिक कार्यक्रमों एवं टीवी के पर्दे पर रिएलिटी शोज में सिर चढकर बोलता है एवं बगैर उनके गीतों से महफिल अधुरा लगता है। यह बात कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि किशोर कुमार जैसा कलााकार न पैदा हुआ और न ही दूसरा पैदा होगा, वह सचमुच अलबेला कलाकार हैं किसी और कलाकार से तुलना नहीं की जा सकती। गायकी में वह अपनी अलहदा अंदाज यानी वॉयस मॉडयूलेशन और सुमधुर आवाज से सबको मोहित कर देते थे और हर तरह के गीतों रोमांटिक, दर्द, मस्ती भरा, भजन,लोरी, कवाली गीतों में अनायास अंदाज में आवाज देने में माहिर थे। रूपहले पर्दे पर भी ठीक वैसे ही हंसी .मजाक के साथ ही फिल्मों के कहानी के अनुसार गंभीर (सीरियस) अदाकारी को भी अच्छी तरह से निबाह कर लोगों को हैरत में डाल देते थे। किशोर कुमार द्वारा अभिनीत फिल्मों में 'पडोसन' चलती का नाम गाड़ी, 'हाफ टिकट' दिल्ली का ठग, आलूकोचुरी, समेत अन्य फिल्मों को टीवी के पर्दे पर देख आज भी लोग हंसते हंसते लोटपोट खा जाते हैं । किशोर दा अपने जीवन में हमेशा हंसते और मस्ती के मूड में रहते थे, इन सबके अतिरिक्त वह बखूबी संगीतकार की भूमिका निभायी जिनमें से अधिकतर गीत लोगों को आज भी मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वह अपनी विलक्षण प्रतिभा खासकर अपनी गायकी से लोगों को दीवाने बनाये साथ ही शोहरत और लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद भी इस महान कलाकार को 'भारत रत्न' सम्मान न देना नाइंसाफी लगता है।

मालूम हो कि उक्त सम्मान सामाजिक गतिविधि, कला.संस्कति , खेल. कुद, समेत अन्य क्षेत में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया जाता है। इसी कड़ी में अभी तक देश के हुनरमंद प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व जैसे लता मंगेशकर, उस्ताद बिसमिल्लाह खान, सत्यजीत रे, राजीव गाँधी, नाना जी देशमुख, प्रमुख राजनीतिविद प्रणव मुखर्जी, भूपेन हजारीका, सचिन तेन्दुलकर समेत अन्य को बारी.बारी से दिया गया है। किशोर कुमार के अनुरागियों का यह प्रश्न यह है कि किशोर कुमार जी की बहुमुखी प्रतिभा किसी से छुपी नहीं उनमें कला के सार्वभौमिकता (वर्सटैलिटी) की झल कियां हम सबके सर आंखों पर हैं , संगीत जगत के दिग्गजों ने भी उनकी बेमिसाल प्रतिभा को काफी सराहा। 'भारत रत्न' सम्मान देने की मांग को लेकर पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान और प्रदर्शन महान कलाकार को मरणोत्तर 'भारत रत्न' सम्मान देने की मांग को लेकर पिछले चार सालों से देश के विभिन्न संगठनों किशोर कुमार मेमोरियल कल्चरल एसोसिशन सालकिया, हावडा , पश्चिम बंगाल के तत्वावधान में 04 अगस्त , 2018 को विशाल पदयात्रा निकाली गयी, फिर किशोर कुमार आल इंडिया ग्रुप, ऑल इंडिया किशोर कुमार लवर्स तथा किशोर कुमार फैन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में16 एवं 17 दिसम्बर, 2018 को दिल्ली के पीएम कार्यालय के पास, लालकिला के बाहर, इंडिया गेट परिसर में बैनर के साथ किशोर कुमार के प्रशंसकों ने प्रदर्शन, देश के भिन्न शहरों में हस्ताक्षर अभियान चलाया एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग रखी गयी। केन्द्र सरकार से हमारी मांग है कि बिना राजनीति और जाति भेद से उपर उठकर इस महान कलाकार को अविलम्ब उक्त सम्मान देकर हम भारतवासियों को गौरवान्वित करे ।

# सिकंदर डायरेक्टर ने सलमान पर लगाए लेट आने के आरोप

राष्ट्रीय खबर




**नईदिल्ली**:सलमान खान ने हाल ही में सिकंदर के डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें उन पर सेट पर देरी से आने के आरोप लगाए गए थे। सलमान ने कहा कि अगर उनके लेट आने से फिल्म फ्लॉप हुई तो उनकी अगली फिल्म उससे भी बड़ी फ्लॉप क्यों थी। बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान के साथ स्टैंड अप कॉमेडियन रवि गुप्ता ने मंच शेयर किया। इस दौरान रवि गुप्ता ने पूछा कि उन्हें कौन सी फिल्में करने पर लगा कि ये क्या कर दिया। जवाब में सलमान ने निश्चय और सूर्यवंशम फिल्मों का नाम लिया। जब रवि ने हालिया फिल्म के बारे में पूछा तो सलमान ने कहा, 'नई में से कोई नहीं है। लोग कहते हैं सिकंदर, पर मैं नहीं मानता। उसका प्लॉट पहुंच अच्छा था।' आगे सलमान ने सिकंदर डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के लेट आने वाले आरोप पर तंस कसते हुए कहा, 'लेकिन क्या है 'लेकिन क्या है न मैं सेट पर रात के 9 बजे पहुंचता था, तो उसमें गड़बड़ हो गई। मेरी पसलियां टूटी थी, जो हमारे डायरेक्टर (एआर मुरुगादॉस) साहब हैं उन्होंने ये कहा। लेकिन उनकी पिक्चर (मधरासी) अभी एक रिलीज हुई है।

## मनीष मल्होत्रा की पार्टी में नीता अंबानी का रॉयल लुक नजर आया

# 15 करोड़ के पर्स ने खींचा सबका ध्यान

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली**: डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया था। इस्मौके पर जहां कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने शिरकत की, वहीं नीता अंबानी ने अपने लुक से सभी का ध्यान ओर खींच लिया। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि सिर्फ उनका लुक ही नहीं, बल्कि उनके हाथ में नजर आ रहा पर्स भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा, जिसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपए बताई जा रही है।नीता अंबानी ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सिग्नेचर सिल्वर सीक्वेन साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर बारीक शेवरॉन डिटेलिंग थी, जो इसे और भी खूबसूरत बना रही थी। अपने लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने हार्ट शेप्ड कोलंबियाई पन्ना वाले झुमके और उससे मेल खाता हुआ पन्ना और हीरे का ब्रेसलेट पहना था। इसके साथ ही उन्होंने हर्मीस का एक स्पेशल एडिशन मिनी बिर्किन बैग कैरी किया था, जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपए है।वहीं, नीता अंबानी की बहू राधिका भी ऑफ वाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं। राधिका की साड़ी शीयर फैब्रिक की थी, जिसे मोतियों से सजाया गया था।

## प्रदेश >> अपडेट

### अमेरिका के निशाने पर अब चीनी एयरलाइंस

**अमेरिका**:चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद जारी है। टैरिफ युद्ध के बीच एक नया मुद्दा सामने आ गया है। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक प्रस्ताव रखा, जिसमें चीन की एयरलाइंस कंपनियों को रूस के ऊपर से होकर अमेरिका आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस पर चीन की प्रमुख सरकारी एयरलाइंस ने कड़ी आपत्ति जताई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### दुनिया के सबसे उम्रदराज नेता फिर से चुनावी मैदान में

**याऊंडे :** कैमरून एक महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव हुआ, जिसने एक बार फिर वैश्विक सुर्खियाँ बटोरीं। यह चुनाव अफ्रीका के सबसे उम्रदराज नेता - और विश्व के सबसे वृद्ध वर्तमान राष्ट्रपति - पॉल बिया को और सात साल के लिए अपनी सत्ता की बागडोर संभालने का अवसर दे सकता है। यदि बिया इस चुनाव में विजयी होते हैं, तो 92 वर्ष की वर्तमान आयु वाले यह नेता, अपने कार्यकाल के अंत तक 99 वर्ष के हो जाएंगे। विश्लेषकों और राजनीतिक पंडितों ने बड़े पैमाने पर मौजूदा राष्ट्रपति पॉल बिया की जीत की भविष्यवाणी की है, जो कैमरून की राजनीतिक स्थिरता (या कुछ लोगों के अनुसार, जड़ता) को दर्शाती है। बिया पहली बार 1982 में कैमरून के पहले राष्ट्रपति अहमदौ आहिदजो के इस्तीफे के बाद सत्ता में आए थे। तब से, लगभग चार दशकों से अधिक समय से वह देश पर शासन कर रहे हैं। इस लंबी अवधि में, बिया को लगातार सात चुनावों में विजेता घोषित किया गया है, जो उनकी पार्टी की मजबूत पकड़ और विपक्ष की कमजोर स्थिति को दर्शाती है। 1960 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से कैमरून ने केवल दो ही नेताओं का शासन देखा है, जो इस मध्य अफ्रीकी राष्ट्र में सत्ता के केंद्रीकरण की कहानी कहता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हमास ने घुटनों पर बिठाकर मारे 8 लोग

**गाजा** :गाजा शांति प्रस्ताव मिस्र की धरती पर पारित हो गया है। इसमें अमेरिका, तुर्की और मिस्र और कतर शामिल थे। इसके अलावा अन्य कई देशों ने सहमति जताई और इजरायल भी राजी है। सीजफायर का ऐलान हो चुका है और हमास ने हथियार छोड़न पर सहमति जताई है। फिर भी जमीन पर ऐसा होता नहीं दिख रहा है। हमास का एक नया वीडियो सामने आया है, जो सोमवार की शाम का बताया जा रहा है। इसमें दिखता है कि हमास के हथियारबंद कमांडर 8 लोगों को घुटनों पर बिठाकर गोली मार देते हैं। इन लोगों के हाथ बंधे होते हैं और उनकी आंखों पर भी पट्टी बांध दी जाती है। इसके बाद उन्हें घुटनों पर बैठने के लिए मजबूर किया जाता है।

### डोनाल्ड ट्रंप को अब भी सता रही ब्रिक्स की टेंशन

**नईदिल्ली** :भारत, रूस, चीन और ब्राजील जैसी दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं का मंच ब्रिक्स हमेशा से अमेरिका के लिए टेंशन की वजह रहा है। इससे डोनाल्ड ट्रंप अब भी उबर नहीं पाए हैं और उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि की है। उनका कहना है कि ब्रिक्स ब्लॉक डॉलर पर सीधा हमला है। इसीलिए उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ टैरिफ ऐक्शन लिया है। वाइट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि अब ऐक्शन के बाद से ब्रिक्स के मेंबर देश ग्रुप ही छोड़कर भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक नई व्यवस्था लाना चाहते थे ताकि अमेरिकी डॉलर को रिप्लेस किया जा सके।ट्रंप ने कहा, 'मैं साफ कहा कि जो भी ब्रिक्स जॉइन करना चाहता है कर ले, लेकिन हम उन पर टैरिफ लगाते रहेंगे। इसके डर से सारे निकल गए। अब वे लोग ब्रिक्स से बाहर निकल रहे हैं।

---

**आरोप** | फ्रांस और ईरान के बिगड़े कूटनीतिक संबंधों का असर दिखा

# दो फ्रांसीसी नागरिकों को जासूसी के आरोप में सजा

- सेसिल कोहलर और जैक्स पेरिस, 2022 से ईरान की हिरासत में हैं
- इजराइल विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर गिरफ्तार किया गया था

राष्ट्रीय खबर




**दुबई:** मंगलवार को अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फारस ने बताया कि एक ईरानी निचली अदालत ने दो फ्रांसीसी नागरिकों को जासूसी के गंभीर आरोपों में लंबी जेल की सजा सुनाई है। इन दोनों पर फ्रांस और इजराइल दोनों के लिए जासूसी करने का आरोप था। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब केवल एक सप्ताह पहले ही पेरिस और तेहरान के बीच इन नागरिकों की रिहाई को लेकर बातचीत में कुछ प्रगति के संकेत मिले थे, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। सजा पाने वाले फ्रांसीसी नागरिक, सेसिल कोहलर और उनके साथी जैक्स पेरिस, 2022 से ईरान की हिरासत में हैं। वे वर्तमान में ईरान में हिरासत में लिए गए एकमात्र फ्रांसीसी नागरिक हैं। हालाँकि, राहत की खबर के तौर पर, इस साल गिरफ्तार किए गए एक 18 वर्षीय फ्रांसीसी-जर्मन साइकिल चालक, लेनार्ट मोंटेरलॉस को पिछले सप्ताह जासूसी के आरोपों से बरी होने के बाद रिहा कर दिया गया था। अदालत द्वारा सुनाई गई सजाएं अत्यंत कठोर हैं। पहले फ्रांसीसी नागरिक को फ्रांस के लिए जासूसी करने के लिए छह साल की सजा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने की साजिश के आरोप में पाँच साल। इजराइली खुफिया सेवाओं की सहायता करने के लिए सबसे लंबी सजा, 20 साल का कारावास। दूसरे फ्रांसीसी नागरिक को फ्रांस के लिए जासूसी करने के लिए 10 साल। राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने की साजिश के आरोप में पाँच साल। इजराइली खुफिया सेवाओं की सहायता करने के लिए 17 साल की जेल।

दोनों दोषी, जिनके नाम अदालत ने स्पष्ट रूप से नहीं बताए, उनके पास अपनी सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार सुरक्षित है। फ्रांस ने इन गिरफ्तारियों को लेकर ईरान की तीखी आलोचना की है। फ्रांस का आरोप है कि ईरान ने कोहलर और पेरिस को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया है, उन्हें तेहरान की कुख्यात एविन जेल में यातना के समान परिस्थितियों में रखा गया है, और उन्हें उचित कांसुलर सुरक्षा की अनुमति नहीं दी गई है।

---

दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत को चुनौती देने के लिए ईडी को अंतिम अवसर दिया

# अब तक नौ बार स्थगन के बाद अदालत का कड़ा रुख

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मिली जून 2024 की जमानत को चुनौती देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को नौ बार के स्थगन के बाद एक अंतिम अवसर दिया है।


केजरीवाल की कानूनी टीम ने ईडी पर जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से याचिकाओं को वापस लेना और उन्हें कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जोड़ने वाले ठोस सबूतों की कमी को उजागर करना शामिल है। इस मामले का समाधान आप की गति और दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में केजरीवाल की भूमिका को प्रभावित कर सकता है, जबकि पीएमएलए के सख्त जमानत मानदंडों और राजनीतिक रूप से संवेदनशील जाँचों में उनके उपयोग पर तनाव को भी उजागर कर सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग वाली अपनी याचिका पर बहस करने का आखिरी और अंतिम अवसर दिया। अदालत का यह निर्देश राउज एवेन्यू जिला अदालत द्वारा जारी 20 जून, 2024 के जमानत आदेश को ईडी की चुनौती पर सुनवाई के दौरान आया। पीठ ने गौर किया कि ईडी ने पहले नौ बार स्थगन की मांग की थी।

---

कटक ज़िले के आठगढ़ क्षेत्र में 15 फुट लंबा अजगर बचाया गया

# कटक के वन विभाग के कर्मचारियों का सफल अभियान

राष्ट्रीय खबर



**भुवनेश्वर:** ओडिशा के कटक ज़िले के आठगढ़ क्षेत्र में मंगलवार का दिन वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के लिए एक रोमांचक और राहत भरा रहा, जब इस इलाके में 15 फुट लंबे एक विशालकाय अजगर को सफलतापूर्वक बचाया गया। यह विशालकाय सरीसृप उस समय स्थानीय लोगों की नजरों में आया, जब वह जे के लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री के मुख्य गेट के पास आराम कर रहा था। यह घटना आठगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खुंटुनी पुलिस स्टेशन की सीमा के पास हुई। रोजमर्रा की तरह जेके लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री में अपनी ड्यूटी के लिए पहुँच रहे कर्मचारियों ने सबसे पहले इस विशालकाय अजगर को देखा। सांप की विशालता को देखकर वे आश्चर्यचकित रह गए। रिपोर्टों के अनुसार, अजगर उस समय किसी बड़े जानवर (संभवतः बकरी, हिरण या कोई बड़ा पालतू जानवर) को निगल चुका था और अब उसे धीरे-धीरे पचाने की कोशिश कर रहा था। भारी भोजन के कारण वह अपनी सामान्य फुर्ती खो चुका था और फैक्ट्री के गेट के पास स्थिर पड़ा हुआ था। कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझा। किसी भी तरह की दुर्घटना या वन्यजीव को नुकसान न पहुँचे, यह सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने तुरंत स्थानीय खुंटुनी वन विभाग को इस विशालकाय साँप के बारे में सूचित किया।

---

जेन जेड की भेंट चढ़ गयी एक और अफ्रीकी देश की सरकार

# मैडागास्कर में राष्ट्रपति गये और सेना ने नियंत्रण लिया

राष्ट्रीय खबर




**केप डाउन:** मैडादमैडागास्कर में मंगलवार को सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया। यह कार्रवाई तब हुई जब राष्ट्रीय असेंबली ने राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना के खिलाफ महाभियोग पारित कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को जेन जेड के नेतृत्व में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों से समर्थन मिला। 25 सितंबर को शुरू हुए इन विरोध प्रदर्शनों के बाद, राजोएलिना पर लगातार पद छोड़ने का दबाव बढ़ रहा था। राष्ट्रपति ने झुकने से इनकार कर दिया था और कथित तौर पर देश से बाहर, किसी अज्ञात सुरक्षित स्थान पर चले गए थे। हालांकि, इस सप्ताहांत कैपसैट नामक एक विशिष्ट सैन्य इकाई ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करना शुरू कर दिया। कैपसैट के कमांडर कर्नल माइकल रंद्रियानिरिना ने राष्ट्रपति महल में एक बयान पढ़ा, जिसमें घोषणा की गई कि उनकी इकाई अब सत्ता संभालेगी। उन्होंने कहा कि एक शासी समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें सेना, जेंडरमेरी (अर्धसैनिक पुलिस बल) और राष्ट्रीय पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। रंद्रियानिरिना ने पुष्टि की, हमने सत्ता ले ली है।

---

पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तालिबान से भीषण झड़प

# तालिबान सैन्य चौकी छोड़कर भाग गये: पाकिस्तान

राष्ट्रीय खबर



**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनावग्रस्त सीमा पर मंगलवार रात एक बार फिर खूनी संघर्ष भड़क उठा। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम ज़िले से सटी सीमा पर अफगान तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सेना के जवानों के बीच देर रात भीषण गोलाबारी और लड़ाई हुई। यह गंभीर झड़प सीमा पर बढ़ती अस्थिरता और द्विपक्षीय संबंधों में गहराते अविश्वास को दर्शाती है।

संघर्ष की शुरूआत तब हुई जब तालिबान से जुड़े तत्वों और पाकिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से संबद्ध लड़ाकों ने कथित तौर पर पाकिस्तानी ठिकानों पर अचानक और बिना किसी उकसावे के गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तानी अधिकारी इन हमलावर गुटों को फि तना अल-खवारिज नामक एक समूह से जोड़कर देखते हैं, जो उनकी नजर में इस्लामी कानूनों से भटके हुए विद्रोही हैं। गोलीबारी के जवाब में पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की, जो अत्यंत प्रभावी रही। पाकिस्तान टेलीविजन न्यूज के सूत्रों के अनुसार, इस भारी लड़ाई में तालिबान की कई अग्रिम चौकियाँ, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकाने और कम से कम एक टैंक बुरी तरह से नष्ट हो गए। पाकिस्तानी सेना के कठोर प्रतिरोध के सामने टिक न पाने के कारण तालिबान लड़ाके अपने ठिकाने छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

---

**शांति** | अब गाजा जितना आसान नहीं होगा ब्लादिमीर पुतिन को समझाना

# यूक्रेन में शांति की राह और भी कठिन है

- अमेरिकी हस्तक्षेप से रूसी आक्रमण का अंत हो
- ट्रंप के पास उपलब्ध विकल्प और 'कार्ड' अब सीमित हो चुके हैं

राष्ट्रीय खबर



**वाशिंगटन:** यूक्रेन और पूरे यूरोप के लिए यह महीनों से एक बड़ी उम्मीद रही है कि अमेरिकी हस्तक्षेप से रूसी आक्रमण का अंत हो। यह उम्मीद तब और बलवती हो गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल की संसद, क्नेसेट में अपने उत्साही भाषण के दौरान स्पष्ट किया कि यूक्रेन में एक दुर्लभ शांति प्राप्त करना उनकी अगली उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस लक्ष्य को हासिल करने में उनके विशेष दूत, स्टीव विटकॉफ, भी पूरी तरह से लगे हुए हैं। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए ट्रंप ने जो कूटनीतिक और दबाव के तरीके अपनाए, उनमें से बहुत कम ही रूस के यूक्रेन पर लगभग चार साल से चल रहे आक्रमण को रोकने के लिए कारगर साबित हो सकते हैं। गाजा के मामले में, ट्रंप एक ऐसे सहयोगी (इजराइल) को युद्ध रोकने के लिए मनाने में सफल रहे, जो सैन्य और आर्थिक रूप से अमेरिका पर निर्भर था। इसके विपरीत, रूस संयुक्त राज्य अमेरिका का एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्वी रहा है और वह अपनी ताकत के लिए मुख्य रूप से अमेरिका के मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन पर निर्भर है। यह मूलभूत अंतर यूक्रेन में शांति स्थापित करने की प्रक्रिया को गाजा से कहीं अधिक जटिल बना देता है। विश्लेषकों का मानना है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संबंध में ट्रंप के पास उपलब्ध विकल्प और 'कार्ड' अब सीमित हो चुके हैं। वह पहले ही रेड कार्पेट स्वागत, व्यक्तिगत आकर्षण और आर्थिक दबाव जैसी रणनीतियों को आजमा चुके हैं, लेकिन इनका वांछित प्रभाव नहीं पड़ा है। हाल ही में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पिछले सप्ताह ट्रंप के साथ दो बार बात की। इन वाताओं के दौरान, जेलेंस्की ने एक महत्वपूर्ण संकेत दियाः उन्होंने सुझाव दिया कि शक्तिशाली टोमाहॉक मिसाइलों का उपयोग रूस पर शांति के लिए दबाव बनाने के लिए एक प्रभावी तरीका हो सकता है। यह मिसाइलें लंबी दूरी तक मार करने की क्षमता रखती हैं, जिससे रूस के आंतरिक बुनियादी ढांचे को खतरा पैदा हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ये मिसाइलें यूक्रेन को भेजेंगे, तो उनका जवाब सावधानी भरा था। उन्होंने कहा, हम देखेंगे... मैं शायद भेजूं। ट्रंप का यह अनिर्णायक रुख एक तरफ जेलेंस्की के लिए उम्मीद जगाता है, वहीं दूसरी तरफ यह दशार्ता है कि पुतिन को झुकाना उनके लिए गाजा की तरह सीधा सौदा नहीं होगा।

---

## पेज एक का शेष

### नीतीश ने चिराग को दिया .. .. .. ..

कुशवाहा को अपनी पार्टी के हिस्से की महुआ सीट चिराग पासवान की पार्टी को दिए जाने से आपत्ति है, जिसके विरोध में उन्होंने दिल्ली जाकर अमित शाह से मिलने का निर्णय लिया और कहा कि एनडीए में जो फैसले लिए जा रहे हैं, उन पर कुछ पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने भी चिराग पासवान को मिली मखदुमपुर सीट पर अपना उम्मीदवार उतारने की धमकी दी है। यह तनाव 2020 के विधानसभा चुनाव की याद दिलाता है, जब चिराग पासवान की पार्टी ने अलग चुनाव लड़कर जेडीयू को दर्जनों सीटों पर नुकसान पहुँचाया था। इस बार, हालांकि चिराग एनडीए का हिस्सा हैं, लेकिन नीतीश कुमार के आक्रामक रुख ने गठबंधन की एकजुटता को खतरे में डाल दिया है।

### भारतीय नौसेना को कोको द्वीप .. .. ..

और क्षमताओं पर नजर रखने के लिए कर रहा है। ये पनडुब्बियाँ भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कोको द्वीप का स्थान रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील है; यह आंध्र प्रदेश के रामबिली नौसैनिक अड्डे के लगभग समान अक्षांश पर स्थित है, जहाँ भारतीय परमाणु पनडुब्बियाँ तैनात हैं। इस द्वीप पर एक इलेक्ट्रॉनिक खुफिया श्रवण चौकी की स्थापना से चीन को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं।

सितंबर में, भारतीय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दूसरी वार्षिक रक्षा वार्ता के लिए म्यांमार की यात्रा की थी। वहाँ म्यांमार सैन्य टुकड़ी (सैन्य जुंटा) ने उन्हें आश्वासन दिया था कि कोको द्वीप समूह में एक भी चीनी नागरिक मौजूद नहीं है, जिससे चीनी जासूसी अड्डे की स्थापना के आरोपों का खंडन किया गया। हालाँकि, म्यांमार की सेना ने नई दिल्ली के उस महत्वपूर्ण अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जिसमें भारतीय नौसेना को कोको द्वीप की यात्रा करने और मौके का निरीक्षण करने की अनुमति माँगी गई थी।

### हमास ने आठ लोगों को मौत .. .. .. ..

बनाया है जो संघर्ष के दौरान मजबूत हुए थे।

युद्धविराम लागू होने के बाद, हमास सुरक्षा बल सड़कों पर लौट आए हैं, अन्य सशस्त्र समूहों के साथ झड़पें कर रहे हैं, और उन लोगों को मार रहे हैं जिन्हें उन्होंने गैंगस्टर करार दिया था। हमास इस कार्रवाई को इजराइली सैनिकों के हटने के बाद खाली हुई जगहों पर नियंत्रण बहाल करने के प्रयास के रूप में देखता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हमास ने कुछ बहुत ही खतरनाक गिरोहों का सफाया किया है और कहा, सच कहूँ तो, इससे मुझे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। हालाँकि, उन्होंने हमास से हथियार डालने की अपनी माँग दोहराई और चेतावनी दी, वे निरस्त्रीकरण करेंगे, और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो हम उन्हें निरस्त्रीकरण करेंगे, और यह जल्दी और शायद हिंसक तरीके से होगा। उन्होंने निरस्त्रीकरण के तरीके या समय सीमा के बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। हमास का यह शक्ति प्रदर्शन युद्धविराम के लिए खतरा बन सकता है।

### खुद कहीं से चुनाव नहीं लड़ेंगे.. .. .. ..

प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि किशोर ने चुनावी मैदान में उतरने से पहले ही जन सुराज पार्टी के लिए हार स्वीकार कर ली है क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उन्हें अपमानजनक हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने किशोर पर तंज कसते हुए कहा कि किशोर का टायर पंक्चर हो गया है और राजनीति राजनीतिक दलों को परामर्श देने जितना आसान नहीं है।

भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव से पहले ही किशोर का बुलबुला फूट गया। जेडीयू प्रवक्ता ने इस फैसले को उनकी पार्टी के कार्यकताओं के लिए अपमानजनक बताया और आरोप लगाया कि वह चुनावी जंग से पहले ही भाग गए हैं।

### ईडी ने उनकी पत्नी की संपत्ति .. .. ..

शेयरधारक बनीं, ताकि करोड़ों रुपये की कमाई को कानूनी बैंकिंग चैनलों के माध्यम से वैध आय के रूप में दिखाया जा सके। इसके अलावा, पवार की दो बेटियों (श्रुतिका और रेवती) और सास का नाम भी इस पैसे की हेराफेरी में शामिल है। ईडी के अनुसार, महिला रिश्तेदारों के नाम पर संपत्तियों के पंजीकरण का दोहरा उद्देश्य थाः लाभकारी नियंत्रण को छिपाना और धन के लिए दस्तावेजी प्रविष्टियाँ प्रदान करना।

उदाहरण के लिए, एंटोनोव में, जहाँ भारती और उनकी बेटियों ने 1.3 करोड़ रुपये का योगदान चेक से दिखाया, वहीं ईडी ने पाया कि अनिल पवार ने अमोल पाटिल के माध्यम से 3.9 करोड़ रुपये नकद डाले थे। ईडी के अनुसार, पवार ने पारिवारिक व्यवसाय के छद्म रूपों का उपयोग किया, जहाँ जनार्दन एग्रो जैसी मामूली दुकान को भी 20 ?25 लाख रुपये सालाना लाभ कमाते हुए दिखाया गया ताकि आय को वैध दिखाया जा सके।

### वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में बनाये .. .. ..

'नेचर कम्युनिकेशंस' में प्रकाशित इस अध्ययन के मुख्य लेखक, शुआई फू कहते हैं, हमारा मस्तिष्क बहुत बड़ी मात्रा में डेटा संसाधित करता है। लेकिन इसकी बिजली की खपत बहुत, बहुत कम है, खासकर चैटजीपीटी जैसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल को चलाने के लिए लगने वाली बिजली की तुलना में।

मानव शरीर उल्लेखनीय विद्युत दक्षता के साथ काम करता है - यह एक विशिष्ट कंप्यूटर सर्किट की तुलना में 100 गुना से अधिक कुशल है। अकेले मस्तिष्क में अरबों न्यूरॉन्स होते हैं, जो पूरे शरीर में विद्युत संकेत भेजने और प्राप्त करने वाली विशेष कोशिकाएँ हैं। यूमैस एमहर्स्ट में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर और पेपर के वरिष्ठ लेखक, जून याओ कहते हैं, कृत्रिम न्यूरॉन्स के पिछले संस्करणों में हमारे द्वारा बनाए गए न्यूरॉन की तुलना में 10 गुना अधिक वोल्टेज - और 100 गुना अधिक बिजली - का उपयोग होता था। याओ कहते हैं, अब हमारा न्यूरॉन केवल 0.1 वोल्ट दर्ज करता है, जो हमारे शरीर के न्यूरॉन्स के लगभग समान है।

### सीबीआई ने अफसर को पकड़ा .. .. .. ..

के सूत्रों के अनुसार, एनएचआईडीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी को मंगलवार शाम एक सुनियोजित जाल बिछाकर तब पकड़ा गया, जब वह एक प्रमुख राजमार्ग निर्माण परियोजना से संबंधित प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत ले रहे थे। यह रिश्वत असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के डेमो से मोरन बाईपास तक चार लेन के चौड़ीकरण के लिए समय विस्तार (ईओटी) और परियोजना पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के बदले में कथित रूप से मांगी गई थी।

गिरफ्तारी के तुरंत बाद, सीबीआई ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, आरोपियों के आवासों और कार्यालयों सहित पूरे भारत में सात स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस छापेमारी का सबसे चौंकाने वाला खुलासा अधिकारी के गुवाहाटी स्थित आवास से हुआ, जहाँ से सीबीआई को 2.62 करोड़ रुपये की भारी नकदी बरामद हुई।

प्रारंभिक जाँच में, कार्यकारी निदेशक की आय से अधिक संपत्ति का व्यापक नेटवर्क भी सामने आया है। सीबीआई के अधिकारियों ने अब तक आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर पूरे देश में पंजीकृत नौ भूखंडों और 20 अपार्टमेंटों की पहचान की है। इसके अतिरिक्त, तलाशी के दौरान कई महंगी गाड़ियाँ और संपत्ति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

यह मामला विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसके बाद सीबीआई ने समन्वित तरीके से जाल बिछाकर अधिकारी और निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अब तक जब्त की गई चल और अचल संपत्तियों के वास्तविक स्वामित्व और बाजार मूल्य को सत्यापित करने के लिए गहन जाँच जारी है।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरूवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
16/10/2025

## नए थाना प्रभारी का स्वागत

रांचीः पंडरा ओ पी थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी फैज रब्बानी ने बुधवार को जैसे ही पदभार संभाला, उसके दूसरे दिन बुक्के देकर एवं आदिवासी परिया(गमछा) ओढकर उनका गर्मजोशी से आदिवासी एकता कमिटी दहिसोत बनहोरा व पंडरा एवं 21 पड़हा सोहराई जतरा समिति दहिसोत बनहोरा की टीम ने स्वागत व अभिनंदन किया।

गलत इनपुट

### फर्जी बिल बनाकर लिया 44 करोड़ का गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट

# 250 करोड़ के फर्जी जीएसटी बिल घोटाले में बोकारो का व्यापारी प्रतीक कलबलिया गिरफ्तार

- कई कंपनियों के नाम पर दिखाया कागजी व्यापार
- फर्जी कंपनी का गठन
- आईटीसी का गलत लाभ
- सरकार को आर्थिक नुकसान

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** जीएसटी खुफिया निदेशालय की टीम ने 250 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी बिल घोटाले में बोकारो के व्यापारी प्रतीक कलबलिया को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रतीक कलबलिया ने अपने और अपने भतीजे के नाम पर कई फर्जी कंपनियां बनाकर गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट यानी आईटीसी का लाभ उठाया। जांच में पाया गया कि उसने कंटेनेबल इंटरप्राइजेज नाम की कंपनी के जरिये 16 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी लिया। इस कंपनी में किसी वेद प्रकाश अग्रवाल को डमी निदेशक बनाकर फर्जी जीएसटी बिल तैयार किया गया था। इसके अलावा प्रतीक ने अपने भतीजे दीपक कलबलिया के नाम पर बनी एक अन्य कंपनी से भी नौ करोड़ पचास लाख रुपये का गलत आईटीसी लिया। जीएसटी खुफिया टीम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि प्रतीक कलबलिया ने बासुकी नाथ स्टील, रानी सती इंटरप्राइजेज समेत कई अन्य फर्जी कंपनियां बनाकर करीब 44 करोड़ रुपये का गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया है। प्रतीक इन कंपनियों के नाम पर स्टील, स्क्रैप और अन्य वस्तुओं की काल्पनिक बिक्री दिखाया करता था जबकि वास्तव में किसी भी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति नहीं की जाती थी। उसने केवल कागजों पर व्यापार दिखाकर सरकार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। जीएसटी विभाग ने प्रतीक कलबलिया से जुड़ी सभी कंपनियों के वित्तीय अभिलेख और लेन-देन की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में प्रतीक ने फर्जी जीएसटी बिल तैयार करने वाले बड़े गिरोह से जुड़े होने की बात कबूल की है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रतीक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# एसीबी की रडार पर स्निग्धा सिंह, कोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत की गुहार




- वन भूमि खरीद-बिक्री मामला
- स्निग्धा ने मांगी अग्रिम जमानत
- गुरुवार को होगी सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी की टीम ने वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री और म्यूटेशन घोटाले की जांच के सिलसिले में आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को आरोपी बनाया है। हजारीबाग में विनय चौबे के उपायुक्त रहने के दौरान इस पूरे प्रकरण को अंजाम दिए जाने का आरोप है। एसीबी ने स्निग्धा सिंह को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे अब तक एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुईं। इस बीच स्निग्धा सिंह ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी हजारीबाग एसीबी विशेष अदालत में दायर की है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। स्निग्धा सिंह एसीबी के कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं। एसीबी के अनुसार, जिस जमीन को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है वह विनय सिंह और स्निग्धा सिंह के नाम पर है। यह भूमि हजारीबाग के सदर अंचल क्षेत्र के थाना नंबर 252 में स्थित है, जिसमें खाता नंबर 95 के प्लॉट नंबर 1055, 1060 और 848 का कुल रकबा 28 डिसमिल और खाता नंबर 73 के प्लॉट नंबर 812 का रकबा 72 डिसमिल बताया गया है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भूमि बभनवे मौजा के हल्का नंबर 11 में स्थित है और फिलहाल इस पर नेक्सजेन नामक ऑटोमोबाइल शोरूम संचालित है। एसीबी का मानना है कि भूमि की खरीद-बिक्री और म्यूटेशन की प्रक्रिया में कई स्तरों पर नियमों का उल्लंघन किया गया है। एजेंसी अब इस बात की भी जांच कर रही है कि इस अवैध सौदे में सरकारी अधिकारियों की क्या भूमिका रही। स्निग्धा सिंह की अग्रिम जमानत पर अदालत का फैसला इस मामले में आगे की कार्रवाई को दिशा देगा।

# बार काउंसिल चुनाव में नामांकन शुल्क बढ़ाने के फैसले को चुनौती

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने झारखंड समेत दूसरे स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में नामांकन शुल्क को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार रुपए कर दिया है। इस फैसले अधिवक्ता धीरज कुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कोर्ट को बताया है कि नामांकन शुल्क की अप्रत्याशित बढ़ोतरी अनुचित है। उन्होंने इस फैसले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आग्रह किया है। उनकी याचिका पर आज जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। अब 6 नवंबर को होगी सुनवाई।सुनवाई के दौरान बार काउंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले पर 17 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लंबित है। लिहाजा, उनके आग्रह को स्वीकर करते हुए जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 6 नवंबर निर्धारित की है।दरअसल, अधिवक्ता धीरज कुमार ने याचिका में इस बात का जिक्र किया है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा नामांकन शुल्क को 10 गुणा से ज्यादा बढ़ाने से आम अधिवक्ता चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित हो जाएंगे और केवल पूंजीवादी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस फैसले से आम अधिवक्ताओं के राजनैतिक अधिकार का भी हनन होगा। गौर करने वाली बात ये है कि नामांकन शुल्क नॉन रिफंडेबल है। इससे स्टेट बार काउंसिल के चुनाव अधिवक्ताओं की लोकतांत्रिक भागीदारी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति के चुनाव में भी अधिकतम 15 हजार रुपए का नामांकन शुल्क लगता है।

# जेल में ही बीतेगी विनय सिंह की दीवाली बेल पर सुनवाई दो सप्ताह बाद

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**आईएएस विनय चौबे के डीसी रहते हुए हजारीबाग में वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियम विरुद्ध म्यूटेशन कराने से जुड़े मामले में जेल में बंद ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की दीवाली जेल की सलाखों के पीछे ही बीतेगी। दरअसल विनय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान एसीबी ने कोर्ट में केस डायरी पेश नहीं की। जिसके बाद कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 29 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। विनय सिंह की ओर से अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने बहस की। विनय सिंह जिस मामले में हजारीबाग जेल में बंद हैं, उस मामले में सितंबर महीने प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 11/2025 दर्ज की है। इससे पहले विनय सिंह झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे। लेकिन ट्रायल कोर्ट ने उन्हें राहत दे दी थी।

# शहर की सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें बंद

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रोशनी के त्योहार दीपावली और लोक आस्था के पर्व छठ से पहले ही राजधानी की सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। रांची नगर निगम क्षेत्र के कई इलाकों में या तो स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं या फिर लगी ही नहीं हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार रांची रोशनी में नहाएगा या अंधेरे में डूबा रहेगा?मोरहाबादी, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, महुआ टोली समेत कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद हैं। लोगों को रात में गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। आने वाले दिनों में जब छठ पूजा के दौरान मोहल्लों से हजारों श्रद्धालु तालाबों की ओर जाएंगे, तब यह अंधेरा बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है।नगर निगम के कर्मचारियों से बात करने पर पता चला कि फिलहाल लाइट का स्टॉक खत्म हो चुका है, जिस वजह से मरम्मत और नए लाइट लगाने का काम रुका हुआ है। कुछ जगहों पर तो पुराने खंभों में भी अस्थायी तरीके से लाइट फिट की जा रही है। ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर भी स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतें सबसे ज्यादा दर्ज हो रही हैं। इसके बावजूद निगम की कार्रवाई सुस्त दिख रही है।अब देखना यह है कि क्या आने वाले दिनों में नगर निगम रांची को जगमग कर पाएगा या फिर इस बार दीपावली और छठ का पर्व अंधेरे में मनाना पड़ेगा।

# रांची में दिनदहाड़े फायरिंग, कारोबारी को मारी गई आधा दर्जन गोलियां

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** राजधानी के कटहल मोड़ में अपराधियों ने दुःसाहस दिखाते हुए एक कारोबारी को दिनदहाड़े कई गोलियां मारी। अपराधियों की गोलीबारी में घायल कारोबारी राधेश्याम साहू को पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि राधेश्याम साहू हर दिन की तरह अपनी दुकान शांभवी इंटरप्राइजेज के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। दिनदहाड़े फायरिंग होने की वजह से थोड़ी देर के लिए कटहल मोड़ के पास हड़कंप मच गया। राधेश्याम साहू को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने किसी तरह घायल राधेश्याम को अस्पताल पहुंचाया। आपको बता दें कि राधेश्याम साहू कटहल मोड़ में छड़ और सीमेंट का कारोबार करते हैं।दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की सूचना मिलते ही रांची के ग्रामीण एसपी, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी और पुंदाग ओपी प्रभारी भी मौके पर पहुचे। पुलिस की टीम ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मौके पर एफएसएल की टीम से भी जांच करवाई गई है। पुलिस की टीम को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा है, जिसमें अपराधी नजर आए हैं।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। कारोबारी को दलादली ओपी क्षेत्र के कटहल मोड़ के पास अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई। दलादली ओपी के प्रभारी सत्यप्रकाश ने मंगलवार को ही अपना पदभार संभाला है, पदभार संभालने के दूसरे ही दिन अपराधियों ने बड़ी चुनौती दे डाली है।

# पटाखों से सजा बाजार ! 20% तक बढ़ी कीमतें, ग्रीन क्रैकर्स की मांग में इजाफा








राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**दीपावली का पर्व रोशनी, मिठास और खुशियों के साथ-साथ पटाखों की चमक के बिना अधूरा माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी राजधानी रांची के बाजारों में एक से बढ़कर एक पटाखों की रौनक दिखाई दे रही है। मोरहाबादी मैदान में जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार इस वर्ष भी विशेष पटाखा बाजार सजाया गया है। सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय गाइडलाइनों का पालन करते हुए यहां पटाखों की दुकानें लगाई गई हैं। फायर सेफ्टी, बालू और पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। पटाखा विक्रेताओं का कहना है कि इस बार बाजार में कई बड़े ब्रांड के ग्रीन और इको-फ्रेंडली पटाखे उपलब्ध हैं। पिछले दो वर्षों से ग्रीन पटाखों का चलन बढ़ा है। इस वर्ष भी ग्राहकों की पहली पसंद यही बन रहे हैं।विक्रेताओं के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार पटाखों की कीमतों में 15 से 20 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। इसके बावजूद दीपावली के जोश में कमी नहीं है। ग्राहकों का कहना है कि कीमतें बढ़ी जरूर हैं, लेकिन त्योहार पर थोड़े बहुत पटाखा फोड़ना तो बनता ही है।कंपनियों ने इस साल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कम धुआं और कम आवाज वाले पटाखे बनाए हैं। ये ग्रीन श्रेणी में आते हैं और वातावरण को कम नुकसान पहुंचाते हैं। साथ ही बच्चों के लिए भी बाजार में सुरक्षित और रंगीन पटाखों की विशेष रेंज उपलब्ध है। विक्रेताओं का कहना है कि बच्चों के लिए ऐसे पटाखे तैयार किए गए हैं, जिनसे किसी भी प्रकार की चोट या प्रदूषण की संभावना बेहद कम है।फिलहाल पटाखा बाजार में भीड़ थोड़ी कम है, लेकिन दुकानदारों को उम्मीद है कि दीपावली नजदीक आने के साथ ही ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी। मोरहाबादी का यह पटाखा बाजार इन दिनों रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक पैकेजिंग से दमक रहा है। पटाखों के शौकीनों के लिए यहां हर तरह की वैरायटी मौजूद है। पारंपरिक फुलझड़ी से लेकर नए डिजाइन वाले इको-फ्रेंडली क्रैकर्स तक। दीपावली की तैयारी के बीच राजधानी रांची का पटाखा बाजार इस समय पूरी तरह सज-धज कर त्योहार का स्वागत करने को तैयार है।